श्रावण शुक्ल पक्ष अष्टमी 9:31 उपरांत नवमी, विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मंगलवार, 13 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 268, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



फाइनल में पहुंचीं अमांडा-जेसिका 13
कैंसर का दौर बहुत कठिन था : मनीषा कोइराला 14

उपहार ही उपहार - पाठक पुरस्कार योजना ...
योजना में शामिल होने की जानकारी पेज नं. 3 पर देखें

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती फुटवियर, पर्स, साड़ियां, लेडीज सूट, ड्रेसेज
SELECTION POINT
The Complete Family Store
7 DAYS OPEN
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# बांग्लादेश में दंगाइयों ने भारतीय सेना की जीत का स्मारक तोड़ा

## कांग्रेस नेता शशि थरूर ने साझा की तस्वीर, अंतरिम सरकार से हालात संभालने की अपील

ढाका/नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट होने के बाद दंगाइयों और उपद्रवी अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले तो कर ही रहे हैं, मुक्ति संग्राम का इतिहास बताने वाली ऐतिहासिक निशानियों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। दंगाइयों ने 1971 के युद्ध के बाद पाकिस्तान सेना के आत्मसमर्पण वाली मूर्तियों को भी नष्ट कर दिया। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने इन तस्वीरों को ट्वीट करते हुए कहा कि बांग्लादेश की आजादी के उपलक्ष्य में बनाई गई एक मूर्ति को भारत विरोधी उपद्रवियों ने नष्ट कर दिया है।

कांग्रेस सांसद ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, '1971 के शहीद स्मारक परिसर, मुजीबनगर में भारत विरोधी उपद्रवियों द्वारा नष्ट की गई मूर्तियों की ऐसी तस्वीरें देखकर दुख हुआ। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर भारतीय सांस्कृतिक केंद्र, मंदिरों और हिंदू घरों पर हमलों के बाद इसे भी निशाना बनाया गया।' शशि थरूर ने मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली नई कार्यवाहक सरकार से कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया।

बता दें कि 1971 के युद्ध ने न केवल बांग्लादेश को आजाद कराया, बल्कि पाकिस्तान को भी करारा झटका दिया था। जीत का प्रतीक बनी प्रतिमा में पाकिस्तानी सेना के मेजर जनरल नियाजी द्वारा भारतीय सेना और बांग्लादेश की मुक्ति वाहिनी को समर्पण पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए दर्शाया गया है। मेजर-जनरल नियाजी ने अपने 93,000 सैनिकों के साथ भारत के पूर्वी कमान के तत्कालीन जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह सबसे बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण था।

बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व में हुए विद्रोह के कारण पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित उनके मंत्रियों, शीर्ष अधिकारियों को इस्तीफा देना पड़ा था। वह आनन-फानन में भागकर भारत पहुंचीं।


पहले
अब

### गृह मामलों के सलाहकार सखावत हुसैन ने अल्पसंख्यकों से मांगी माफी



**ढाका।** बांग्लादेश में गृह मामलों के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (रिटायर्ड) एम सखावत हुसैन ने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने में नाकामी पर माफी मांगी है। उन्होंने कहा, 'मैं अपने अल्पसंख्यक भाइयों से माफी चाहता हूं। भाई हमें माफ करें। अभी भी हमारे यहां हालात अस्थिर हैं। हम हर जगह आपको सुरक्षा नहीं दे पाए। कुछ जगहों पर सिविल सोसाइटी के लोगों ने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा दी है। पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स की हालत अभी भी अच्छी नहीं है, लेकिन हालात सुधरेंगे।'

### लेखकों-शिक्षाविदों ने संसद को पत्र लिखकर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** लेखकों, शिक्षाविदों और नागरिक समाज के प्रतिष्ठित लोगों के एक समूह ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए एक खुला पत्र लिखा है। उन्होंने भारतीय संसद से सांप्रदायिक हिंसा की निंदा करते हुए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया है। पत्र में लेखक अमीश त्रिपाठी, अश्विन सांघी, अभिषेक बनर्जी, राजीव मंत्री, स्मिता बरुआ और सुप्रीम कोर्ट के वकील जे.साई दीपक शामिल हैं। पत्र में कहा गया है, 'हम संसद से बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ जारी हिंसा को मान्यता न देने और सांप्रदायिक हिंसा की इस लहर की निंदा करने के लिए एक प्रस्ताव पारित करने का आग्रह करते हैं।' इसमें कहा गया है कि बांग्लादेशी अधिकारियों पर दबाव डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतर्राष्ट्रीय निकायों के साथ संपर्क करें।

# आईआईटी कानपुर पांचवां सर्वश्रेष्ठ संस्थान, पहले पर मद्रास काबिज

नई दिल्ली, एजेंसी

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क 2024 (एनआईआरएफ) की सूची जारी कर दी है। देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान का ताज आईआईटी मद्रास के सिर लगातार छठी बार बंधा है। वहीं, भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बेंगलुरु को भी लगातार नौवीं बार सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय चुना गया है। इस सूची में संपूर्ण श्रेणी में आईआईएससी बेंगलुरु दूसरे स्थान पर और आईआईटी मुंबई तीसरे स्थान पर रहा है। वहीं, कानपुर आईआईटी पांचवें स्थान पर तो आईआईटी रुड़की आठवें पायदान पर रहे। देश के शीर्ष दस संस्थानों में आठ आईआईटी के साथ नई दिल्ली स्थित एम्स और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) हैं।

विश्वविद्यालय श्रेणी में आईआईएससी बेंगलुरु टॉप पर रहा, जबकि जेएनयू दूसरे और जामिया मिलिया इस्लामिया तीसरे स्थान पर रहा। वहीं बीएचयू, वाराणसी पांचवें पायदान पर रहा। इंजीनियरिंग कॉलेजों की सूची में शीर्ष दस संस्थानों में नौ आईआईटी शामिल हैं। प्रबंधन संस्थानों की बात करें तो आईआईएम अहमदाबाद ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज और मिरांडा हाउस ने भी कॉलेज श्रेणी में एक दूसरे का स्थान ले लिया है। अब हिंदू कॉलेज शीर्ष पर है। विधि संस्थानों में नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी बेंगलुरु शीर्ष पर।

कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में शिक्षा के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली पहले स्थान पर है। बरेली स्थित आईवीआरआई पांचवें पायदान पर है। एनआईआरएफ रैंकिंग में उच्च शिक्षा संस्थानों की भागीदारी 2016 में 3,565 से बढ़कर 2024 में 10,845 हो गई है, जिसमें श्रेणियों और विषय डोमेन की संख्या 2016 में चार से बढ़कर 2024 में सोलह हो गई है।

### एनआईआरएफ रैंकिंग-2024




- विश्वविद्यालय श्रेणी में बीएचयू पांचवें नंबर पर, तो ओवरऑल रैंकिंग में आईआईटी रुड़की को आठवां स्थान
- रैंकिंग में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में आईवीआरआई पांचवें स्थान पर

### टॉप-10 में उत्तर प्रदेश की धाक

ओवरऑल रैंकिंग में आईआईटी कानपुर पांचवें नंबर पर रहा। इंजीनियरिंग श्रेणी के तहत शीर्ष संस्थान में भी आईआईटी कानपुर पांचवे पायदान पर रही, जबकि आईआईटी-बीएचयू वाराणसी को दसवां स्थान मिला। शीर्ष प्रबंधन संस्थानों की सूची में आईआईएम लखनऊ सातवें पायदान पर रहा। विश्वविद्यालय श्रेणी में बीएचयू वाराणसी पांचवें और एएमयू अलीगढ़ आठवें नंबर पर रहा।

### आर्किटेक्चर श्रेणी में आईआईटी रुड़की प्रथम

समग्र श्रेणी में शीर्ष 10 संस्थानों में आईआईटी रुड़की आठवें पायदान पर रहा। इंजीनियरिंग श्रेणी में आईआईटी रुड़की छठे नंबर पर रही, जबकि आर्किटेक्चर और प्लानिंग श्रेणी के तहत शीर्ष संस्थानों में आईआईटी रुड़की पहले नंबर पर काबिज है।

## एक नजर

### प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़कर 6.93 लाख करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में 11 अगस्त तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 22.48% बढ़कर 6.93 लाख करोड़ रुपये हो गया। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार संग्रह में 4.47 लाख करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर संग्रह और 2.22 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर संग्रह है। प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) से 21,599 करोड़ रुपये एकत्र हुए, जबकि अन्य करों से सरकार को 1,617 करोड़ की कमाई हुई। इस साल 1 अप्रैल से 11 अगस्त के बीच 1.20 लाख करोड़ के रिफंड जारी हुए, जो 33.49% की वृद्धि है।

### यूजीसी-नेट परीक्षा दोबारा ही होगी, याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित रूप से प्रश्नपत्र लीक होने के बाद यूजीसी-नेट (राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा) परीक्षा रद करने के सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली कुछ परीक्षार्थियों की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस पर इस समय सुनवाई करने से अव्यवस्था पैदा होगी।

### बिहार: वक्फ की जमीन पर बनेंगे मैरिज हॉल

**पटना।** बिहार सरकार सुन्नी और शिया वक्फ बोर्ड के तहत पंजीकृत संपत्तियों के विकास के लिए बहुउद्देशीय भवन, विवाह भवन, बाजार परिसर और अन्य संरचनाओं के निर्माण की तैयारी कर रही है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने कहा कि सरकार ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में 21 नए मदरसे स्थापित करने का भी निर्णय लिया है। खान ने बताया कि पटना, पूर्णिया, कैमूर, कटिहार, किशनगंज, नवादा और सीवान में 2023-24 में बहुउद्देश्यीय भवन, बाजार परिसर और पुस्तकालय के निर्माण के लिए दस परियोजनाएं प्रस्तावित की गई थीं।

# खुदरा महंगाई पांच साल के निचले स्तर पर 3.54%

नई दिल्ली, एजेंसी

इस वर्ष जुलाई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई पांच वर्ष के निचले स्तर 3.54 प्रतिशत पर आ गई, जबकि पिछले वर्ष जुलाई में यह 7.44 प्रतिशत पर रही थी और इस वर्ष जून में यह 5.08 प्रतिशत पर थी।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार महंगाई में यह गिरावट बेहतर बेस इफेक्ट की वजह से आई है। जुलाई में खुदरा महंगाई अगस्त 2019 के बाद के निचले स्तर पर आई है। जुलाई में ग्रामीण इलाकों में महंगाई 4.1 प्रतिशत रही, जबकि जून में 5.66 प्रतिशत थी। इसी तरह से जुलाई में शहरी इलाकों में महंगाई 2.98 प्रतिशत रही, जबकि जून में 4.39 प्रतिशत थी। जुलाई में खाद्य महंगाई दर 5.42 प्रतिशत रही, जबकि जून में 9.36 प्रतिशत थी। इस वर्ष जुलाई में अनाज की महंगाई 8.14 प्रतिशत रही, जबकि जून में 8.75 प्रतिशत थी। इसी प्रकार से जुलाई में दालों की महंगाई 14.77 प्रतिशत रही, जबकि जून में 16.07 प्रतिशत थी।

**जून में औद्योगिक उत्पादन 4.2% बढ़ा:** सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार जून महीने में औद्योगिक उत्पादन 4.2 प्रतिशत बढ़ा। एक साल पहले इसी अवधि में इसमें 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।


- बेहतर बेस इफेक्ट की वजह से खुदरा मुद्रास्फीति में आई गिरावट

# 121 इंस्पेक्टर बनेंगे सीओ, इसी माह डीपीसी

डीपी शुक्ल, लखनऊ

**अमृत विचार:** शासन में इसी माह 121 इंस्पेक्टरों की डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी (डीपीसी) की बैठक होने की संभावना है। इसके लिए पुलिस मुख्यालय के कार्मिक विभाग ने कागजी कार्रवाई पूरी कर ली है। पिछले दिनों हुई डीपीसी में 82 पुलिस उपाधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर प्रमोट हुए थे। उपाधीक्षकों के पदोन्नति होने पर उतनी ही संख्या में उक्त पद रिक्त हो गया है, जिसकी पूर्ति के लिए इसी अगस्त माह में डीपीसी होनी है। इसके अलावा 1998 बैच के नागरिक पुलिस के उपनिरीक्षक और 2001 बैच के प्लाटून कमांडर यानी 39 इंस्पेक्टरों को मिलाकर कुल 121 इंस्पेक्टर इसी माह प्रमोट होकर पुलिस उपाधीक्षक बन जाएंगे।

जानकारी के अनुसार 1998 और 2001 बैच के कुल 121 इंस्पेक्टरों के प्रमोशन की फाइल विगत दिनों डीजीपी मुख्यालय ने शासन को भेजी थी, जिसे शासन ने राज्य लोकसेवा आयोग को भेज दिया था।

एक वरिष्ठ पुलिस अफसर के अनुसार कुछ कमी होने के कारण राज्य लोकसेवा आयोग से वापस आई इंस्पेक्टरों के प्रमोशन की फाइल में कमी को दूरकर उसे दोबारा शासन को भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में डीपीसी होने की पूर्ण संभावना है।


- पत्रावली में कमी होने पर आयोग ने फाइल की थी वापस

### 24 पीपीएस बनेंगे आईपीएस, फाइल भारत सरकार को भेजी

1996 बैच के प्रांतीय पुलिस संवर्ग (पीपीएस) के 24 अधिकारियों के प्रमोशन की फाइल गृह मंत्रालय भारत सरकार को भेज दी गई है। चर्चा है कि 24 पदों के सापेक्ष 72 पात्र अफसरों की सूची भारत सरकार को भेजी गई है। इनकी डीपीसी अगस्त के आखिरी सप्ताह में होने की उम्मीद है यानी इसी माह 24 पीपीएस अधिकारियों के आईपीएस बनने का रास्ता साफ हो जाएगा। हालांकि इसी बैच के कुछ ऐसे भी पीपीएस अफसर हैं, जो अपनी आयु पूर्ण कर बिना प्रमोशन के ही सेवानिवृत्त हो जाएंगे। वैसे विभाग में पीपीएस के 31 पद रिक्त हो रहे हैं। पीपीएस अधिकारियों के विलंब से प्रमोशन होने से खफा एसोसिएशन के अध्यक्ष शशि शेखर सिंह का कहना है कि पीपीएस के अफसरों के पदोन्नति में बरती जा रही शिथिलता के कारण निराशा है।

# अभिनेता राजपाल यादव की करोड़ों की संपत्ति सील

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने फिल्म अभिनेता राजपाल यादव की शाहजहांपुर स्थित करोड़ों रुपये की संपत्ति सील कर दी है। राजपाल ने फिल्म अता-पता लापता बनाने के लिए बैंक से कर्ज लिया था, जिसे वह समय रहते नहीं चुका पाए। दो दिन पहले मुंबई से पहुंचे बैंक अधिकारियों ने सेठ इंक्लेव स्थित संपत्ति सील कर दी।

सेंट्रल बैंक के अधिकारियों ने बताया कि कई साल पहले राजपाल यादव ने मुंबई की बांद्रा शाखा से पिता नौरंगी लाल के नाम से करोड़ों रुपये कर्ज लिया था। समय सीमा में कर्ज न चुकाने पर बैंक की ओर से उन्हें कई नोटिस दिए गए, लेकिन उन्होंने ऋण नहीं चुकाया। बैंक ने अन्य स्तर से भी प्रयास किए लेकिन ऋण की अदायगी नहीं हो सकी। अंत में बैंक ने संपत्ति सील करने का निर्णय लिया।

दो दिन पहले मुंबई से सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के अधिकारी शाहजहांपुर पहुंचे और कार्रवाई शुरू कर दी थी। रविवार को उन्होंने प्रॉपर्टी पर बैंक का बैनर लगा दिया। इसमें लिखा है कि यह संपत्ति सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया मुंबई की है। इस जमीन की खरीद-फरोख्त न की जाए। हालांकि यह बैनर सोमवार को नजर नहीं आया।


- सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से लिया कर्ज न चुकाने पर हुई कार्रवाई

# इंजीनियरिंग की छात्रा का अपहरण, कार में दुष्कर्म

संवाददाता, आगरा

- आरोपी सीनियर छात्र के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया

**अमृत विचार:** सिकंदरा थाना क्षेत्र में इंजीनियरिंग की छात्रा को अगवा कर चलती कार में दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी युवक ने दुष्कर्म के बाद छात्रा को अर्धनग्न अवस्था में कार से नीचे फेंक दिया। किसी प्रकार छात्रा थाने पहुंची और पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित छात्रा लखनऊ की रहने वाली है।

आगरा के खंदारी स्थित एक इंजीनियरिंग संस्थान में अध्ययन कर रही छात्रा ने पुलिस को बताया कि 10 अगस्त को गुरु का ताल गुरुद्वारे के नजदीक उसके सीनियर छात्र शिवांश ने जबरन उसे अपनी गाड़ी में बैठाया लिया, जिसमें पर्दे लगे थे। प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी ने दुष्कर्म के बाद पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी। सिकंदरा थाना के प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि छात्र और छात्रा दोनों के मोबाइल की लोकेशन की जांच की जा रही है और घटना से संबंधित अन्य साक्ष्यों को भी एकत्र किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटना के समय आरोपी की लोकेशन जम्मू में दिख रही है, जबकि युवती की लोकेशन उसकी बताई गई जगह पर ही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पहले भी दोनों के बीच विवाद हुआ था और लड़के ने लड़की के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन बाद में समझौता हो गया था।

# बिहार के सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में भगदड़, 7 कांवड़ियों की मौत

**जहानाबाद।** मखदुमपुर थाना क्षेत्र में सावन के चौथे सोमवार को श्रावणी मेले के दौरान बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में हुई भगदड़ में छह महिलाओं समेत सात लोगों की दबकर मौत हो गई। वहीं 25 अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि चौथी सोमवारी पर बराबर पहाड़ पर बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए रविवार देर रात श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान हुई भगदड़ में छह महिला समेत सात लोगों की दबकर मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव में जुट गई है।

**धोखाधड़ी का मायाजाल** प्रदेश में रोज दर्ज हो रहे 35-40 मामले, पिछले साल 12 हजार लोगों से हुई थी ठगी

# 55 माह में 50 हजार लोग हुए साइबर ठगी के शिकार

- मकड़जाल को तोड़ने के लिए बनाए जा रहे 55 साइबर थाने

इंद्रभूषण दूबे, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों का मकड़जाल राजधानी में ही नहीं, प्रदेश के हर जिले में फैला हुआ है। पिछले 55 माह में जालसाजों ने 50 हजार लोगों को अपना शिकार बना लिया। इनके खातों से करीब 450 करोड़ रुपये से अधिक की रकम साफ कर दी। प्रदेश में प्रतिदिन करीब 35-40 मामले दर्ज किए जा रहे हैं। साइबर ठगों के इस जाल को तोड़ने के लिए 55 साइबर क्राइम थाना बनाने के लिए सरकार ने आदेश दिया है।


अश्लील सामग्री के इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण से लेकर फिशिंग, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी और रैनसमवेयर हमलों तक पिछले एक दशक में प्रदेश में साइबर अपराध के चेहरे में बड़ा बदलाव आया है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार 2011 में साइबर अपराध के कुल 101 मामले दर्ज किए गए थे। इसमें अधिकांश अश्लील सामग्री के इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण से संबंधित थे।

साइबर अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश 2011 में छठवें स्थान पर था। एक दशक बाद 2021 में 8829 मामले दर्ज हुए। तो प्रदेश दूसरे स्थान पर पहुंच गया। एक दशक में साइबर अपराध करने वाले करीब 14 हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं, करीब 34 हजार मामलों में आरोप पत्र दाखिल किए गए। 2024 में अब तक करीब 245 करोड़ रुपये की हेराफेरी साइबर ठगों ने की है।

### 4 वर्ष 7 माह में दर्ज हुए 48,973 मामले

प्रदेश के साइबर क्राइम थानों और स्थानीय थाने में पिछले 4 साल 7 माह में कुल 48,973 मामले दर्ज किए गए है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2020 में 11097, 2021 में 8829, 2022 में 10117, 2023 में 11997 और वर्ष 2024 में 31 जुलाई तक कुल 6,933 मामले दर्ज किए गए। पुलिस ने पीड़ितों के खाते से गई रकम में पिछले वर्ष 13,98,46,267 रुपये फ्रीज कराए। वहीं, ठगों को गिरफ्तार करने के बाद पीड़ितों के खाते में 22,84,89,762 रुपये वापस कराए। इसी तरह 2024 में 36,02,50,579 (इसमें एकेटीयू के बैंक खाते से गायब 120 करोड़ रुपये शामिल नहीं) रुपये फ्रीज कराए। आरोपियों को दबोचने के बाद 14,53,13,1288 रुपये वापस कराए।



### सर्वाधिक लखनऊ व सबसे कम आगरा में दर्ज हुए मामले

प्रदेश के साइबर क्राइम थानों और पुलिस थानों में दर्ज मामलों के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2023 में सबसे ज्यादा मामले लखनऊ में 1273, इसके बाद मेरठ जोन 1211 और बरेली जोन में 1143 मामले दर्ज किए गए। वहीं, प्रदेश में सबसे कम साइबर अपराध वाले जिलों में आगरा 242, प्रयागराज 399 और वाराणसी 392 मामले दर्ज किए गए। 2024 तके 31 जुलाई तक लखनऊ में 640 और बरेली जोन में 624 मामले दर्ज हुए। वहीं सबसे कम वाराणसी में 173 मामले दर्ज किए गए हैं।

# शिवालयों में गूंजे बोल बम हर-हर महादेव के जयघोष

## सावन के चौथे सोमवार दिन भर निकले कांवड़ियों के जत्थे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बाबा बनखंडीनाथ मंदिर में शिवार्चन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आदिदेव महादेव के प्रिय श्रावण मास का उल्लास और मस्ती दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। चौथे सोमवार को भी बाबा के भक्तों में गजब की श्रद्धा दिखाई पड़ी। महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे सभी अपने आराध्य के आनंद में डूबे रहे। मंदिरों में जलाभिषेक और बेलपत्र चढ़ाने के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालु बड़े अनुशासित ढंग से पूजा का थाल लिए लाइन में अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहे। शिवालयों में ॐ नमः शिवाय की ध्वनि गुंजायमान होती रही। वहीं, भजनों का भी बोलबाला रहा।

सावन के चौथे सोमवार को भी पूरा वातावरण शिवमय रहा। बाजारों से लेकर घरों तक भोले बाबा का गुणगान ही सुनाई दे रहा है। सुबह भोले बाबा के भक्तों ने स्नानादि से निवृत्त होकर मंदिर की ओर रुख किया। बेलपत्र, पुष्प, फल, मिष्ठान, रोली, चंदन, अक्षत, भांग, धतूरा आदि से सुसज्जित पूजा का थाल हाथों में लिए श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचते रहे। प्रमुख मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही। सुबह से लेकर दोपहर तक मंदिरों में हजारों श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर रोली, चंदन लगाकर बेलपत्र, पुष्प, फल, मिष्ठान, भांग-धतूरा और दक्षिणा अर्पित कर आरती की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पुवायां मार्ग पैना बुजुर्ग स्थित श्री त्रिलोकीनाथ शिव मंदिर में हजारों महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने अपने आराध्य देव का पूजन किया। यहां मंदिर के बाहर मुख्य मार्ग और खेतों तक लंबी कतार लगी रही। वहीं, महानगर स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर, बाबा बनखंडीनाथ मंदिर, बाबा चौकसीनाथ मंदिर, रेती स्थित बाबा मनोकरण मंदिर, हनुमतधाम मंदिर आदि शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। इसी तरह गली-मोहल्लों के छोटे-छोटे मंदिरों में भी भोलेबाबा के जयघोष गूंजते रहे। घरों में पार्थिव शिवलिंग का पूजन कर भजन-कीर्तन होते रहे।

● **सुभाष चौराहा और बरेली मोड़ पर हुए भंडारे, फलाहार भी बांटा**



बाबा विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



सुभाष चौराहा पर भजनों पर डांस करते भोले बाबा के भक्त। ● अमृत विचार



जलाभिषेक के लिए लगी भक्तों की लंबी कतार। ● अमृत विचार



ट्रैक्टर पर तिरंगा और धार्मिक ध्वज लगाकर गोला के लिए निकलते श्रद्धालु।



भंडारा में पेट पूजा करते कांवड़िया और अन्य श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### कांवड़ियों में दिखा जबरदस्त उत्साह



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** महानगर में कांवड़ियों के जत्थे सुबह से देर रात तक छोटी काशी गोला में गंगा जल से अभिषेक करने के लिए उमड़ते रहे। विश्राम स्थल सुभाष चौराहा (हथौड़ा चौराहा) रहा, जो दोपहर बाद से पूरी रात भोले बाबा के भजनों और जयकारों से गूंजता रहा। सोमवार को सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, मेटाडोर, दो पहिया वाहनों से श्रद्धालु गोला गोकर्णनाथ के लिए कूच करते रहे। चौराहे पर दिनभर लोगों ने भंडारे लगाए और फल वितरित किए।

## एक नजर

### शिव मंदिर का जीर्णोद्धार कराए जाने की मांग

**शाहजहांपुर।** शहर के मोहल्ला ग्वालटोली दिलाजॉक कैंट में स्थित शिव मंदिर का मोहल्लेवासियों ने जीर्णोद्धार कराए जाने की मांग कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से की है। मोहल्ले के लोगों ने मंत्री को दिए गए पत्र में कहा है कि यहां कई श्रद्धालु पूजा करने आते हैं। मंदिर की छत जर्जर स्थिति में है, जिससे भविष्य में कोई दुर्घटना हो सकती है। दिए गए पत्र में संजय यादव, राजेश, धर्मेंद्र सक्सेना, रोहित, धर्मपाल, विनोद, सुरेंद्र कुमार, अर्जुन सिंह , शेरू यादव आदि के हस्ताक्षर हैं।

### शिव भक्तों का स्वागत आज

**शाहजहांपुर।** महानगर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की ओर सें आज हथौड़ा चौराहा पर निकलने वाले कांवडियों, शिवभक्तों का स्वागत किया जाएगा। जानकारी महानगर अध्यक्ष अफजाल हुसैन खां ने दी।

### सामूहिक राष्ट्रगान कल

**शाहजहांपुर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस बार भी खिरनीबाग रामलीला मैदान में कल 14 अगस्त को शाम 5 बजे से सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन स्वाभिमान प्रहरी सेवा समिति की ओर से कराया जा रहा है। जानकारी समिति अध्यक्ष/आयोजक राजकमल बाजपेयी ने दी।

### दंपती के खिलाफ रिपोर्ट

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के लोधीपुर निवासी रूबी ने बताया कि पड़ोसी तरन्नुम से पुरानी रंजिश चल रही है। पांच अगस्त की शाम सात बजे आरोपी तरन्नुम व उसका पति मुकीम उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला को पीटकर घायल कर दिया। आरोपियों ने उसे धमकी दी कि जान से मारकर गायब कर देंगे। पुलिस ने दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## आरुष, सिद्रा, बंटी ने जीती मानस अंताक्षरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ग्लेरिंग पब्लिक स्कूल में सोमवार को संत तुलसीदास जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर गोष्ठी और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष शुक्ला ने गोस्वामी तुलसीदास के चित्र के समक्ष दीप जलाकर और माल्यार्पण कर किया गया। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस से पहले के ग्रंथ देववाणी संस्कृत में होने के कारण जनसाधारण में इतने प्रचलित नहीं हो सके। गोस्वामी जी ने रामचरितमानस के माध्यम से समाज में नई चेतना का जागरण किया। इस मौके पर हुई मानस अंताक्षरी प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में आरुष ने प्रथम, प्रांचल ने द्वितीय और ध्रुव शुक्ला ने तृतीय, जूनियर वर्ग में सिद्रा ने प्रथम, सूर्यांश ने द्वितीय, आदिव ने तृतीय, प्राइमरी वर्ग में बंटी ने प्रथम, सक्षम ने द्वितीय, अर्चना ने तृतीय स्थान पाया। शिक्षिका अंतिमा गौतम के संचालन में चले कार्यक्रम में आशु पांडेय, तान्या, प्रियांशु, आयुष गुप्ता, आहिल समेत स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।






## भोलेश्वर नाथ धाम में जलाभिषेक कर मांगी मनौती

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सावन माह में शिवालयों में ओम नम : शिवाय की गूंज के साथ हजारों लाखों की तादाद में शिव भक्त अपनी श्रद्धा के अनुसार जलाभिषेक व रुद्राभिषेक कर रहे हैं। खास बात यह है, कि जिस दिन सावन का महीना खत्म हो रहा है, उस दिन भी दिन सोमवार ही है। थाना रोजा क्षेत्र की आदर्श नगर कॉलोनी मालगोदाम रोड़ पर स्थित भोलेश्वर नाथ धाम में सुबह से ही भक्तों का जन सैलाब देखने को मिला है। रोजा क्षेत्र के आसपास मठिया कॉलोनी, बल्लिया, व आदर्श नगर कॉलोनी के छोटे बच्चों से लेकर महिलाएं व बड़े बुजुर्गों ने भी सावन शुरू होते ही भोलेनाथ की अर्चना वंदना बेल पत्री व जलाभिषेक करके अपनी मन्नतों को मांगा है।

### पटना देवकली शिव मंदिर में उमड़े भक्त

**कलान, अमृत विचार :** दैत्य गुरु शुक्राचार्य की तपोभूमि पटना देवकली शिव मंदिर पर जलाभिषेक के लिए भोर से ही दूरदराज से श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। सूर्य निकलते ही मंदिर के दोनों गेट पर श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें लग गईं। श्रद्धालुओं को मंदिर पहुंचने में घंटों का समय लगा। मंदिर में अष्टमुखी शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर मनौतियां मांगी। मंदिर परिसर में जयकारे की गूंज रही। शिवभक्तों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से थाना प्रभारी प्रभाष चंद, उपनिरीक्षक संजीव तोमर समेत पुलिस बल तैनात रहा।



शिव मंदिर में जलाभिषेक करते शिवभक्त। ● अमृत विचार

## जिज्ञासाओं और रहस्यों से सदैव भरा रहा है अंतरिक्ष

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में सोमवार को अंतरिक्ष एवं भारत विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई की जयंती पर आयोजित गोष्ठी में भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष शिशिर शुक्ला ने कहा कि अंतरिक्ष सदैव से ही जिज्ञासाओं, संभावनाओं एवं रहस्यों से भरा रहा है। आध्यात्मिक एवं पौराणिक मान्यताओं से लेकर विज्ञान की कसौटी पर निरीक्षण करने तक भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक लंबी यात्रा तय की है।

शिशिर शुक्ला ने कहा कि भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर प्रगति की ओर कदम बढ़ाए हैं। वैश्विक पटल पर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। पिछले वर्ष सूर्य और चंद्रमा के अध्ययन के लिए प्रक्षेपण यान भेजे जा चुके हैं। संयोजक राजनंदन सिंह राजपूत ने डॉ. विक्रम साराभाई के जीवनवृत एवं उपलब्धियों से विद्यार्थियों को परिचित कराया। वहीं, सहसंयोजक सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निरंतर हो रही प्रगति इस बात का संकेत है कि वह शीघ्र ही अंतरिक्ष पर्यटन का भी एक केंद्र बन जाएगा।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विचार प्रस्तुत किए, जिसमें कृष्णा चौहान को प्रथम, सोनिका को द्वितीय और मधु रस्तोगी तथा आरती कुशवाहा को तृतीय स्थान मिला। अमित गंगवार, प्रशांत शर्मा, सुधाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## भक्ति हुई पावन यहां गूंज उठा पुरधाम...

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



विधायक अरविंद सिंह का अभिनंदन करते सुंदर कांड पाठ समिति के पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** श्री सुंदर कांड पाठ समिति के तत्वावधान में रविवार रात चौक स्थित श्री राम जानकी मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती कवि गोष्ठी के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर ददरौल विधायक अरविंद सिंह का अभिनंदन भी किया गया।

पूर्व वैज्ञानिक जनपद रत्न डॉ. सुरेश मिश्र की अध्यक्षता में कवि गोष्ठी का प्रारंभ कवियत्री सरिता वाजपेयी साक्षी ने मां शारदे की वंदना से किया। सरिता वाजपेयी ने काव्यपाठ करते हुए कहा- भक्ति हुई पावन यहां गूंज उठा पुरधाम, रोम रोम में बस गए तुलसी के हिय राम। डॉ. इंदु अजनबी ने गोस्वामी जी को याद करते हुए कहा- राम को जिसने घर घर में पहुंचा दिया, राम से भी बड़े मुझको तुलसी लगे। सुदर्शन वर्मा सलिलेश ने कहा- तैर नहीं सकते तो बहते जाना सीखो, बहने में सलिलेश कहीं प्रतिबंध नहीं है। दीपक कंदर्प ने हास्य कविता सुनाते हुए कहा- चलने में निकल रहा दम, ग्रीश हुआ घुटनों का कम। अजय अवस्थी अनुरागी ने सुनाया- नहीं डूबने दिया किसी को जिस पर नाम तुम्हारा था, जो गहरे में बैठ रहा था वह पाषाण हमारा था।

वरिष्ठ कवि दिनेश रस्तोगी ने हास्य व्यंग्य सुनाते हुए कहा- दल नहीं दलदल है वो जिसका कोई झंडा न हो, वो मुकद्दर क्या कि मुर्गी हो मगर अंडा न हो। विवेक राज ने दोहे सुनाते हुए कहा- बातें दिन की भी सुनी सुना रात का मौन, असमंजस फिर भी रहा अधिक बोलता कौन। विवेक शर्मा ने अपनी बात इस तरह रखी- जब गंतव्य सिर्फ चलना हो, जीवन को गतिमय करना हो, तब यह प्रश्न व्यर्थ हो जाता, कितनी दूर और चलना है। अध्यक्ष डॉ. सुरेश मिश्र और डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र ने गोस्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इससे पहले संयोजक मनोज शर्मा गोपाल, मनोज शर्मा, हरिओम गुप्ता आदि ने मुख्य अतिथि विधायक अरविंद सिंह को शाल ओढ़ाकर, पगड़ी पहनाकर और प्रशस्ति पत्र भेंटकर अभिनंदन किया। विधायक ने कवियों को पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसी कड़ी में मंदिर प्रबंधक प्रदीप मेहरोत्रा को भी सम्मानित किया। आयोजन में राजेंद्र गुप्ता, सचेंद्र गुप्ता, सुशील अवस्थी, संजय वर्मा, विश्वनाथ वर्मा, प्रवेश रस्तोगी, डॉ. देशबंधु, गोविंद मेहरोत्रा, राजीव मेहरोत्रा, अशोक गुप्ता, ज्ञानेंद्र, अशोक कुमार गुप्ता, राम टंडन, राकेश त्रेहन समेत बड़ी संख्या में विशिष्टजन मौजूद रहे।

● **श्री राम जानकी मंदिर में काव्य गोष्ठी के रूप में मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास की जयंती**

### तुझको है शत-शत बार नमन



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** साहित्यिक संस्था प्रवाह की ओर से कवि चंद्रशेखर दीक्षित के आवास पर गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती गोष्ठी के रूप में मनाई गई। सभी ने तुलसीदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर महाकाव्य श्री रामचरितमानस का पूजन कर गोष्ठी का प्रारंभ किया। गोष्ठी में गीतकार कमल मानव ने कहा- जिसकी कविता विश्व में गूंजे आठों याम, अभियंता हनुमत सहित बसते सीताराम। कुलदीप दीपक ने सुनाया- हे ज्ञानपुंज हे तेजपुंज हे हुलसी के विरले नंदन, श्री रामचरितमानस के कवि तुझको है शत शत बार नमन। डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री ने कहा- श्री चरणों में दंडवत करती सरयू धार, राम रमापति जगत सुख अखिल विश्व आधार। व्यंगकार उमेश चंद्र सिंह ने सुनाया- सत्यहीन साधू बने रोगी ईश्वर भक्त, नारि कुरुपा ही रहे पतिव्रता हर वक्त। लोक गीतकार विजय ठाकुर ने सुनाया- मानता हूं तुम्हें रुक्मणी मिल गई, निश्चली आंख उनसे मिल पाओगे। सुशील विचित्र ने कहा- प्यासी बिलख रही मानवता अमृत पिला गए तुलसी, रामचरितमानस रच सारे जग को जगा गये तुलसी। इस मौके पर अरुण दीक्षित अभिज्ञ, चंद्रशेखर दीक्षित, डॉ. राजीव सिंह भारत, चंद्र मोहन पाठक आदि ने भी तुलसी को काव्यमय श्रद्धासुमन अर्पित किए। चंद्रशेखर दीक्षित ने आभार जताया।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# हर-हर महादेव के जयकारों के साथ किया जलाभिषेक

## सावन के चौथे सोमवार को सुबह से ही शिवालयों में जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

- श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक होने पर पुलिस की रही कड़ी सुरक्षा
- कछला गंगाघाट से लेकर बदायूं तक सड़क पर दिखे कांवड़िया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** केसरिया पहनावे में हर-हर महादेव की जय जयकार करते हुए कांवड़ियों का सैलाब सावन के चौथे सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़ गया। शहर के सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर तथा आसपास के इलाकों में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रही। लोगों की भीड़ को देखते हुए शिव मंदिरों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा।

सोमवार की सुबह चार बजे से ही शिव मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह छह बजे तक शहर के बिरुआबाड़ी, हर प्रसाद मंदिर और गौरी शंकर मंदिर में महिला व पुरुषों की लंबी लाइन लग गई। इस दौरान पूजा को पहुंचे महिला व पुरुष हर-हर महादेव तथा जय भोले शंकर का जयकारा लगाते रहे। सबसे पहले कांवड़ियों को जलाभिषेक के लिए मौका दिया गया।

इसके बाद लाइन में खड़े श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश कराया गया। हजारों की संख्या में पहुंचे शिवभक्तों ने लाइन में लगकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालु बेलपत्र, अक्षत, धूप, दूध तथा जल से पूजा अर्चना करने में जुटे रहे। बिरुआबाड़ी मंदिर, गौरी शंकर और हर प्रसाद मंदिर में श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ देखी गई। मंदिर के बाहर बेलपत्र,फूल, धतूरा आदि की दुकानें सजी हुई थी। जहां से श्रद्धालुओं ने खरीदारी कर भगवान शिव को उनकी प्रिय वस्तुओं को अर्पित किया।

**राजमार्ग पर दिन भर लहराता रहा केसरिया ध्वज :** सावन के चौथे सोमवार को शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। वहीं बरेली मथुरा राजमार्ग पर भी दिन भर केसरिया ध्वज थामे कांवड़ियों का रेला तेजी से शिव धामों की ओर बढ़ता दिखा। डीजे पर बज रहे शिव भजनों पर कांवड़िया शिव धामों की ओर बढ़ते दिखाई दिए। कांवड़ियों की संख्या अधिक होने की वजह से कछला से लेकर शहर तक जाम की स्थिति बनी रही। सुरक्षा को लेकर पुलिस बल भी मुस्तैद दिखाई दिया।

### सतर्क दिखे पुलिसकर्मी

सावन के चौथे सोमवार पर अधिक भीड़ जुटने की वजह से पुलिस कर्मी पूरे दिन सतर्क रहे। प्रशासनिक स्तर पर शहर के सभी शिव मंदिरों पर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। मंदिर परिसर के अलावा आसपास के इलाकों में पुलिस कर्मियों ने सतर्क निगाहों से नजर रखा। पूरे दिन मंदिरों में सुरक्षा को जवान तैनात दिखे।


बिरुआ बाड़ी मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


तिरंगा झंडा लगाकर जाते बाइक सवार कांवड़िया।


कांधे पर कांवड़ लेकर जाता कांवड़िया। ● अमृत विचार


बाइक से जाता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार



डीजे के साथ नाचते गाते शिव धाम की ओर बढ़ते कांवड़िया। ● अमृत विचार

## छात्रवृत्ति मास्टर डाटा पूर्ण

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में अन्य पिछड़ा वर्ग की पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति का डाटा बीस अगस्त तक पूर्ण किया जाएगा। यह तिथि शासन की ओर से निर्धारित कर दी गई है। पिछड़ा वर्ग अधिकारी से समय से डाटा पूर्ण करने के आदेश शिक्षण संस्थानों को दिए हैं।

## 25 तक किसान करा सकेंगे फसलों का बीमा

**बदायूं, अमृत विचार :** उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि खरीफ फसल के लिए बीमा कराने की तिथि शासन की ओर से बढ़ा दी गई है। किसान 25 अगस्त तक अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। बताया कि फसल बीमा के लिए शासन की ओर से इफको टोकियो जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी को नामित किया है। खरीफ मौसम के लिए बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई थी, जिसको शासन ने बढ़ाकर 25 अगस्त तक कर दिया है। बताया कि अब तक जिले के 19388 कृषकों द्वारा फसल बीमा कराया गया है।

# खाद बीज की छह दुकानें निलंबित, 18 को नोटिस

**बदायूं, अमृत विचार:** जिला कृषि अधिकारी ने छह बीज की दुकानें के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। साथ ही 18 दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

जिन दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया उन्हें चेतावनी भी दी है कि अगर उनके द्वारा उर्वरक बिक्री का स्टॉक रजिस्टर तथा अन्य व्यवस्थाओं को पूर्ण नहीं किया गया तो कार्रवाई की जाएगी। अभी कुछ दिनों पूर्व जिला कृषि अधिकारी डीके सिंह ने सहसवान, बिल्सी सदर तहसील क्षेत्र में संचालित खाद बीज की दुकानों पर छापा मारा था। इस दौरान कृषि अधिकारी को दिपांशु खाद बीज भंडार, कृष्णा खाद बीज भंडार इस्लामनगर, किसान सेवा केंद्र, गुप्ता खाद भंडार करनपुर, पाल बीज भंडार नागपुर स्थित दुकानें बंद मिलीं। इन दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। वहीं 18 दुकानों पर स्टाक रजिस्टर, रेट बोर्ड, बिक्री रजिस्टर अपूर्ण मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# ट्रैक्टर-ट्राली से टकराकर श्रद्धालु घायल

- कांवड़ियों के जत्थे आमने-सामने बिनावर थाने के सामने हंगामा

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** कांवड़ लेकर जा रहे कांवड़ियों को दूसरे जत्थे की ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी। जिससे डाक कांवड़ लेकर जा रहा एक कांवड़िया घायल हो गया। जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। गुस्साए साथी कांवड़ियों ने बिनावर थाने के गेट पर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने कांवड़ियों को शांत कराया।

बरेली जिले के थाना भोजीपुरा क्षेत्र के गांव ईदमाइदपुर निवासी कांवड़िया डाक कांवड़ लेकर वापस लौट रहे थे। साथ ही बरेली के थाना नवाबगंज क्षेत्र के एत्मादपुर के कांवड़ियों का जत्था डीजे लगे ट्रैक्टर-ट्राली से आया। डीजे लगे ट्रैक्टर-ट्राली से टकराकर डाक कांवड़ ले जा रहे अर्चित कुमार घायल हो गए।

इसके बाद कांवड़ियों के दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हंगामा की वजह से बरेली-मथुरा राजमार्ग पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। वाहनों की कतारें लग गईं। थाना बिनावर प्रभारी निरीक्षक ने कांवड़ियों के दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत शर्मा ने बताया कि हादसे में कांवड़िया घायल हुआ था। उसे हायर सेंटर भेजा गया है। कांवड़ियों को शांत कराकर भेज दिया। दोनों पक्ष अपने-अपने गंतव्य को रवाना हो गए।



हंगामा कर रहे कांवड़ियों को शांत कराते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# वार्डों में काट रहे मच्छर, मरीज परेशान

- जिला अस्पताल में सफाई के अभाव में बढ़ी गंदगी
- मरीजों को मिल रहीं बेड पर बिछाने को गंदी चादरें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को स्वास्थ्य विभाग खुद बीमारियां बांट रहा है। गंदगी के चलते मच्छर मरीजों को चैन से नहीं सोने दे रहे हैं। मरीजों को संक्रामक बीमारी होने का भय सता रहा है। वार्ड में गंदी चादर मरीज बेड से हटा कर फेंक रहे हैं और बिना बेडशीट के बेड पर लेटे हैं। इस अव्यवस्था के चलते मरीजों को दोहरी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

जिला अस्पताल में एक ओर तो मरीज गंदगी से जूझ रहे हैं, वहीं गंदगी के कारण वार्डों में मच्छर मरीजों को डंक मार रहे हैं। जिससे मरीजों को अब संक्रामक बीमारी का डर सताने लगा है। मरीजों ने बताया कि यहां पर बेड पर जो चादर डाली गई थीं वह गंदी और बदबूदार थीं इसलिए चादरों को बेड से हटा दिया है। वार्ड में फर्श पर सुबह को झाड़ू लगाई जाती है, लेकिन पोंछा नहीं लगता है, इसीलिए मक्खी मच्छर पनप रहे हैं। तीमारदारों ने बताया कि दोपहर में करीब एक घंटे बिजली गुल रही। जिससे मच्छरों ने बैठना मुश्किल कर दिया। हड्डी वार्ड में अधिक गंदगी है। मरीजों का कहना है कि सफाई कर्मचारी एक टाइम आता है। मलेरिया वार्ड में भी गंदगी है।


जिला अस्पताल के वार्ड में बिना बेडशीट के लेटे मरीज। ● अमृत विचार

> बारिश का मौसम है। मरीज और तीमारदार खुद ही वार्ड में खाने की वस्तुएं इधर उधर फेंक देते हैं जिससे मच्छर पनपते हैं। वार्ड में सुबह शाम को सफाई की जाती है। बिजली न आने से भी परेशानी होती है। सफाई वाले को हिदायत दी गई है।
> -डा. कप्तान सिंह - सीएमएस

## समाज कल्याण विभाग में लटके ताले, भटके फरियादी

**बदायूं, अमृत विचार:** विकास भवन स्थित समाज कल्याण विभाग में दोपहर तक ताले लटके रहे। इस कारण फरियादियों को मायूस होकर लौटना पड़ा।

सोमवार को राजकीय डिग्री कॉलेज में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन था। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण अधिकारी से लेकर लिपिक और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों तक की ड्यूटी लगाई गई। कार्यक्रम करीब एक बजे तक चला। इस दौरान कार्यालय में ताले लटके रहे। फरियादियों ने बताया कि उन्हें ऐसा पता होता तो आज नहीं आते। समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा ने बताया कि भारत सरकार का कार्यक्रम नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन था। जिसमें केंद्रीय मंत्री के साथ जिलाधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सभी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई थी। दोपहर बाद ऑफिस खोल दिया गया था।

**आयोजन** राजकीय महाविद्यालय में 'विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र' कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा बोले-

# नशे से मुक्ति पाकर विकसित भारत बनाने में करें योगदान

- छात्र-छात्राओं को नशा से दूर रहने के लिए दिलाई शपथ
- डीएम ने विद्यार्थियों से कहा नशे की दुष्परिणामों को जानें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को नशा मुक्त भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने और उससे होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया। साथ ही नशे का प्रयोग न करने की शपथ भी दिलाई। तथा अन्य लोगों को इसके प्रति जागरूक करने का आवाहन किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत के सभी जनपदों में संचालित है। इसके माध्यम से नशे से मुक्ति प्राप्त कर हम लोग विकसित भारत बनाने में अपना अमूल्य सहयोग दे सकते हैं। इस अभियान का शुभारम्भ 15 अगस्त,2020 को किया गया था। हम लोग इस वर्ष चौथी वर्षगांठ मना रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि यदि हम लोग इस कार्यक्रम को एक मिशन की तरह अपनाएं तो वह दिन दूर नहीं कि हमारा भारत देश, नशे से मुक्ति पा सकता है।

जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कहा कि उच्च संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थी सबसे अधिक नशे की लत में फंसे हैं, और अपना समस्त जीवन बर्बाद कर देते हैं। इस दौरान डीएम ने सभी विभागों एवं संस्थानों को नशा मुक्त कैम्पस घोषित करने को आदेशित किया। कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है इसका उन्मूलन समाज की सहभागिता से ही हो सकता है। इसके बाद केंद्रीय मंत्री, भाजपा जिला अध्यक्ष, डीएम, एसएसपी ब्रजेश कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। साथ नशा मुक्ति गैलरी का अवलोकन किया। हस्ताक्षर अभियान अंतर्गत हस्ताक्षर किए व अभियान से संबंधित उत्कृष्ट पोस्टर बनाने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र दिए व परिसर में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय एवं छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।


नशे से दूर रहने की शपथ दिलाते केंद्रीय मंत्री और डीएम, एसएसपी।

उपहार ही उपहार
पढ़ते रहिए ...
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
प्रिय पाठक ,
'उपहार ही उपहार' सुनिश्चित उपहार* योजना में भाग लेने के लिए आपको रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा।
निम्न जानकारी पूर्ण रूप से भरकर इसकी फोटो खींचकर हमें व्हाट्सएप करें मो. 6392828360
अपना नाम ............................................
मोबाइल नं. ............................................
पता ............................................
वितरक का नाम ............................................
एरिया ............................................
यह रजिस्ट्रेशन सिर्फ आज के दिन ही मान्य होगा।
अधूरी जानकारी देने पर रजिस्ट्रेशन निरस्त माना जायेगा।
देर किस बात की योजना में शामिल हो जाएं और पाएं सुनिश्चित उपहार*
* नियम शर्तें लागू।

## एक नजर

### बधौली गांव में काटे आम के पेड़, दो पर रिपोर्ट दर्ज

**बिल्सी, अमृत विचार :** बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव बधौली में सोमवार की सुबह गुपचुप तरीके से आम के दो हरे पेड़ों को काट लिया। वन रक्षक रामसिंह और शुंशाक कुमार ने बताया कि गांव के लोगों ने सूचना दी कि कृष्णपाल ने आम के हरे पेड़ों को किसी ठेकेदार को बेच दिया है जिन्हें काटा जा रहा है। कुछ देर बाद टीम मौके पर पहुंच गई। दो आम के पेड़ों को ठेकेदार द्वारा काटा गया है। कृष्णपाल व अज्ञात ठेकेदार पर रिपोर्ट कराई गई है।

### भंडारे का किया आयोजन

**दातागंज, अमृत विचार :** नगर पालिकाध्यक्ष नैना गुप्ता ने सोमवार को कांवड़ भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया। विधायक के भाई विनय कुमार सिंह, अध्यक्ष के पति अनूप गुप्ता, विजय कुमार सिंह, देवेश तोमर आदि ने सहयोग किया।

### विधायक ने किया क्लीनिक का उद्घाटन

**दातागंज, अमृत विचार :** डा. इकरार अहमद के नवनिर्मित क्लीनिक का विधायक राजीव कुमार सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। चेयरमैन पति अनूप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### बिजली का तार गिरने से किसान की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव भटौली में बिजली का तार टूटकर किसान के ऊपर गिर गया। किसान की मौके पर ही मौत हो गई। हाई वोल्टेज की वजह से घरों में उपकरण फुंक गए। गांव भटौली निवासी प्रवेश (35) पुत्र नेतराम खेती करते परिवार का पालन पोषण करते थे। सोमवार तड़के वह घर पर चारपाई पर सो रहे थे। इसी दौरान हाई वोल्टेज आ गई जिसके चलते घर का बिजली का तार टूटकर किसान पर गिर गया। परिजन दौड़कर पहुंचे लेकिन तब तक किसान ने दम तोड़ दिया था।

### फंदे पर मिला मानसिक रोगी का शव

**उझानी, अमृत विचार :** कस्बा के मोहल्ला सरौरा निवासी राजेंद्र पुत्र महावीर सेल्समैन थे। कुछ दिनों से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था। वह मानसिक रोगी हो गया था। वह रविवार शाम लापता हो गए थे। सोमवार सुबह उनका शव बसोमा रेलवे लाइन के पास पेड़ पर अंगोछे से लटका मिला। राहगीरों ने पुलिस को अवगत कराया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बाजार जा रहे पशु व्यापारियों को तमंचे के बल पर लूटा

## जरीफनगर क्षेत्र में 49 हजार रुपये व दो मोबाइल लूट ले गए बाइक सवार नकाबपोश तीन बदमाश

संवाददाता, सहसवान (बदायूं)

**अमृत विचार :** सोमवार को नाधा की बाजार करने जा रहे दो पशु व्यापारियों से बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे की नोक पर 49.50 हजार की नगद और दो मोबाइल लूट लिए। व्यापारियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के क्षेत्र में बदमाशों की तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। एसपी देहात केके सरोज ने मौका मुआयना किया। घटना का जल्द खुलासा करने का निर्देश दिया है।

थाना जरीफनगर क्षेत्र के कस्बा दहगवां निवासी आदिल पुत्र कमर और अरबाज पुत्र इकबाल पशु व्यापारी हैं। वह दोनों सोमवार सुबह लगभग साढ़े छह बजे बाइक से कस्बा नाधा में लगने वाली साप्ताहिक बाजार से भैंस खरीदने के लिए जा रहे थे। रास्ते में गांव खनुआ नगला के जंगल पहुंचे। जहां पीछे से बाइक से आए तीन नकाबपोश बदमाशों ने उनकी बाइक को बार-बार टक्कर मारी। उनकी बाइक की टक्कर से दोनों पशु व्यापारी सड़क पर गिर गए। तुरंत बदमाशों ने तमंचे निकाल लिए। व्यापारियों के अनुसार बदमाशों ने उनकी कनपटी पर तमंचे सटा दिए। आदिल से 40 हजार 500 रुपये और अरबाज से 9 हजार रुपये की नगदी और उनके दोनों मोबाइल लूट लिए। विरोध करने या शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। व्यापारियों ने थाना जरीफनगर पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष रवि करन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। व्यापारियों से घटना के बारे में जानकारी की।



ग्रामीणों से जानकारी करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार



घटनास्थल पर जांच करते एसपी देहात केके सरोज और सीओ कर्मवीर सिंह।



पीड़ित व्यापारी आदिल और अरबाज।

- लूट की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसपी देहात
- बदमाशों की तलाश में पुलिस ने की कांबिंग टीमें गठित

> घटना की जानकारी मिली थी। बाइक सवार तीन बदमाशों ने घटना को अंजाम देने की बात सामने आई है। मौके पर जाकर जांच की गई। घटना का जल्द ही खुलासा किया जाएगा। - केके सरोज, एसपी देहात

व्यापारियों के बदमाशों को भागने के रस्ते पर काफी दूर तक तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। थानाध्यक्ष के अधिकारियों को सूचना देने के बाद एसपी देहात और सीओ कर्मवीर सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने व्यापारी और आसपास मौजूद ग्रामीणों से जानकारी की। व्यापारियों ने बताया कि नाधा में बड़ी बाजार लगती है। जहां जिला संभल, बहजोई, गुन्नौर, डिबाई के अलावा मुरादाबाद तक के व्यापारी आते हैं। एसपी देहात ने बदमाशों की तलाश के लिए टीमों का गठन किया है।

# डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के लिए सीएमओ दौड़े गांव की ओर



सलारपुर क्षेत्र के गांवों में मलेरिया की जानकारी देते अधिकारी।

**कुंवर गांव, अमृत विचार:** ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र के गांव यूसुफ नगर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी व जिला मलेरिया अधिकारी और मलेरिया निरीक्षक के द्वारा गांव का सर्वे किया गया। इस दौरान उनके द्वारा दो महीने पहले गांव में निकले मलेरिया धनात्मक रोगी से घर संपर्क किया। इस दौरान साथ में चल रहे कर्मचारियों ने ग्राम में एंटी लार्वा को स्प्रे किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रामेश्वर मिश्र ने लोगों को बताया कि बरसात के मौसम में डेंगू व मलेरिया की बीमारी ज्यादा फैलती है, जो कि घरों के आसपास खड़े होने वाले गंदे पानी में पनपने वाले मच्छरों से होती है। उन्होंने लोगों से अपने घरों के आसपास गंदा पानी खड़ा ना के लिए कहा। साथ ही लोगों को मलेरिया व डेंगू से बचने के लिए उपाय बताएं।

### नदी में उतराता मिला मूकबधिर बालक का शव

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र के गांव लिलवां निवासी 13 साल का संजू पुत्र जगपाल रविवार दोपहर को लापता हो गया था। परिजनों ने इधर-उधर तलाश किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। सोमवार को संजू का शव गांव के पास सोत नदी के पानी में उतराता मिला। ग्रामीणों ने परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। बालक मूक बधिर बताया जा रहा है। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# एसएसओ के खिलाफ ग्रामीणों ने की नारेबाजी



एसएसओ के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण ● अमृत विचार

संवाददाता, म्याऊं

**अमृत विचार :** कस्बा उसहैत में बिजली घर पर एसएसओ की दबंगई और मनमानी को लेकर किसानों ने प्रदर्शन किया और मनमानी पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

सोमवार को बिजली विभाग के एसएसओ की मनमानी और दबंगई से परेशान दर्जनों किसान बिजली घर पर पहुंचे। आरोप लगाया कि बिजली घर पर तैनात एसएसओ दबंगई करता है। मनमानी करता है।शराब पीकर काम करता है। किसानों के साथ अभद्रता करता है। बिजली काट देता है जिससे किसानों को परेशानी होती है। इस मौके पर ग्राम रिजोला, सरेली, दलेल नगर, व खेड़ा जलालपुर के किसान प्रदर्शन करते रहे और एसएसओ को हटाने की मांग की गयी।

# पांच अस्पतालों में नवजात किया रेफर फिर भी नहीं बची जान

**बदायूं,अमृत विचार :** उसहैत पीएचसी पर जन्मे शिशु की हालत नाजुक होने पर कई जगह रेफर किया गया लेकिन नवजात की चौथे दिन दिल्ली के अस्पताल में मौत हो गई।

शुक्रवार को सरेली निवासी रजनेश ने पत्नी भावना ने उसहैत पीएचसी पर शिशु को जन्म दिया, कुछ देर बाद शिशु का रंग नीला पड़ गया। प्रसव केन्द्र पर बिजली गुल होने पर शिशु को ऑक्सीजन नहीं दी जा सकी। हालत बिगड़ने पर नवजात को देर रात जिला अस्पताल को रेफर किया गया। वहां से चिकित्सकों ने राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। राजकीय मेडिकल कॉलेज से शिशु को अलीगढ़ रेफर किया गया। अलीगढ़ में भी शिशु को किसी ने नहीं देखा उसके बाद शिशु को दिल्ली रेफर किया गया। दिल्ली में परिजनों ने हजारों रुपए खर्च कर दिये फिर भी सोमवार को नवजात की मौत हो गई। इस तरह चार दिन में पांच अस्पतालों में दिखाने के बाद नवजात को बचाया नहीं जा सका।

# छुट्टा गोवंशीय पशुओं ने बाइक सवार समेत तीन को किया घायल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सड़कों पर छुट्टा घूम रहे गोवंशीय पशु अब हमलावर हो रहे हैं। पिछले चौबीस घंटे में अलग-अलग स्थानों पर तीन युवकों को गोवंशीय पशुओं ने घायल कर दिया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोवंशीय पशु सड़क पर गुजरने वाले दो पहिया वाहन चालकों को आफत बनते जा रहे हैं।

छुट्टा गोवंशीय पशुओं को गोशालाओं में संरक्षित करने के आदेश शासन स्तर से दिए गए थे। उक्त आदेशों के तहत जिले में करीब डेढ़ हजार से अधिक गोवंश पशुओं को स्थानीय गोशालाओं में संरक्षित किया गया। फिर भी सड़कों पर हजारों की संख्या में गोवंश घूम रहे हैं जो हिंसक होते जा रहे हैं। रविवार शाम को थाना अलापुर के ग्राम उघैनी निवासी 29 वर्षीय सूरज बाइक से अपने गांव जा रहा था।



घायल युवक।

- अस्पताल में भर्ती, हालत नाजुक, परिजन परेशान

ककराला रोड पर सड़क पर बैठे गोवंशों से उसने बाइक को बचाने का प्रयास किया लेकिन गोवंश ने सूरज पर हमला कर दिया। उसकी बाइक को गोवंश ने सींगों पर उठा लिया जिससे सूरज भी सड़क पर गिरा और बाइक भी टूट गयी। आस पास के लोगों ने किसी तरह सूरज को बचाया।

सूरज इस हमले में गंभीर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थाना मूसाझाग के ग्राम कुनाऊ निवासी अनेम सिंह अपने साथी के साथ रविवार को मोटरसाइकिल से गांव जा रहा था। दातागंज रोड स्थित गोशाला के पास उसकी बाइक रात के समय

> कांवड़ यात्रा के बाद गोवंशीय पशुओं को पकड़ कर गोशाला में संरक्षित करने का अभियान चलाया जाएगा। अब तक डेढ़ हजार से अधिक गोवंश को गोशालाओं में पहुंचाया गया है।
> -विनोद कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

एक सांड़ से टकरा गयी जिसके बाद सांड़ ने दोनों युवकों को उठा कर पटक दिया। उन्हें राहगीरों ने बचाया और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अनेमसिंह ने बताया कि रात के समय दातागंज रोड पर गोशाला के पास दर्जनों गोवंश सड़क पर बैठे रहते हैं जिससे इस रोड से गुजरना मुश्किल हो जाता है। प्रशासन ने अभियान चलाकर गोवंश को गोशाला में पहुंचाने की कोशिश की जो कागजों तक ही सीमित रही। पिछले एक सप्ताह सलारपुर ब्लाक क्षेत्र में सड़क पर दो सांड़ लड़ रहे थे। बीच में आने से बाइक सवार दो महिलाओं की मौके पर मौत हो गई थी।

# जीने की दीवार काटकर 1.20 लाख की नगदी चोरी

**उझानी, अमृत विचार :** जनरल स्टोर की तीसरी मंजिल पर जीने की दीवार काटकर घुसे चोरों पे स्टोर में रखे 1.20 लाख रुपये चोरी कर लिए। जनरल स्टोर के मालिक ने पुलिस को तहरीर दी है।

उझानी के मोहल्ला श्रीनारायणगंज मिल कंपाउंड निवासी राजीव कुमार वार्ष्णेय कछला रोड पर पंच मुखी मंदिर के पास जनरल स्टोर चलाते हैं। वह शादियों के लिए नोटों के हार भी बनाते हैं। इसके लिए नए नोट रखते हैं। रोज वह नोटों की गड्डी बक्से में रखकर चले जाते हैं। रविवार रात चोरों ने तीसरी मंजिल पर जीने की दीवार काट दी और स्टोर में घुस आए। संदूक में रखे एक लाख 20 हजार रुपये के नए और पुराने नोट चोरी कर ले गए। राजीव कुमार सोमवार को दुकान खोलने के लिए पहुंचे। बॉक्स का ताला टूटा मिला। उसमें रखे रुपये भी नहीं थे। उपनिरीक्षक कैलाश कुमार यादव ने मौका मुआयना किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक दुर्वेश शर्मा जांच रे रहे हैं।

# जरीफनगर थानाध्यक्ष आज न्यायालय में तलब

संवाददाता, सहसवान

- कोर्ट के आदेश के बाद भी बिना सत्यापन के भेजे वाहन प्रपत्र

**अमृत विचार :** अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्य प्रताप सिंह निमेष ने जरीफनगर थानाध्यक्ष को 13 अगस्त को न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। ऐसा न करने पर थानाध्यक्ष के खिलाफ न्यायालय के आदेश की अवहेलना की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नोटिस की एक प्रति एसएसपी को भी भेजी गई है।

कस्बा निवासी तपश चौहान पुत्र सत्यवीर सिंह ने कोर्ट में वाहन निमुक्ति प्रार्थना पत्र दिया था। जरीफनगर थानाध्यक्ष ने सत्यापन नहीं किया। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश मोटर वाहन नियमावली के नियम 203 क के अंतर्गत सत्यापन नहीं करने पर न्यायालय ने 18 जुलाई को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। इसके बाद भी थानाध्यक्ष ने स्पष्टीकरण नहीं दिया। तपश चौहान के वाहन के प्रपत्र बिना सत्यापन के न्यायालय को भेजे। जिसे न्यायालय द्वारा अत्यंत आपत्तिजनक मानकर थानाध्यक्ष को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण का आदेश दिया गया है।

अन्यथा की दिशा में उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई और कोर्ट के आदेश की अवमानना के तहत भी कार्रवाई अमल में लाए जाने की चेतावनी दी गई है। कोर्ट ने 13 अगस्त को कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया है।

# जाम में फंसे व्यापारी की हालत बिगड़ी, मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर जाम में फंसे रहने के दौरान तिरपाल व्यापारी की हालत बिगड़ गई। वह राजमार्ग पर गिर गए। पुलिस उन्हें जिला अस्पताल ले गई। जहां व्यापारी की मौत हो गई। थाना फैजगंज बेहटा के कस्बा के वार्ड चार निवासी अबरार हुसैन (45) पुत्र उरमान शाह फर्रुखाबाद में तिरपाल का व्यापार करते हैं। वह फर्रुखाबाद में किराए पर कमरा लेकर रहते हैं। सोमवार तड़के बाइक से फर्रुखाबाद जा रहे थे। पटना देवकली मंदिर पर जलाभिषेक करने जा रहे कांवड़ियों की वजह से मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी। अबरार हुसैन जाम में फंसे थे। कुछ देर में उनकी हालत खराब हो गई। वह राजमार्ग पर गिर पड़े। पुलिसकर्मी उन्हें जिला अस्पताल ले आए। अस्पताल में अबरार हुसैन ने दम तोड़ दिया।

# पंचायत में उठा सोत व भैंसोर नदी का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की मासिक पंचायत मालवीय आवास गृह पर सम्पन्न हुई जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने कहा किसान आज दोहरी मार झेल रहा है। दैवीय आपदा तथा बिजली विभाग की मार से किसान बे मौत मर रहा है। साथ ही अन्य कई तरह की समस्याओं से किसान की कमर टूट रही है। किसानों ने दस सूत्रीय ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा और समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

जिला उपाध्यक्ष आसिम उमर ने कहा तमाम गोशालाओं का निर्माण हो चुका है। परंतु गोवंश खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इनको गौशाला में भिजवाया जाए। व दर्जनों सड़क मार्ग मंडी समिति के अधीन हैं जो काफी जर्जर हो चुके हैं उनका निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए। नगर अध्यक्ष आरिफ रजा ने कहा किसानों की सिंचाई की समस्या को ध्यान में रखते हुए जनपद में पूर्व में सदा नीरा वहने वाली अरिल नदी, भैंसोर नदी, सोत नदी, महावा नदी, व बम्बा जो सूख चुके हैं हैं उनको पुनर्जीवित किया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों पर 4 माह से पोषाहार का वितरण नहीं हुआ है। बाद में जिलाधिकारी को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। कुलदीप सिंह, तोताराम, रामदास, इरफान अहमद, बब्बू, दिलशाद सैफी, अजब सिंह राजपूत, कुमर पाल, छोटे, ओमकार, केसर, इशरत, इरशाद खान, शकील, तन्नू , वेद प्रकाश शर्मा, तवारिक अली, भगवानदास, मुन्ने, मोहम्मद असलम , छोटे सलमानी, वसीम खान, जिला उपाध्यक्ष आसिम उमर, अजीत माहेश्वरी, कासिम, आरिफ रजा मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते भाकियू चढ़ूनी गुट के जिलाध्यक्ष सतीश साहू व अन्य ● अमृत विचार

- भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन
- किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

# जमीन को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, तीन घायल



मारपीट के बाद जमीन पर पड़ी घायल महिला। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में सोमवार तड़के खेत के रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की एक महिला पर जमकर लाठी डंडे बरसाए। महिला बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। वहीं शिशुपाल पुत्र राजपाल के सिर में डंडा लगने से खून बहने लगा। दूसरे पक्ष की महिला प्रेमवती पत्नी राजवीर भी घायल हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शांति भंग में चालान किया है।



घायल शिशुपाल।

गांव फकीराबाद के राजपाल, रामभरोसे, राधेश्याम का गांव के ही प्रकाश, राजवीर, चंद्रपाल से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। रविवार को प्रकाश पक्ष ने खेत से ट्रैक्टर निकाल लिया। इसी बात को लेकर सोमवार सुबह दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। एक पक्ष की गुड्डो पत्नी रामदास को लाठी-डंडों से पीटा।

वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। पीड़ित पक्ष महिला को बेहोशी हालत में ट्रॉली में डालकर थाने ले गए। एक घंटे तक महिला थाने पर ट्राली में पड़ी रही। वहीं दूसरा पक्ष भी थाने पहुंच गया। आरोप है पुलिस ने पीड़ित पक्ष के तीन लोग और आरोपी पक्ष के चार लोगों को हवालात में बंद कर दिया। घायल शिशुपाल को हवालात में डाला दिया। लगभग दो घंटे के बाद पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। हल्का इंचार्ज इंतजार हुसैन ने बताया कि रास्ते को लेकर विवाद हुआ था।

**लापरवाही** बिना यूनिफार्म के परिषदीय विद्यालय आ रहे बच्चे, 3249 का आधार नहीं, 2483 का डाटा फीड नहीं

# एक लाख बच्चों को नहीं मिले यूनिफॉर्म के 1200 रुपये

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खाते में धनराशि स्थानांतरण कराना परेशानी का सबब बन गया है। शिक्षक डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिशियरी ट्रांसफर) में डाटा फीड करने में उलझे हुए हैं। शासन से प्रतिदिन सूचना मांगी जा रही है, ऐसे में किसे यूनिफार्म के पैसे मिले, किसे नहीं, इसकी जानकारी शिक्षक जुटाने में परेशान हैं। वहीं करीब एक लाख बच्चों के पास यूनिफार्म की धनराशि नहीं पहुंच सकी है।

परिषदीय प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय में पंजीकृत छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म स्कूली बैग, जूते, मौजे आदि के लिए 1200 रुपये की धनराशि अभिभावकों के खातों में भेजी जा रही है। विभाग के निर्देश पर शिक्षकों ने बच्चों का पंजीकरण पीएमएस पोर्टल पर किया था। इस पोर्टल के माध्यम से ही छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खाते में धनराशि डीबीटी के माध्यम से भेजी जा रही है। शिक्षक बताते हैं कि पंजीकृत छात्र-छात्राओं की धनराशि डायरेक्ट बेनिफिशियरी ट्रांसफर के माध्यम से सभी को नहीं हो पाई है। सबसे ज्यादा दिक्कत भी अभिभावकों के बैंक खाते, मोबाइल नंबर व आधार से लिंक नहीं होना बताया जा रहा है, लेकिन शासन के निर्देश पर शिक्षक उसको पूरा कराने में जुटे हैं। डीबीटी में कभी शिक्षकों को इंटरनेट की समस्या तो कभी अभिभावकों के खाते आधार से लिंक नहीं होना बताया जाता है।

- 28565 अभिभावकों का आधार मैच, शासन में भेजी सूचना
- पढ़ाई के साथ शिक्षक आधार कार्ड बनवाने के लिए भी जुटे

> डेढ़ लाख से अधिक बच्चों के अभिभावकों के बैंक खाते में ड्रेस आदि खरीदने के लिए धनराशि भेजी गई है। 28 हजार से अधिक बच्चों डाटा भेजा गया है। इनके खातों में धनराशि कुछ ही दिनों में आ जाएगी। कुछ बच्चे शेष हैं। उनके आधार आदि में संशोधन तथा अन्य कमियों में सुधार के लिए शिक्षकों को आदेश दिया गया है।
> -वीरेंद्र कुमार सिंह, बीएसए

### यूनिफॉर्म से वंचित रह जाएंगे छात्र

इस बार शासन स्तर से जुलाई माह प्रथम सप्ताह में ही परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म स्कूल बैग ,जूता, मोजा आदि सामान की खरीदारी के लिए धनराशि बच्चों के अभिभावकों के खातों में भेजी गई है। आधार कार्ड में कमी होने और बच्चों का डाटा फीड न होने की वजह से अब तक 96,745 बच्चों के अभिभावकों के खातों में धनराशि नहीं पहुंची है। जिसकी वजह से बच्चे बिना ड्रेस के ही स्कूल आ रहे हैं। धनराशि के अभिभावक जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर पर चक्कर काट रहे हैं।

### 1,54,296 बच्चों को मिली धनराशि

बेसिक शिक्षा विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो स्कूलों में 2,51,041 बच्चे पंजीकृत हैं। इनमें से 1.54,296 बच्चे के अभिभावकों के खातों में ही धनराशि भेजी जा सकी है। अभी भी 96,745 बच्चे धनराशि पाने से वंचित हैं। जिन बच्चों को धनराशि नहीं मिली है। उनमें 3249 ऐसे बच्चे जिनका अभी तक आधार नहीं बना है। 2483 बच्चों का डाटा फीड नहीं हो सका है। 28565 बच्चे ऐसे हैं जिनके माता पिता का आधार मैच हो गया है। इसका डाटा शासन में भेजा गया है। जिन्हें कुछ ही दिनों में ड्रेस सामान खरीदने के लिए कुछ ही दिनों में धनराशि खाते आ जाएगी।



तीजोत्सव कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

# क्षत्रिय महिला समाज ने मल्हार गाकर मनाया तीज उत्सव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** क्षत्रिय महिला समाज ने महेश सिंह के आवास पर तीजोत्सव का आयोजन किया। महिलाओं द्वारा सावन गीत व मल्हार गाए । जिलाध्यक्ष वीना सिंह द्वारा महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। तीज क्वीन प्रतियोगिता की विनर अविका सिंह व रनर मीनू सिंह रहीं। मुख्य अतिथि उमा सिंह गौर ने हरियाली तीज के महत्व को समझाया।

संचालन ममता ठाकुर ने किया। हेमा सिंह ,माया सिंह, ॠतु, शशि, रमा, गीता, उपासना व अन्य महिलाएं मौजूद रहीं ।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

# मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ




डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400


## अरिहंत वृक्षारोपण समिति ने स्कूल में कराया पौधरोपण

**बिल्सी, अमृत विचार:** फ्यूचर लीडर्स स्कूल में सोमवार को अरिहन्त वृक्षारोपण समिति के तत्वावधान में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। डायरेक्टर वीपी सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे लिए कई प्रकार से लाभदायक होते हैं। समिति के संस्थापक प्रशान्त जैन ने कहा की पृथ्वी द्वारा स्वर्ग से बोलने का अथक प्रयास है ये पेड़। वृक्षों से होने वाले इन्ही लाभों के कारण मनुष्य ने इनकी तेजी से कटाई की है। औद्योगिक प्रगति एवं वनोंमूलन इन दोनों के कारण पर्यावरण प्रदूषित हो गया है। समिति के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु असावा, जिला उपाध्यक्ष मोहित शर्मा, मृगांक जैन, अमन गिरी, राघव आदि मौजूद रहे।

### प्रशासन ने शुरू कराई जांच, पुरातत्व विभाग की जांच में ही स्पष्ट हो सकेगी स्थिति

# राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए खोदाई के दौरान मिले वर्षों पुराने अवशेष

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए कराए जा रहे कच्चे कार्यों के दौरान खोदाई में गांव जखेरा के समीप पुराने बर्तनों के अवशेष मिले हैं। खोदाई के दौरान मिले अवशेषों को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चा है। कुछ ग्रामीण इसे पौराणिक धरोहर में बता रहे हैं और इसको लेकर मामले की जांच जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है। हालांकि, अभी यह पुष्टि नहीं हो सकी है कि यह अवशेष ऐतिहासिक धरोहर हैं या पूर्व में मिट्टी में किसी कारणवश दब चुके मिट्टी के बर्तनों के अवशेष हैं। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। तब तक तरह-तरह के प्रयास लगाए जा रहे हैं। आज राजस्व की टीम गांव पहुंचकर मामले की जांच के लिए नमूने लेगी।



गांवमें खोदाईकरतीजेसीबी। ● अमृत विचार

वैसे तो मामला रविवार का है। यहां कासगंज तहसील क्षेत्र के गांव छावनी और जखेरा के मध्य एनएचएआई द्वारा अधिकृत की गई कार्यदायी संस्था सड़क निर्माण के लिए खोदाई का कार्य कर रही थी। इसी दौरान जखेरा गांव के समीप मिट्टी के टूटे-फूटे पुराने बर्तन निकले। जेसीबी से हो रही खुदाई के दौरान जब बर्तन निकले तो ग्रामीण भौचक्के रह गए और उन्होंने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की मांग उठाई। सूचना ग्रामीणों ने प्रशासन के अधिकारियों को दी। सोमवार को जब अवकाश के बाद कार्यालय खुले तो प्रशासनिक अधिकारियों ने इस मामले को गंभीरता से लिया और ग्रामीणों से कई तथ्यों पर जानकारी की। हालांकि, सोमवार को टीम गांव नहीं पहुंच सकी, लेकिन डीएम ने राजस्व विभाग की टीम को निर्देश दिए हैं कि मंगलवार को गांव पहुंचकर मामले की जांच करें। डीएम के निर्देश पर आज राजस्व विभाग की टीम गांव पहुंचेगी। यहां मिट्टी के पुराने बर्तनों के नमूने लिए जाएंगे और उनकी जांच कराई जाएगी, जिससे स्पष्ट हो सकेगा कि यह वर्षों पुराने किसी धरोहर के अवशेष हैं या पूर्व में मिट्टी में दब चुके घरेलू मिट्टी के बर्तन के अवशेष हैं। हालांकि, यह जांच का विषय है, लेकिन तरह तरह के कयास रहकर लगाए जा रहे हैं।

> कार्यदायी संस्था को एनएचएआई ने निर्माण के कार्य की जिम्मेदारी दी है। अभी निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। कार्यदायी संस्था से जानकारी की जाएगी कि पूरा प्रकरण क्या है। एनएचएआई के अधिकारियों को पूरे प्रकरण की जानकारी नहीं है। यदि एनएचएआई अधिकारियों के हस्तक्षेप का मामला होगा तो कार्यदायी संस्था से जानकारी मिलने के बाद उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया जाएगा। **-शशांक कुमार, सर्वेयर एनएचएआई**

> मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंचेगी। मैं स्वयं टीम के साथ रहूंगा। पुरातत्व विभाग के अधिकारियों से भी संपर्क किया जाएगा। जांच कराई जाएगी। तभी स्पष्ट होगा कि यह ऐतिहासिक धरोहरों के अवशेष हैं या पुराने मिट्टी के ऐसे बर्तन जिनका उपयोग वर्षों पहले ग्रामीणों ने किया होगा। वह मिट्टी में दफन होने के बाद अब खोदाई के दौरान निकले हैं। **-संजीव कुमार, एसडीएम सदर**

> ग्रामीणों से जानकारी मिली थी। उच्च अधिकारियों से भी निर्देश मिले हैं। हम मंगलवार को मौके पर पहुंचेंगे और देखेंगे की किस गाटा संख्या में अवशेष मिले हैं। पूर्व में यहां किस गाटा संख्या में किसकी जमीन रही है। क्या मामला है। यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। **-राहुल सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल**

**वर्षों पहले था यहां पुराना जखेरा**

ग्रामीण श्यामवीर, सतवीर आज का कहना है कि यहां वर्षों पहले एक पुराना जखेरा हुआ करता था। बुजुर्गों की माने तो लगभग 500 वर्ष पहले यहां देवीय आपदा आई थी। अग्निकांड की बड़ी घटना हुई थी। उसके बाद यहां से यह गांव उजड़ गया और जखेरा की नई बस्ती बसा ली गई। माना जा रहा है कि वर्षों पहले मिट्टी में दफन हुए इसी गांव के ग्रामीणों की है मिट्टी के बर्तन हो सकते हैं।

# मांगें नहीं मानीं तो लखनऊ में होगा प्रदर्शन

### शिक्षामित्रों ने विभिन्न मांगों को लेकर बीएसए कार्यालय पर किया धरना-प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** विभिन्न मांगों को लेकर सैकड़ों शिक्षामित्रों ने बीएसए कार्यालय पर सोमवार को धरना प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वह लखनऊ में प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

आदर्श समायोजित शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले शिक्षामित्रों ने बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। संगठन के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि सहायक एवं वित्त लेखाधिकारी की लापरवाही और हठधर्मिता के कारण शिक्षामित्रों के अवशेष मानदेय भुगतान बिल कोरोना काल के दौरान से लंबित हैं। उनका अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे अधिकारी की शिक्षामित्र घोर निंदा करते हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से शिक्षकों की फोन पर उपस्थिति ली जा रही है। जो नियमों के विरूद्ध है। जूनियर शिक्षक संघ के महामंत्री फरहत हुसैन ने कहा कि शिक्षामित्रों की जायज को सरकार तत्काल स्वीकार करे। शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार पांडेय ने कहा कि शिक्षामित्रों की मांगों पर सरकार तत्काल लागू करे। कहा कि बीएसए कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से शिक्षकों की उपस्थिति ली जा रही है। विद्यालय में नेटवर्क समस्या होने की वजह से कभी कभी फोन नहीं लग पाता है। फोन न लग पाने की वजह से शिक्षक संवर्ग का वेतन काट दिया जाता है। जो कि असंवैधानिक है। जिसे शिक्षक और शिक्षामित्र कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। साथ ही चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वह लखनऊ में धरना प्रदर्शन करेंगे। धरना प्रदर्शन में सतीश चंद्र गुप्ता, राजीव कुमार सिंह, रावेंद्र सिंह यादव, विनोद कुमार राठौर सहित सैकड़ों शिक्षामित्र मौजूद रहे।





धरना प्रदर्शन को संबोधित करते संगठन पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीएसए को सौंपकर मांगें पूरी न होने पर दी चेतावनी**

## प्रधान संगठन ने कांवड़ियों को कराया भोजन

**सहसवान, अमृत विचार :** हर वर्ष की तरह इस बार भी भागीरथी कछला घाट से जल भरकर लौट रहे कांवरियों को ग्राम पंचायत समदा के कार्यालय पर प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष भगवान दास शाक्य ने विशाल भंडारा कर प्रसाद के साथ साथ भोजन कराया। सावन मास में भागीरथी के तट कछला घाट से सैकड़ों की संख्या में कांवरिया जल भरकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। हुसैनपुर होकर सैकड़ों कांवरियों की टोली इसी मार्ग से होकर गुजरती है। कांवरियों को सेवा भाव से हर वर्ष ग्राम पंचायत समदा कार्यालय पर ब्लॉक संगठन के अध्यक्ष भगवानदास शाक्य के सौजन्य से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। सोमवार को भी भंडारा किया गया। यहां से गुजर रहे कांवरियों को प्रसाद वितरण के साथ-साथ भोजन कराया। इस कार्य में दिनेश कुमार प्रधान, केदार सिंह प्रधान, महेंद्र सिंह प्रधान, जैनुल आवदीन प्रधान, कमल सिंह, मनोज कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## सार-संक्षेप

### मोहम्मद शीराज बने तिरंगा अभियान जिला संयोजक



**बदायूं, अमृत विचार :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री और तिरंगा अभियान के प्रदेश संयोजक अनस उस्मानी ने ब्रजक्षेत्र के सभी जिलों के जिला संयोजक की घोषणा की। मोहम्मद शीराज अल्वी को बदायूं का जिला संयोजक बनाया गया है। जिला संयोजक ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के दौरान देश भर के अल्पसंख्यक समुदायों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ेगा। अल्पसंख्यक मोर्चा जनता को तिरंगा भेंट कर प्रेरित करेगा। 15 अगस्त को घरों, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों, दरगाहों और मदरसों पर इसे फहराने का आह्वान करेंगे। अल्पसंख्यक समुदाय इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय रूप से भाग लेगा।

### कृति वार्ष्णेय चुनीं गईं तीज क्वीन



**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर की वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति ने सोमवार को उझानी रोड स्थित बाबा इंटरनेशनल स्कूल में तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में चंदौसी इकाई की पदाधिकारी प्रतिभा चौधरी, सोनल वार्ष्णेय और रीना वार्ष्णेय आदि शामिल हुईं। इस दौरान प्रतिभा चौधरी ने सजातीय महिलाओं को सामाजिक और जनहित कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस दौरान महिलाओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। जिसमें बाबा ग्रुप के मेहुल वार्ष्णेय की पत्नी कृति वार्ष्णेय को तीज क्वीन चुना गया। जिन्हें समिति की ओर से ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति की संरक्षक कमलेश वार्ष्णेय, लक्ष्मी गुप्ता, उर्मिला वार्ष्णेय, गीतांजलि वार्ष्णेय, अध्यक्ष प्रियंका वार्ष्णेय, आशा वार्ष्णेय, अंशु वार्ष्णेय, निधि वार्ष्णेय, सीता वार्ष्णेय, रश्मि वार्ष्णेय, पूजा वार्ष्णेय, तनु वार्ष्णेय, श्वेता वार्ष्णेय, बीना वार्ष्णेय, किरण वार्ष्णेय और निशा वार्ष्णेय आदि का विशेष सहयोग रहा।

### राजस्व टीम ने जिजाहाट में कराया चकमार्ग कब्जा मुक्त

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव जिजाहाट में लंबे समय से चकमार्ग पर अवैध कब्जा था। जिसे सोमवार को राजस्व टीम ने पैमाइश करने के बाद हटवा दिया। लेखपाल श्याम कुमार ने बताया जिजाहाट गांव में चकमार्ग संख्या 156 पर गांव के कुछ लोगों ने अपना अवैध कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया था। एसडीएम प्रवर्धन शर्मा के निर्देश पर आज टीम ने गांव पहुंच कर पहले पैमाइश की। उसके बाद चकमार्ग को कब्जा मुक्त कराया। साथ ही टीम ने कब्जा करने वालों को चेतावनी दी कि यदि फिर से किसी ने इस पर कब्जा किया तो उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कराकर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर लेखपाल श्याम कुमार, लवी भारद्वाज, आरआई हरपाल सिंह, गरिमा सिंह आदि मौजूद रहे।

### दो ट्यूबवैल से केबल की चोरी

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना कादरचौक क्षेत्र के गांवों में ट्यूबवैल से लगातार चोरी हो रही हैं। रविवार रात चोरों ने गांव निवासी टिंकू और संजय के नलकूप को निशाना बनाया। ट्यूबवैल से केबल चोरी कर ली। सोमवार सुबह किसानों के पहुंचने पर चोरी की जानकारी हुई। किसानों ने पुलिस को सूचना दी। बताया कि सात दिन पहले भी एक किसान के ट्यूबवैल से चोरी हुई थी।

### मारपीट के बाद घर में घुसकर फायरिंग, दो घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव दूंदेनगर निवासी खालिद का पड़ोसी के साथ किसी बात को लेकर सोमवार देर शाम विवाद हो गया था। मोहल्ले के लोगों ने मामला निपटा दिया था। खालिद और उनके परिजन अपने घर आ गए। आरोपी है कि देर रात कुछ लोग खालिद के घर में घुस आए। परिजनों से मारपीट और फायरिंग की। बताया जा रहा है कि खालिद की पत्नी रेहाना और चाचा अहमद रसूल को गोली लगी। परिवार में चीख पुकार और भगदड़ मच गई। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मारपीट की जानकारी मिली थी। गोली लगने की पुष्टि चिकित्सक से की जाएगी। किसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

## प्रेम और भक्ति के भूखे हैं भगवान

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के यज्ञ तीर्थ गुधनी ग्राम में स्थित आर्य समाज मंदिर में चल रही वेद कथा के पांचवें दिन ईश्वर विषय उठाया गया। वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप ने कहा कि दुर्भाग्य से ना तो ईश्वर को लोग जानते हैं और ना ही मानते हैं। ईश्वर को बिना जाने मानना हानिकारक होता है। क्योंकि फिर परमात्मा से लोग स्वार्थ के चलते मिलते हैं। स्वार्थ सिद्ध नहीं होने पर उसे छोड़ देते हैं और कोई कोई तो उससे ऐसी अपेक्षाएं करता है जो ईश्वर के लिए पूर्ण करना संभव नहीं होता। सचिन कुमार, गोपाल उपाध्याय, अशोक पाल सिंह, मास्टर रामसेवक, मास्टर साहब सिंह, सुखबीर सिंह, दुर्वेश सिंह, विश्वजीत पाल, कृष्ण पाल, कमलेश रानी संतोष कुमारी भावना रानी, आदि मौजूद रहे।

# मेरा परिवार 50 साल से बरेली की सेवा कर रहा है: श्रुति

**बरेली कार्यालय**

**अमृत विचार:** आज का दिन मुझे काफी भावुक करने वाला है। मुझे भरोसा है कि मंगलवार को मैं मां की जगह बैंक की चेयरपर्सन बन जाऊंगी। बैंक को अपग्रेड करते रहना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार की बेटी श्रुति गंगवार ने सोमवार को अर्बन कोऑपरेटिव बैंक बोर्ड की बैठक के बाद अमृत विचार से बात करते हुए कही। कहा कि उनकी मां सौभाग्यवती गंगवार बैंक की चेयर पर्सन थीं। आज पिता के हाथों में उनकी तस्वीर देखी तो भावुक हो गई। बैंक की उन्नति ही उनका मिशन होगी और यही उनकी मां को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

राजनीति के सवाल पर कहा कि वह पूरे बरेली जनपद की सेवा करेंगी। आईआईटी से निकलने के बाद फिलहाल वह एक प्रोफेशनल इंजीनियर होने के साथ सफल बिजनेस वुमन भी हैं। पिता के लिए राजनीतिक और सामाजिक कामों में हिस्सा लेती रही हैं। भारत सेवा ट्रस्ट के भी सामाजिक काम देखती हैं। चुनाव में जनसंपर्क से लेकर प्रबंधन तक के काम करती रही हैं। परिवार के साथ समाज के लोगों की सेवा के लिए समय कैसे निकालना है, यह अच्छी तरह जानती हैं। बोलीं, यह सही समय पर ही बताएंगी कि आगे योजना क्या है। फिलहाल बैंक की तरक्की पर जोर रहेगा।



श्रुति गंगवार।

- **राज्यपाल संतोष गंगवार की बेटी बोलीं अब मै भी करूंगी जनता की सेवा**

### अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की चेयरमैन चुनी जाएंगी श्रुति

**बरेली, अमृत विचार :** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार की बेटी श्रुति गंगवार को सोमवार को अर्बन कोऑपरेटिव बैंक का निर्विरोध निदेशक चुना गया। यह पद बैंक की चेयरमैन रहीं उनकी मां सौभाग्यवती गंगवार के निधन के बाद रिक्त हुआ था। निदेशक के रिक्त पद के लिए सोमवार को डीएम की ओर से नामित सहायक निर्वाचन अधिकारी एडीएम फाइनेंस संतोष बहादुर की देखरेख में उपचुनाव हुआ। श्रुति गंगवार के अलावा किसी और ने नामांकन पत्र नहीं भरा। शाम 6 बजे उन्हें निर्विरोध निदेशक चुने जाने की घोषणा कर दी गई। मंगलवार को चेयरमैन पद के लिए चुनाव होगा। चेयरमैन बनने के लिए निदेशक बनना जरूरी होता है। चेयरमैन पद पर भी श्रुति गंगवार की ताजपोशी तय मानी जा रही है।

- **निर्विरोध निदेशक चुनी गईं, मां सौभाग्यवती के निधन के बाद रिक्त था पद**

### नाराज न करने का सिद्धांत जीवन में अपनाया : संतोष

बैंक के निदेशक मंडल की ओर से आयोजित समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार का सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि बरेली के लोगों ने उन्हें बहुत स्नेह दिया है। उनके राजनीतिक सलाहकार ने कहा था कि किसी को नाराज नहीं करना चाहिए। उन्होंने अपने जीवन में इसी सिद्धांत को अपनाया। बैंक के उपाध्यक्ष सरदार परमजीत सिंह ओबेराय, निदेशक राम अवतार खंडेलवाल, डॉ. प्रमोद सक्सेना, सुबोध सचान, महाप्रबंधक श्रीपाल कश्यप, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र गंगवार, रागिनी सिंह, सुबोध सचान आदि मौजूद रहे। संचालन निदेशक मनीष अग्रवाल ने किया।

# हजरतपुर, उसहैत में गंगा का पानी बना मुसीबत

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** नरौरा से सोमवार को 77 हजार 233 क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया जिससे गंगा की लहरे कुछ हद तक शांत हुयी हैं। लेकिन दो दिन पहले छोड़ा गया पानी गंगा नदियों में उफान मार रहा है जिससे तटवर्ती इलाकों में स्थिति भयाभय बनी हुई है। बाढ़ खंड का कहना है कि मंगलवार को करीब एक लाख से अधिक पानी छोड़े जाने की संभावना है।

मैदानी इलाकों में हो रही बारिश के चलते हर जगह पानी ही पानी दिख रहा है। गंगा में नरौरा बैराज से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे गंगा उफान पर है। कछला गंगा का जलस्तर सोमवार को 14 सेमी खतरे के निशान से ऊपर रहा। हालांकि पानी कम होने के कारण कुछ हद तक गंगा शांत दिख रही है। दो दिन पहले छोड़ा गया पानी अब उसहैत इलाके में पहुंच चुका है, जो गंगा की धार को और फैला रहा है। गंगा किनारे बसे गांवों तक पानी पहुंच चुका है। जिससे ग्रामीणों की धड़कनें और बढ़ गई हैं। कमलैयापुर के ग्रामीणों का कहना है कि अब बाढ़ का खतरा और बढ़ गया है। पानी बढ़ने के साथ ही कई तरह की परेशानियां पैदा हो गई हैं। हजरतपुर इलाके में दो दिन से पानी सड़कों पर बह रहा है। जिससे कई संपर्क मार्गों पर यातायात बंद है। ग्रामीण घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। हर्रामपुर और हजरतपुर के बीच सड़क पर ढाई फुट पानी भरा हुआ है। यातायात बंद हो चुका है। इस इलाके में पानी अधिक होने के कारण ग्रामीण जिला प्रशासन से नाव की मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी तक नाव नहीं दी गयी है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी के कारण लोग गांव से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।



गांव जटा के पास बांध से टकरा रही गंगा। ● अमृत विचार

> दो दिन से नरोरा से पानी कुछ कम डिस्चार्ज किया जा रहा है। बढ़ा हुआ पानी कम होने लगा है। लेकिन अगले दो दिन में पानी कुछ अधिक आने की संभावना है। यदि एक लाख से ऊपर पानी डिस्चार्ज किया जाता है तो मुसीबत बढ़ सकती है। अभी तक पानी कम ज्यादा होने के साथ ही आगे को पास हो रहा है किसी तरह की खास परेशानी नहीं है। बाढ़ खंड स्थिति पर नजर बनाए हुए है। **-नेशपाल - सहायक अभियंता, बाढ़ खंड**

### ग्रामीणों को नाव मुहैया नहीं कराई

जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को नाव मुहैया नहीं कराने से ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रालियों से लोगों को पानी पार करा रहे हैं। ट्रैक्टर चालक पानी पार कराने के नाम पर पचास से सौ रुपए तक वसूल रहे हैं। कुछ लोगों ने इस अवैध वसूली की शिकायत दातागंज तहसील प्रशासन से की है। ग्रामीणों का आरोप है कि नाव नहीं होने के कारण ग्रामीणों को रुपए देने पड़ रहे हैं।

### रामगंगा के जलस्तर में आई कमी

सोमवार को रामगंगा का जलस्तर 159,37 मीटर गेज मापा गया। जबकि दो दिन पहले तक रामगंगा का जलस्तर 161, 67 तक पहुंच गया था। पिछले चौबीस घंटे में जलस्तर कम हुआ है। लोगों ने राहत की सांस ली है। दातागंज क्षेत्र में बढ़ा हुआ पानी कम होने लगा है। बाढ़ खंड द्वारा इस क्षेत्र में बांध की निगरानी की जा रही है। हालांकि बांध पूरी तरह सुरक्षित है।

## सिपाही ने छिपाई कार, जांच करेंगे सीओ सिटी

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** शनिवार देर रात कांवड़िया कछला से गंगाजल लेकर बरेली जा रहे थे। नवादा पुलिस चौकी के पास सिपाही की कार ने जत्थे में शामिल एक कांवड़िया को टक्कर मार दी। कांवड़िया जमीन पर गिर गया। साथी कांवड़ियों ने सिपाही पर नशे में होने का आरोप लगाकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने गुस्साए कांवड़ियों को शांत कराया था। क्षतिग्रस्त कार चौकी के सिपाही की बताई जा रही है। उसी सिपाही की ड्यूटी थी। उसने कार कहीं छिपा दी है। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने सीओ सिटी आलोक मिश्रा को जांच सौंपी है।

### पेड गिरने से भैंस की मौत

**दातागंज, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गावं छछऊ में हो रही तेज वर्षा एवं प्राकृतिक आपदा के चलते भैंस के ऊपर अचानक पेड़ गिर जाने से बलवीर सिंह के भैंस की मौके पर मौत हो गई। इसके साथ ही कई लोग बाल बाल बच गए।

# भाकियू ने मासिक पंचायत कर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते भाकियू जिलाध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत में महिलाओं ने भी हिस्सेदारी की। किसानों की विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित मालवीय आवास गृह पर भाकियू असली ने मासिक पंचायत की। मासिक पंचायत का संचालन करते हुए पूनम गुप्ता ने कहा कि जिले के किसान कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। किसान धरना प्रदर्शन कर अपनी आवाज उठा रहे हैं फिर भी मौन है। किसरूआ निवासी शिशुपाल सिंह ने कहा कि किसानों के अधिकारों का हनन हो रहा है। गांव गांव गंदगी के ढेर लगे होने से संक्रामक बीमारियां फैल रहीं हैं। गांवों में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव नहीं कर रहा है। जिला सचिव सूरजपाल सिंह ने कहा कि खतौनी में किसानों के अंश गलत कर दिए गए हैं। जिला अध्यक्ष केपी सिंह राठौर ने कहा कि जिले में बिजली की लाइनें जर्जर हैं। इनसे दुर्घटना होती रहती हैं। खंभे टूटे पड़े हैं। इस्लामनगर चल रहे सरकारी अस्पताल को रुदायन पहुंचा दिया है। जिससे इस्लामनगर के लोगों को परेशानी हो रही है। डिग्री कॉलेज नाधा पहुंचा दिया है। जबकि दोनों कस्बों में जनसंख्या बराबर है। भाकियू कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार को ज्ञापन सौंपा। पंचायत में रविंद्र पटेल, हरीश पटेल, विवेक पटेल, सूरजपाल सिंह, रविंद्र सिंह, शिशुपाल सिंह, हरबंस पटेल मौजूद रहे।

## शहर में आज

- भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा जिले की तीनों विधानसभाओं पर तिरंगा यात्रा सुबह 10 बजे से।
- सेवा समर्पण फाउंडेश द्वारा शहर के नदरई गेट स्थित प्रभु पार्क में पौधा रोपण सुबह 10 जे से।
- महादेव का रूद्राभिषेक शहर के आवास विकास स्थित पारना मठ मंदिर पर शाम सात बजे से।
- शिव-पार्वती विवाह महिलाओं द्वारा शहर के मुहल्ला जय-जयराम स्थित महादेव मंदिर पर शाम चार बजे से।

## एक नजर

### स्वतंत्रता दिवस पर बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**कासगंज।** जिलाधिकारी मेधा रूपम द्वारा आदेश जारी किए गए हैं कि स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को जनपद कासगंज की सभी आबकारी की फुटकर दुकानें अर्थात देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडल शॉप, भांग तथा सभी थोक अनुज्ञापनों एवं एफएल-41 अनुज्ञापन से मादक पदार्थों की बिक्री पूर्णत: बंद रहेगी। इस बंदी के लिए अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा। इस आदेश का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जाए।

# गंगा नदी में कछला ब्रिज पर जलस्तर में हुआ उतार चढ़ाव

## सोमवार को बैराजों से बढ़ा पानी का डिस्चार्ज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** कछला ब्रिज पर गंगा नदी के जलस्तर में उतार चढ़ाव बना है। सोमवार को बैराजों से पानी का डिस्चार्ज बढ़ा है, जबकि कछला ब्रिज पर जलस्तर में 25 सेमी की कमी रिकार्ड की गई है। सोमवार को पानी छोड़े जाने से मंगलवार को गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

बीते एक सप्ताह में गंगा नदी में कछला ब्रिज पर जलस्तर प्रतिदिन घटा, बड़ा है। लगभग एक पखवाडे पूर्व कछला ब्रिज पर गंगा का जलस्तर बढ कर 163,65 सेंटी मीटर पर जा पहुंचा था, जो अब तक का सबसे अधिक पानी था। इसके बाद प्रतिदिन पानी घटता, बढता रहा है। रविवार की सापेक्ष सोमवार को जलस्तर में गिरावट आई है, वहीं नरौरा, हरिद्वार, बिजनोर बैराजों से पानी का डिस्चार्ज बढ जाने से मंगलवार को कछला ब्रिज पर जलस्तर में बढोत्तरी की संभावना है। गंगा नदी में होते उतार चढाव और पहाडो पर बरसात के रुख में आती नरमी से बाढ़ नहीं आने का अनुमान है। इसके बावजूद जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग पूरी तरह चौकन्ना है।


पटियाली तहसील क्षेत्र में गांव बरौना के निकट बाढ़ नियंत्रण के लिए बनाए गए स्टंट।

### बैराजों से पानी का डिस्चार्ज

हरिद्वार बैराज-1,20848 क्यूसेक
बिजनोर बैराज-1,45820 क्यूसेक
नरोरा बैराज-77233 क्यूसेक
कछला ब्रिज पर पानी का गेज-163 .25 मी.

"जिले में गंगा सामान्य फ्लड की स्थिति है। फिलहाल बाढ़ की संभावना नजर नहीं आ रही है। जलस्तर में प्रतिदिन उतार चढाव हो रहा है। विभाग पूरी तरह से सक्रियता बनाए हुए है। किसी भी परिस्थिति से निबटने की पूरी तैयारी है।
**-संजय शर्मा,** सहायक अभियंता, सिंचाई।

## छात्रों में मूल्यबोध और नैतिकता समाज के लिए जरूरी

**कासगंज, अमृत विचार:** शिक्षको का पांच दिवसीय उपचारात्मक शिक्षक प्रशिक्षण सोमवार को समापन हो गया। अंतिम दिन दो सत्र में हुए प्रशिक्षण में शिक्षको को आपदा प्रबंधन, मूल्यबोध एवं नैतिकता विषय पर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षणार्थी शिक्षको को प्रमाण पत्र दिए गए।

बीएवी इंटर कॉलेज में चल रहे प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए प्रवक्ता पंकज ने मूल्यबोध एवं नैतिकता विषय पर शिक्षको का मार्ग दर्शन किया। उन्होंने कहाकि वर्तमान छात्रों में मूल्यबोध और नैतिकता का समावेश करना जरुरी है। द्वितीय सत्र में प्रशिक्षक गजराज सिंह ने आपदा प्रबंधन पर चर्चा की। प्रशिक्षक अनुपम पाठक ने तकनीकी शिक्षा पर बल दिया। इस दौरान शिक्षको को प्रमाण पत्र दिए गए। प्रमाण प्रत्र वितरण के समय डीआईओएस प्रदीप कुमार मौर्य ने शिक्षको का उत्साहवर्धन किया। आरसी मौर्य, राजेश यादव, बृजेश कुमार, अनिल कुमार, आकाश दूबे, नवनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# 'वननेस वन' परियोजना के चौधे चरण में रोपित किए पौधे


संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में पौधा रोपण करते सेवादल के सदस्य।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सेवादल ने पौधे लगाकर उनके पोषण का लिया संकल्प

**अमृत विचार :** संत निरंकारी मिशन के तत्वाधान में 'वननेस वन' परियोजना के चौधे चरण में सोमवार को सोरों विकास खंड की ग्राम पंचायत चंडौस में सेवादल द्वारा पौधा रोपण किया गया। पौध रोपण कार्यक्रम में अनुयाइयों द्वारा पीपल, बरगद, नीम, फल, फूल, औषधि के पौधे रोपित किये।

पौध रोपण कार्यक्रम संयोजक रमेश व क्षेत्रीय संचालक अजय यादव के निर्देशन में सुबह 6.30 बजे से सतगुरु माता के चरणों में ध्यान कर पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मीडिया सहायक सुनील दिवाकर ने कहा कि वर्ष 2021 मे इस परियोजना का लक्ष्य 'वृक्षों के समूह' लघु वन का रोपण एवं इनकी देखभाल करना था। सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने कहा कि 'वननेस वन' परियोजना के प्रथम चरण में लगभग डेढ़ लाख पौधों का रोपण के साथ देखभाल भी की गई।

संयोजक रमेश चंद्र ने कहा कि संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में और अनेक नये स्थानों को जोड़कर इस महाभियान के चौथे चरण की शुरुआत देश के 600 से अधिक स्थानों पर पौधरोपण की जा रही है। इसमें अनुयायी व स्वयंसेवक करीब 10 लाख पौधें लगाएंगे। जल निगम के एसडीओ अनिल चंद्रा एवं वन विभाग के अफसरों का योगदान रहा।

## प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम को सपाइयों ने झोंकी ताकत

**कासगंज, अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष 17 अगस्त के प्रस्तावित कार्यक्रम की सफलता के लिए एडी से चोटी का जोर लगा रहे हैं। गांव गांव संपर्क किया जा रहा है। सोमवार को जिलाध्यक्ष ने कस्बा अमांपुर में बैठक कर कार्यकर्ताओ को दिशा निर्देश दिए।

बैठक में सपा जिलाध्यक्ष विक्रम यादव ने कहाकि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद श्यामलाल पाल प्रथम बार जिले में आ रहे हैं और वह केएल कुशवाह गार्डन में जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहाकि प्रदेश में होने वाले विधान सभा उपचुनाव में जिताने के लिए जिले से भी कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने कहाकि कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओ से गांव गांव जाकर लोगों से संर्पक करने और जन सभा को सफल बनाने की अपील करने का आहवान किया। बैठक को नगर अध्यक्ष शकील अहमद सहित अन्य वक्ताओ ने भी संबोधित किया। अमांपुर विधान सभा क्षेत्र के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# 36 बिजली चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अभियान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- अलग अलग क्षेत्रों में अभियान चलाकर की गई कार्यवाही
- घरेलू कनेक्शन लेकर कामर्शियल बिजली का उपभोग करते पकड़ा

**अमृत विचार :** बिजली चोरी एवं लाइनलॉस रोकने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गंजडुंडवारा, सोरों, कासगंज, पटियाली क्षेत्र अगल अलग क्षेत्रों में कार्यवाही की गई है। इससे बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मचा है। एसडीओ और जेई के नेतृत्व में हुई कार्याही के बाद 36 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

तीर्थ नगरी सोरों में उपखंडीय अधिकारी पंकज के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। गांव सलेमपुर बीबी में घरेलू कनेक्शन के नाम अवैध रूप से वाणिज्य कनेक्शन की आपूर्ति ली जा रही थी और एक निजी अस्पताल में बिजली चोरी हो रही थी। इस पर गांव के बृजपाल के विरुद्ध एफआईआर हुई। इसी गांव के रामवीर सिंह, महेश चंद्र, गुड्डो देवी, सुनील कुमार पर भी एफआईआर दर्ज हुई है। कासगंज में प्रवर्तन दल के प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में उपखंडीय अधिकारी गौरव शर्मा की टीम ने कार्यवाही की है। इस टीम ने अमांपुर के मौज्जम, सहावर के मुहल्ला मुगल निवासी नासिर, जब्बार के विरुद्ध कार्यवाही की है। एसडीओ सोरों के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में नगला भवानी निवासी संदेक, रामबाबू, सुरेश चंद्र के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं पटियाली में एसडीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। यहां थाना दरियावगंज निवासी सुरेंद्र, गणेश, वीरेंद्र, बेबी, जयकुमार, सतीश चंद्र, रामसेवक, यादराम, रज्जन, शशि, सत्यपाल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

गंजडुंडवारा अवर अभियंता पवन कसौंधन ने अभियान चलाकर मुहल्ला विकास नगर निवासी नत्थू, बहादुरपुर निवासी रामप्रकाश, महेंद्र पाल सिंह, सोरन सिंह, गांव गनेशपुर निवासी रिहाना के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। गंजडुंडवारा में एसडीओ महावीर सिंह ने गांव म्यासुर निवासी सुरेश, कंचनपुर निवासी रामनिवास, लोंगश्री, रवि, शहरबानो, इरशाद, तबस्सुम, रामेंद्र एवं राजीव कुमार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

## ग्रामोद्योग रोजगार योजना का उठाएं लाभ

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना अंतर्गत उद्योग स्थापनार्थ परियोजना लागत 10.00 लाख रूपये तक बैंको के माध्यम से 18 से 50 वर्ष के सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को टर्मलोन पूजीगत ऋृण उपलबध कराया जाएगा।

चार प्रतिशत वार्षिक व्याज दर पर एवं महिला तथा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को टर्मलोन पूजीगत ऋृण व्याज मुक्त नियमानुसार उपलब्ध कराए जाने का प्रविधान है। योजनांतर्गत उद्योग स्थापनार्थ समस्त ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऋृण आवेदन संबंधित प्रपत्रों सहित वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें। शिक्षित बेरोजगार, आईटीआई, पौलिटैक्निक, अल्पसंख्यक, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचितजनजाति, दिव्यांग अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## प्रतियोगिताओं से उभरती हैं छात्रों में छिपी कलाएं

**कासगंज, अमृत विचार :** शहर के बीके जैन कॉलेज ऑफ एजूकेशन में महाविद्यालय में काकोरी ट्रेन एक्शन 9 अगस्त 1925 शताब्दी महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताए कराई गई। जिसमें जिसमें प्रथम स्थान पर बीएड की छात्रा निहारिका, दूसरे स्थान पर बीएड की छात्रा अनम व तृतीय स्थान पर बीएड की छात्रा वंदना ने हासिल किया, जबकि सांत्वना पुरस्कार शैलेंद्र, यति, गार्गी, मनोज कुमार ने प्राप्त किया। बीके जैन कॉलेज ऑफ एजूकेशन में आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओ के मुख्य अतिथि रहे कॉलेज प्रबंधक विनय कुमार जैन ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओ से विद्यार्थियों की अंदर छिपी हुई कलाए उभर कर आती हैं। उनका शारीरिक मानसिक विकास होता है। छात्राओं ने काकोरी ट्रेन एक्शन एवं स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए क्रांतिकारियों के सम्मान में रंगोली बनाई।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम संजना द्वितीय, मनोज कुमार तृतीय निहारिका रहे, जबकि सांत्वना पुरस्कार में वंदना, गार्गी, अनम, शैलेंद्र रहे। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम मनोज कुमार, द्वितीय संजना शर्मा, तृतीय वंदना और सांत्वना पुरस्कार में अंजली कुशवाहा, अनम निहारिका, प्रिया चौहान रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मेरे आधार कार्ड 752389622985 व पैन कार्ड सं.- ACAPN6398N में मेरा नाम मोहम्मद नसीम पुत्र मोहम्मद दीन राइन (MOHAMMAD NASEEM SON OF MOHAMMAD DEEN RAIN) है और मुझे इसी नाम से जाना जाये। **मोहम्मद नसीम पुत्र मोहम्मद दीन राइन निवासी मोहल्ला नं. 4, वार्ड नं. 4, मस्जिद के पास कस्बा व तहसील व थाना बिल्सी जिला बदायूं (उ.प्र.)**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सगा बेटा सोनू गलत सोबत में पड़ गया है। मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किसी से किसी भी प्रकार के लेन-देन एवं झगड़ा-फसाद का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं और मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य का उससे कोई बास्ता नहीं होगा। **अमीन खां पुत्र बाले खान निवासी ग्राम गुपलापुर थाना हाफिजगंज जनपद बरेली। मो. 8954071405**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने दोनों पुत्रों तरबेन्दर सिंह उर्फ मन्नू तथा बरबेन्द्र सिंह उर्फ तन्नू को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **देवेंद्र सिंह पुत्र स्व. अमरीक सिंह निवासी थाना रोड मोहल्ला मेवात कस्बा व थाना व तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पत्नी वीरा वती, पुत्र मोहित व शौविक को गलत आचरण के कारण समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। **धर्मवीर पुत्र भजन लाल ग्राम कचनारी तहसील बहेड़ी जिला बरेली।**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र मोहम्मद शाहनजफ को उसके गलत आचरण से तंग आकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किये गये कार्य लेनदेन की जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी। **मो. इकबाल पुत्र बशीर अहमद ग्राम हथौड़ा बुजुर्ग, थाना रोजा-शाहजहांपुर**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला है। **अंशिका शुक्ला पुत्री श्री प्रमोद शुक्ला निवासी पुराना रामलीला, फरीदपुर जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋृण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# चोरों ने सर्राफ की दुकान में नकब लगाकर की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- हजारों रुपए के सोने चांदी के जेवरात ले गए चोर
- सूचना पर थाना पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण

**अमृत विचार:** थाना ढोलना क्षेत्र में अथ्थैया चौराहे स्थित सर्राफ की दुकान में चोरों ने नकब लगाकर चोरी कर ले गए। चोर दुकान से हजारों रुपए की कीमत के सोने, चांदी के जेवरात ले गए हैं। सूचना पर थाना पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया है। मामले में दुकान स्वामी ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी है।

शहर के मुहल्ला जयजयराम निवासी अंकुर वर्मा पुत्र जागेश कुमार वर्मा की कासगंज सिकंद्रराऊ मार्ग स्थित गांव अथ्थैया चौराहे पर सर्राफ की दुकान है। अंकुर रोज की तरह अपनी दुकान बंद कर शाम लगभग साढे सात बजे अपने घर कासगंज आ गया था। सोमवार की सुबह आस पास के लोगों ने उन्हें सूचना दी कि दुकान में चोरी हो गई है। चोरों ने नकब लगाया है। जानकारी मिलते ही अंकुर वर्मा दुकान पर पहुंचा और उसने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। ढोलना के इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने अथ्थैया चौराहे पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया। दुकान स्वामी ने पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर के आधार पर आग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## कृषकों को हरी खाद लगाने के बताए गए फायदे

**कासगंज :** यूपीडास्प कासगंज द्वारा संचालित नमामि गंगे ईओएफसी जैविक खेती परियोजना द्वितीय चरण में विकास खंड गंजडुंडवारा के गांव बस्तोली में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। जिसमे कृषकों को जैविक खेती के बारे में जागरूक किया गया। जिला परियोजना समन्वयक अधिकारी डा. आदित्य कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जैविक खेती के साथ साथ दुधारू पशुओं के स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि विभाग से मनोज मिश्रा बीटीएम और सेवा प्रदाता संस्था ईकोआ से मनोज कुमार पालीवाल, परियोजना प्रभारी ने जैविक खेती के बारे में एवं योजनाओं की जानकारी दी। कृषकों को हरी खाद लगाने के फायदे, प्रोत्साहन राशि डीबीटी के बारे में बताया। क्षेत्रीय परिषद ग्लोबल सर्टिफिकेशन सोसायटी से हेम सिंह ने पीजीएस प्रमाणीकरण, के बारे में जानकारी देते हुए समूह लीडर को स्कोप सर्टिफिकेटस भी वितरित किए। संस्था के एलआरपी शिव कुमार, सचित गुप्ता व सभी समूह संयोजक सहित समूह के कृषक उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर स्कूलों में अभ्यास कर रहे विद्यार्थी



कस्बा के बैकुंठी देवी राष्ट्रीय शिशु सदन में स्वतंत्रता दिवस को लेकर अभ्यास करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

संवाददाता, -अमांपुर


- अमांपुर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्साह, तैयारियां शुरू

**अमृत विचार :** 15 अगस्त को मानए जाने वाले राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की चहल कदमी अब नजर आने लगी है। पर्व के दौरान स्कूल स्तर पर होने वाले आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

कस्बा के बैकुंठी देवी राष्ट्रीय शिशु सदन में विद्यार्थी बैंडबाजों के साथ 15 अगस्त को लेकर अभ्यास कर रहे है। बाजार में दुकानों पर तिरंगे सजने लगे हैं। 15 अगस्त को कोतवाली परिसर, विकास खंड कार्यालय, नगर पंचायत, प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अनेक सरकारी कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इस अवसर पर सभी स्कूलों, महाविद्यालयों में तरह-तरह के कार्यक्रमों की प्रस्तुति करने के लिए शिक्षकों द्वारा बच्चों की तैयारी जोरों-शोरों से चल रही है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रोज परेड, डांस, भक्ति गीत, नाटक, भाषण, बैंडबाजों, घोंष, सहित राष्ट्रीय गीत वाले कार्यक्रमों सहित अन्य विधाओं पर अपनी रिहर्सल कर रहे है।

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET? Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



## एक नजर

### बाइक की टक्कर से दो कावड़िया घायल, भर्ती

एटा : एटा के कोतवाली देहात क्षेत्र के हिंदुस्तान लीवर बाईपास हाईवे पर बाइक सवार कावड़ियों को पीछे से दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी इससे दो शिवभक्त कावड़िये घायल हो गए। घायल कांबडिया सतेन्द्र पुत्र अशोक कुमार और अनिकेत पुत्र रामवीर सिंह निवासी औंछा जनपद मैनपुरी को उनके साथियों द्वारा एटा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। मेडिकल कॉलेज में दोनों कावड़ियों का इलाज जारी है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई।

### शिवालय जा रहे युवक को बाइक ने रौंदा, मौत

एटा : शिव मंदिर पर जलाभिषेक करने जा रहे साइकिल सवार युवक को बाइक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। मामले जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस टक्कर मारने वाले की तलाश कर रही है। थाना जैथरा के सूर्यनगर निवासी राजेंद्र (37) पुत्र शिवसिंह सोमवार को परसोन स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक के लिए जा रहा था। वह जैथरा से आग की निकल पाया था कि इसी समय तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राजेंद्र गिर गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्तपाल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### अवैध रूप से खनन करते तीन ट्रैक्टर पकड़े, सीज

एटा : उप जिलाधिकारी जलेसर प्रतीत त्रिपाठी के निर्देशन में तहसील क्षेत्र के ग्राम अकराबाद में अवैध रूप से खनन करते हुए तीन ट्रैक्टरों को खनन विभाग की टीम पकड़ा तीन ट्रैक्टरों को पकड़कर थाने पर सीज किया। उप जिलाधिकारी के अनुसार किसी भी प्रकार की परमिशन नहीं ली गई थी खनन वाले स्थान को चिन्हित कर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी गई है। बताया कि अब तहसील क्षेत्र के अंतर्गत अवैध रूप से खनन एवं अवैध कारोबार नहीं चल सकेगा।

### मारपीटकर युवक को किया घायल

एटा : कोतवाली देहात के गांव कल्याणपुर निवासी मुन्नालाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाए है कि 14 जुलाई को गांव के पंकज सहित चार आरोपियों ने घेर लिया और हमला कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़कों से लेकर शिवालयों तक दिखाई दी आस्था की लहर

## हर-हर महादेव से गूंज उठे शिवालय, उमड़ा सैलाब, गंगा जल लेकर शिवालयों में भोलेनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचे भक्त

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** सावन माह के चौथे सोमवार को शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, मंदिरों में पहुंच भक्तों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की तथा भगवान शिव का जलाभिषेक किया। घरों एवं मंदिरों पर महिलाओं ने शिव विवाह गीत गाया। सड़क से लेकर मंदिरों तक धार्मिक अनुष्ठान की धूम रही। हर-हर गंगे के स्वर से गंगा घाट गूंजते रहे तो हर-हर महादेव के स्वर शिवालयों एवं शिव मंदिर में सुनाई दिए।

**सुबह से ही पहुंच रहे थे श्रद्धालु**

सोमवार को नगर के भूतेश्वर मंदिर, खिड़किया मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, शिवालय मंदिर सहित नगर के सभी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का मेला लगना शुरू हुआ। भक्तों ने फल फूल बेलपत्र आदि से भगवान की पूजा अर्चना की। सुबह से लेकर शाम तक मंदिरों में भगवान शिव की जय-जयकार के स्वर गूंजते रहे।



गंजडुंडवारा के केवल स्थित शिव मंदिर पर पूजा अर्चना करते भक्त। ● अमृत विचार



शहर के ठंडी सड़क स्थित भूतेश्वर मंदिर में के बाहर बेलपत्री बेचते विक्रेता।



कस्बा अमांपुर के सावन के चौथे सोमवार को शिवालय में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### तीर्थ नगरी में उमड़ा आस्था का सैलाब

तीर्थ नगरी सोरों में शनिवार की शाम से ही भीड़ उमड़ी। रविवार को सुबह से लेकर रात तक श्रद्धा का सैलाब दिखाई दिया तो सोमवार को भी आस्था उमड़ पड़ी। सोरों के महाकालेश्वर मंदिर, सिद्धेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। गंजडुंडवारा के गांव बस्तर स्थित महादेव मंदिर के अलावा अन्य मंदिरों श्रद्धा भाव से लोग पूजा अर्चना उमड़े। आस्था में हर कोई डूबा नजर आया।

### भोले के जयकारों के साथ किया जलाभिषेक

**अमांपुर।** कस्बा के प्रचीन शिव मंदिर, देवी मंदिर, साई राम मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर, मथुराधीश मंदिर, हनुमान मंदिर पर सावन माह के चतुर्थ सोमवार को उत्साह के साथ भगवान शिव का पूजन कर अभिषेक किया गया। प्रात :काल से ही हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालु बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, मेवा, फल, आदि लेकर मंदिरों में पहुंचे और भगवान शिव को अर्पित किए। हर हर महादेव के जयघोष से मंदिर प्रांगण गूंजते रहे। श्रद्धालु शिव चालीसा, महामृत्युंजय मंत्र का जाप करते नजर आए। भोलेनाथ के भक्तों ने शिवलिंग का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक भी किया।

### पुलिस की रही कड़ी चौकसी

पुलिस की कड़ी चौकसी रही। सोरों के लहरा घाट पर देर रात जब भीड़ बढ़ती ही गई तो रात में अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया। सुबह से ही सड़कों से लेकर मंदिरों तक पुलिस का पहरा दिखाई दिया। सीओ यातायात विजय कुमार राणा व्यवस्था की कमान संभाले रहे। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने भी व्यवस्था संभाली।

## सड़क हादसे में कांवड़िया की मौत

**कासगंज, अमृत विचार :** कासगंज कोतवाली क्षेत्र के एटा रोड पर ढाबे के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से कांवड़िये की मौत हुई है। कांवडिये की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम लिए भेजा है। पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है। जिला फिरोजाबाद के थाना नरखी क्षेत्र के गांव नगला राधे निवासी 22 वर्षीय योगेश, 25 वर्षीय श्रीकृष्णा और 23 वर्षीय अनुज कांवड़ लेने लहरा गंगा घाट जा रहे थे। जब यह बाइक सवार कांवड़िये एटा रोड पर सौरभ ढाबे के समीप पहुंचे कि तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। तीनों दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। योगेश और श्रीकृष्णा आगरा रेफर कर दिया गया। जबकि अनुज को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है। सदर कोतवाली प्रभारी लोकेश भाटी ने बताया कि अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर के मिलने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### शिवालयों पर उमड़ी भक्तों की भीड़

**एटा अमृत विचार :** सावन मास के चौथे सोमवार को जलेसर स्थित शिवालयों पर भक्तों की उमड़ी भीड़ माता बहनों ने व्रत रखकर शिव की पूजा अर्चना की और जलेसर में महाभारत कालीन इच्छेश्वर महादेव पटना पक्षी विहार एवं चिंता हरण मंदिर पर गंगा घाट से लाई कांवर चढ़ाई। 51 किलो से लेकर 101 किलो गंगाजल लेकर श्रद्धालु आए थे। चौथे सोमवार को भी पटना पक्षी विहार पर लाखों श्रद्धालु आए।

### शिविर लगाकर कांवड़ियों के लिए की व्यवस्था

**अवागढ़ :** नगर की श्रवण गंगा सेवा समिति लालपुर द्वारा पूरे सावन माह में कावड़ यात्रियों के लिए अवागढ़ स्थित कैंप कार्यालय पर शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमे चौथे सोमवार को लेकर कावड़ यात्रियों के लिए भोजन, दवा, चिकित्सक, रात्रि विश्राम के लिए व्यवस्था समिति की ओर से की गई। कार्यालय प्रभारी गप्पू ठाकुर जिनावली, वीपी सिंह, प्रिंस ठाकुर, अर्पित सिंह, दाताराम, राम प्रकाश, प्रताप कुशवाह, विष्णु ओखरा, अंशु, अमित कुमार, अजय राघव, रिंकू, मोनू आदि थे।

# एटा के शिवालयों में जलाभिषेक करने उमड़े कांवड़ियों के जत्थे

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** सावन के चौथे सोमवार पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं और शिवभक्त कांवड़ियों ने शिवालयों में जलाभिषेक किया। शिवालयों में दोपहर बाद तक लंबी-लंबी कतारें देखी गई। हर-हर, बम-बम के उद्घोष से मंदिर दिन भर गूंजते रहे।

सावन माह के चौथे सोमवार को श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर मनौतियां मांगीं। दिनभर मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। शहर के कैलाशगंज स्थित प्राचीन शिव महादेव मंदिर के अलावा अन्य शिव मंदिरों में तड़के चार बजे से ही जलाभिषेक करना शुरू कर दिया था। सुबह से ही शिवभक्तों की कतार मंदिर से बाहर तक लग गई।

कछला और सोरों से कांवड़ में जल लेकर पैदल पहुंचे कांवड़ियों की भीड़ मंदिर में उमड़ पड़ी। शिवभक्तों ने गंगाजल, दूध, दही, बेलपत्र, पुष्प, भांग, धतूरा, शहद, फल और प्रसाद अर्पित कर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। डाक बंगलिया, पथवारी देवी, रघुनाथ जी, अरुणा नगर आदि मंदिरों में भी भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर मनौती मांगी। अन्य कई शिव मंदिरों में सोमवार को भंडारे का भी आयोजन हुआ जिनमें रात तक श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते रहे। इसके साथ महिला व बच्चों ने मेले में भी खरीदारी की। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर के बाहर बैरीकेडिंग की गई। दोपहर तक जलाभिषेक का सिलसिला चलता रहा। कैलाशगंज मार्ग पर दो जगह बैरीकेडिंग कर वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया। बली मोहम्मद चौराहा और सदर तहसील तिराहा के पास बैरीकेडिंग कर वाहनों को रोकने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया। साथ ही मंदिर के बाहर भी पुलिस का कड़ा पहरा रहा।





कैलाश मंदिर में सोमवार को जलाभिषेक करतीं महिलाएं एवं दूसरे चित्र में जलाभिषेक करने के लिए लाइन में लगे कांवडिया। ● अमृत विचार

### 150 साल पुराना है कैलाश मंदिर में चतुर्थमुखी शिवलिंग

जिले में डेढ़ सौ साल पुराने श्री कैलाश महादेव मंदिर जिले का सबसे ऊंचा शिवालय है। 190 फुट ऊंचे शिखर वाले मंदिर का गर्भगृह सौ फुट ऊंचा ही नहीं ठोस भी है। मान्यता के अनुसार तत्कालीन राजा राय बहादुर दिलसुख राव ने राज्य की खुशहाली एवं प्रजा को कष्ट से दूर रखने के लिए मंदिर का निर्माण कराया था। श्रेष्ठ पंडितों एवं ज्योतिषी सलाह पर भगवान शिव की चैमुखी प्रतिमा की परंपरागत तरीके से लंबे अनुष्ठानों के बाद प्राण प्रतिष्ठा कराई गई थी। किवंदती के अनुसार चैमुखी शिवलिंग कवच बनकर चारों दिशाओं से भक्तों की रक्षा करती है। नीचे से मंदिर की ऊंचाई देख कर डरने वाले शिथिल बुजुर्ग भी भगवान भोले की शरण में दस्तक देना नहीं भूलते। सोमवार को भक्तों की संख्या बढ़ जाती है। श्रावण माह में यहां लाखों लोग जलाभिषेक कर मनौती मांगते हैं।

### दिनभर चढ़ती रहीं डाक कांवड़ें

तमाम श्रद्धालु डाक कांवड़ लेकर कैलाश मंदिर में ब्रह्म मुहुर्त से पहुंचने शुरु हो गए थे। सोमवार को सोरों व कछला घाट से कांवड़ में जल भरकर कांवड़िये जल लेकर दौड़ते हुए मंदिर तक पहुंचते रहे। डाक कांवड़ लेकर पहुंचे कांवड़ियों को अन्य श्रद्धालुओं ने पहले जलाभिषेक के लिए स्थान दिया। विधि विधान से पूजा अर्चना कर भोलेनाथ से कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। डाक कांवड़ यात्रा पूरी होने पर कांवड़ियों के समूह भोले की मस्ती में जमकर नृत्य करते रहे। महिलाओं और किशोरों ने भी कांवड़ लाकर जलाभिषेक किया।

### भंडारे का हुआ आयोजन

सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सैकड़ों की संख्या में कांवड़िए तो हजारों की संख्या में भक्त भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए यहां पहुंचे। मंदिर के आसपास पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के बेहतरीन इंतजाम किए गए हैं। वहीं भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ का फूल बंगला बनाया गया और शाम को भंडारे की व्यवस्था भी की गई है।


# छात्र विरोधी है केंद्र व प्रदेश की सरकार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- छात्र जागरुकता सप्ताह के तहत हुई पीडीए पंचायत
- सपा नेताओ ने छात्रों और ग्रामीणों को किया जागरुक

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के द्वारा छात्र जागरुकता सप्ताह के तहत कस्बा भरगैन में पीडीए पंचायत हुई। सपा नेताओ ने कार्यकर्ता और ग्रामीणों को जागरुक किया। सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों को छात्र विरोधी बताया।

सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद ने कहाकि पिछले 8 वर्षो में 46 पेपर लीक हुए हैं। जिससे वर्षो से मेहनत कर रहे बच्चो को नौकरी तो मिली नहीं अभिभावकों का कोचिंग आदि में लाखो रुपया बर्बाद हुआ । दस सालो में एक भी भर्ती बिना विवादों के नही हुई है। सरकार की नीतियों से लाखो छात्रों का भविष्य समाप्त हो गया। राष्ट्रीय सचिव संतोष यादव ने कहा धर्म के नाम पर जनता को बेवकूफ बनाया जा रहा है। जिला अध्यक्ष विक्रम यादव ने कहा सरकार की युवा विरोधी नीति का परिणाम महंगी शिक्षा, मेडिकल एडमिशन में करोड़ो की फीस ने दुनिया में भारत की साख को खराब किया है। कार्यक्रम में आशीष पाल, उमेश यादव, नावेद पठान, प्रतीक चौहान, संतोष यादव, मनोज यादव, कैलाश यादव, रिंकू महाजन, प्रमोद राकेश, कद्दूस खान, जान मोहम्मद, टिंकू भैय्या आदि लोग शामिल थे।



कस्बा भरगैन में सपा की पीडीए पंचायत के दौरान छात्र को सपा की नीतियों का प्रपत्र देते युवजन सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद और राष्ट्रीय सचिव संतोष यादव।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**जलेसर:** अवागढ़ जलेसर मार्ग पर ग्राम नगला महासुख के निकट गांव से जलेसर आ रहे 40 वर्षीय भीष्म पाल सिंह पुत्र जय सिंह निवासी नगला महासुख अज्ञात वाहन से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सा के लिए आगरा जाते हुए रास्ते में दम तोड़ दिया।

घटनाक्रम के अनुसार भीष्म पाल सिंह गांव से खरीदारी करने के लिए जलेसर सोमवार को सुबह 10 बजे के करीब आ रहे थे इस दौरान एक वाहन उन्हें टक्कर मारकर भाग गया। जानकारी मिलते ही मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। गंभीर अवस्था को दृष्टिगत प्राथमिक उपचार के बाद आगरा रेफर कर दिया था जहां भीष्म पाल ने रास्ते में दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा।

# शराब की दुकान से लाखों की नगदी और बोतले चोरी

संवाददाता, अलीगंज

- मौके पर पहुंची पुलिस डॉग स्क्वायड व फील्ड यूनिट टीम ने की जांच पड़ताल

**अमृत विचार:** कस्बे में रविवार की देर रात चोरों ने शराब की शॉप में छत के दरवाजे को काटकर लाखों रुपए की नकदी और दुकान में रखी मंहगी शराब चोरी कर ली। सुबह जब सेल्समैन ने दुकान खोली तब उसे घटना की जानकारी हुई। वारदात की सूचना अलीगंज थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी। मौके पर डॉग स्क्वायड और फील्ड यूनिट की टीम को भी बुलाया गया।

अलीगंज कस्बे के कायमगंज रोड पर कुछ समय पूर्व ही बीयर और अंग्रेजी शराब की दुकान खुली है। देर रात सेल्समैन शॉप बंद कर घर चले गए थे।

रात को बरसात हो रही थी तभी मौके का फायदा उठाकर चोरों ने शराब की दुकान के छत का लोहे का दरवाजा काट दिया और काउंटर में रखे बिक्री के पैसे और कुछ शराब की बोतल निकाल ले गए। दुकान के मालिक ने अलीगंज पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखित तहरीर दी है।

अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह ने बताया की शराब की दुकान में चोरी हुई है।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वायड की टीम को भी मौके पर भेजा गया है। आस पास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### अधिशासी अधिकारी से मिला निकाय सफाई मजदूर संघ



**कासगंज :, अमृत विचार :** सोमवार को स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने नवागत सदर नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी से मुलाकात की। उन्हें बुकें भेंट कर स्वागत किया। साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने सफाई कर्मचारियों की चार सूत्रीय समस्याओ को बताकर समाधान की मांग की। स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष सोनू भंडारी, प्रांतीय संयोजक मुकेश वाल्मीकि, मंडल मंत्री मोहित तेजधारी और संगठन मंत्री सुखराम नेताजी ने नवागत अधिशासी अधिकारी पूजा से मुलाकात की। साथ सफाई कर्मचारियों की चार सूत्रीय मांगो को अधिशासी अधिकारी के समक्ष रखा। जिलाध्यक्ष सोनू भंडारी ने बताया कि ठेका मजदूर कर्मचारियों को प्रतिदिन 410 रुपये के हिसाब से मिलता है, लेकिन भुगतान कम का किया जाता है। अधिशासी अधिकारी पूजा ने प्रतिनिधि मंडल को मांगे पूरी करने का भरोसा दिया है।

### वांछित पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना सिढ़पुरा पुलिस ने बीएनएस के मामले में फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर राधेश्याम सिंह ने बताया कि वांछित आशीष निवासी ग्राम नगला खेमी थाना सिढ़पुरा गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध थाने पर मुकदमा दर्ज था और फरार चल रहा था। अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

### दो वारंटी पुलिस ने किए गिरफ्तार

**कासगंज।** सोरों कोतवाली एवं थाना सहावर पुलिस ने न्यायालय से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी राजेश भारती ने बताया कि थाना सहावर पुलिस द्वारा वारंटी देवकरन निवासी मोहनपुर थाना सहावर एवं सोरों कोतवाली पुलिस द्वारा उजीर सिंह निवासी नगला राधे थाना सोरों को गिरफ्तार किया है। नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### सर्पदंश से महिला बेहोश

**कासगंज।** सदर कोतवाली के गांव नगला बंजारा निवासी आशीष की पत्नी रेनू घर के बाहर पशुओं को चारा डाल रही थी कि तभी उनके बाएं पैर में सर्प ने डस लिया। जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### वाल्मीकि समाज के लोगों ने चढ़ाई डाक कांवड़

**अवागढ़ :** अवागढ़ शिव मंदिर पर वाल्मीकि समाज के लोगों ने सावन के चौथे सोमवार को डाक कावड़ चढ़ाई। ग्राम शहनोहा के बाल्मिकी समाज ने पहली बार कावड़ लाकर चढ़ाई। राज्य स्वायत शासन कर्मचारी परिषद् के प्रांतीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह एवम हिन्दू एकता समूह के संस्थापक शुभम हिन्दू ने कहा कि हम सब लोग सनातनी है। इस मौके पर कोषाध्यक्ष मुकेश तोमर, अतुल, रहीस पाल, विपिन, दरोगा, पम्मू, जीतू आदि कावड़िए मौजूद रहे।

### रामलीला कलाकार का निधन, शोक की लहर

**एटा अमृत विचार :** मेला सांझी श्री रामलीला मण्डल सराय अगहत के युवा कलाकार व सराफा व्यवसाई अरुण कुमार स्वर्णकार का बीमारी के चलते निधन हो गया। दिवंगत कलाकार की शोक सभा का आयोजन नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। इस मौके पर रामलीला के समस्त कलाकार मौजूद रहे। रामलीला का मंचन करते समय वह काफी प्रसिद्ध हो थे।

### 109 वाहनों के पंजीयन निलम्बित

**एटा अमृत विचार :** फिटनेस एवं परमिट समाप्त होने पर स्कूली एवं यात्री वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर 109 स्कूली वाहनों व यात्री वाहनों का पंजीयन निलम्बित किया गया है। यह जानकारी सहायक संभागीय परिवहन प्रशासन व प्रवर्तन अधिकारी सतेन्द्र कुमार ने दी। बताया कि वाहन स्वामियों को अवगत करा दिया गया है कि जिन वाहनों की फिटनेस अथवा परमिट वैध न हो वह तत्काल कार्यालय में आकर अपने वाहन की फिटनेस व परमिट वैध करा लें।




शहीदों की याद में प्रभात फेरी निकालते एनसीसी कैडेटस और एनएसएस कार्यकर्ता।

# पर्यावरण बचाओ का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- एनसीसी कैडेटस ने किया पौध रोपण, लिया पोषण का संकल्प
- शहीदों की याद में निकाली गई प्रभात फेरी

**अमृत विचार :** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के तहत सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजन एवं एनसीसी कैडेटस ने प्रभात फेरी निकाली और केए कॉलेज में पौध रोपण कर उनके पोषण का संकल्प लिया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर अशोक रुस्तगी एवं संयोजक डा. संजय सिंह ने शहीदों को याद कर किया। प्रभात फेरी में एनएसएस ,एनसीसी, रोवर्स रेंजर्स कैडेट के साथ ही महाविद्यालय के अन्य छात्र_ छात्राएं भी शामिल हुए । विद्यालय सभागार में हुई संगोष्ठी में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी अंकित कुमार कौशल ने कहा कि काकोरी के ऐतिहासिक कांड ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी । डा. एम.एस. चंद्रवरिया ने कहा कि काकोरी शहीदो का मुख्य मकसद अंग्रेजी हुकुमत को चुनौती देना था। डा. अजीत यादव, आलोक, फैजल, राजकिशन, बालदीप, रूप किशोर, संदीप , शिवम , अंकित, हर्षित, लक्ष्मी, शिवांगी, अनामिका, भावना मौजूद रहीं।

## ऑटो लिफ्टर गैंग के 4 लोग गिरफ्तार, 10 बाइकें बरामद

**जलेसर:** पुलिस ने अंतर्जनपदीय ऑटो लिफ्टर गैंग का पर्दाफाश किया है, गैंग के 4 शातिर सदस्यों को चोरी की 10 मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। थाना जलेसर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के गढ़ीराम लाल तिराहे के पास से दो मोटर साइकिल सवार शिवकुमार पुत्र ब्रहमदेव शर्मा निवासी लहरा थाना कोतवाली देहात (सरगना), रजनीकांत शर्मा पुत्र फौजदार सिंह निवासी हीरानगर थाना कोतवाली नगर, सोहिल पुत्र सईद निवासी मौ0 लाला का नगला थाना कोतवाली हाथरस, जीशान पुत्र शौकत अली निवासी मोहल्ला किदवई नगर थाना कोतवाली नगर के अन्तर्जनपदीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों की निशानदेही पर कोसमा रोड़ पर बने बंद पडे भट्टे से चोरी की आठ अन्य मोटर साइकिलें बरामद की गयी।

# प्रतियोगिता में महिलाओ ने किया नृत्य



हरियाली तीज के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम में राधाकृष्ण स्वरुप में सजे बच्चों के साथ समिति की बहने। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- तीज पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- श्री अग्रसेन महिला समिति ने किया आयोजन

**अमृत विचार:** श्री अग्रसेन महिला समिति द्वारा तीज महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता कराई गई। महिलाओ ने प्रतिभाग कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

डा. गीता अग्रवाल के सोरों गेट स्थित आवास पर हुए तीज महोत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ श्री अग्रसेन महिला समिति के पदाधिकारियों ने महाराजा अग्रसेन के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। महिलाओ ने झूला झूलकर पर्व महोत्सव का आंनद लिया। समिति द्वारा नृत्य प्रतियोगिता कराई गई। महिलाओ ने एकल और सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए। सामूहिक नृत्य मे प्रणिता, उषा, मीना, प्रियंका की टीम को विजेता घोषित किया गया। राधा कृष्ण स्वरुपों में सभी बच्चों ने नृत्य कर दर्शको को मंत्रमुग्ध किया गया। समिति की ओर से विजेताओ को पुरुस्कृत किया गया। रेखा, ममता, रीता, शशि, बबली, लक्ष्मी गर्ग, प्रभा, मंजू , कुमकुम, सीमा, मधू, कुसुम, प्रतिभा, शिवांनी, उमा, कल्पना, सीता मौजूद रही।

# चुनौती मूल्यांकन के दूसरे चरण के लिए 17 तक कर सकेंगे आवेदन

## दीक्षांत से पहले परिणाम घोषित कर जारी की जाएगी टॉपर्स की सूची

**बरेली कार्यालय**

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षा के अंकों से असंतुष्ट छात्रों के लिए चुनौती मूल्यांकन के दूसरे चरण के आवेदन की तिथि निर्धारित कर दी है। छात्र 12 से 17 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। दीक्षांत समारोह से पहले विश्वविद्यालय चुनौती मूल्यांकन का परिणाम जारी कर टॉपर्स की सूची जारी करेगा।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीटेक, बीफार्मा अष्टम सेमेस्टर, स्नातक में बीए, बीकॉम, बीएससी और बीबीए, षष्ठम सेमेस्टर, परास्नातक में एमए, एमएससी, एमकॉम चतुर्थ सेमेस्टर और वार्षिक परीक्षा बीए, बीएससी, बीकॉम, बीकॉम आनर्स, बीएससी ऑनर्स, बीएससी गृह विज्ञान, बीएससी बायोटेक, माइक्रोबायोलॉजी, एमए, एमएससी और एमकॉम (वार्षिकी) अंतिम वर्ष, एलएलबी षष्ठम सेमेस्टर, बीएएलएलबी दशम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 से संतुष्ट छात्र मूल्यांकन को चुनौती दे सकते हैं। छात्रों को दूसरे चरण में चुनौती मूल्यांकन के लिए 25 सौ रुपये ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि परीक्षार्थी को विषय में कम नंबर आने की शिकायत रहती है। इसके लिए छात्र चुनौती मूल्यांकन के तहत आवेदन कर सकते हैं।

# मंडलीय निर्यात जागरूकता कार्यक्रम में दो सौ निर्यातक होंगे शामिल

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और जिला प्रशासन के प्रयास से मंगलवार को मंडलीय निर्यात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि राज्य मंत्री वाणिज्य एवं उद्योग जितिन प्रसाद होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मंडल के शाहजहांपुर, बदायूं, पीलीभीत और बरेली से निर्यात को बढ़ावा देना और निर्यातकों, उद्यमियों की नीतिगत समस्याओं का समाधान करना है। कार्यक्रम में मेंथा ऑयल के उत्पादन, निर्यात, कृषि निर्यात, कार्पेट, दरी, विदेशी मुद्रा समेत अन्य विषयों पर विशेषज्ञ प्रस्तुतीकरण करेंगे। मंडल के चारों जिलों से करीब 200 निर्यातक और उद्यमी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसमें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, विधायक, अपर महानिदेशक विदेश व्यापार गंगाधर पांडा, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, चारों जिलों के सीडीओ और मंडल के उद्यमी शामिल होंगे।

## खतना के दौरान नस कटने से डेढ़ महीने के बच्चे की मौत

**फतेहगंज पूर्वी (बरेली), अमृत विचार :** फतेहगंज पूर्वी के शिवपुरी राधौली निवासी वाजिद के डेढ़ महीने के बेटे मोहम्मद सिफान का रविवार को खतना होना था। उन्होंने खतना करने के लिए गांव टिसुआ से कबीर नाई को बुलाया था। सुबह 11 बजे कबीर ने बच्चे का खतना किया लेकिन गलत नस कटने से खून बहने लगा। बच्चे का ज्यादा खून बहने से उसने शाम 7 बजे दम तोड़ दिया। परिवार वालों ने सोमवार को थाना फरीदपुर में कबीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, जिला पीलीभीत

पत्रांक: मेमो/न.पं./गु.भि./2024–25 दिनांक: 02.08.2024

**नोटिस**

**(अन्तर्गत धारा- 143, नगर पालिका अधिनियम, 1916)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है निम्नलिखित विवरण के अनुसार कालम सं.– 4 में अंकित व्यक्ति के द्वारा किये गये रजिस्टर्ड बैनामा के द्वारा हस्तान्तरण के आधार पर कॉलम–5 में उल्लिखित व्यक्ति ने अपना नाम गृहकर पंजिका में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में प्रार्थना–पत्र दिया है। यदि कॉलम सं. 5 में अंकित व्यक्ति के नाम को गृहकर पंजिका में अंकित किये जाने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन के प्रकाशन तिथि के एक माह के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकता है। उल्लिखित समय सीमा के अन्दर किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में प्रस्तावित नाम को नगर पंचायत के गृहकर रजिस्टर में गृहकर वसूली के उद्देश्य से दर्ज कर दिया जायेगा।

| क्र.सं. | सम्पत्ति का विवरण | हस्तान्तरण हेतु प्रस्तावित सम्पत्ति का वार्ड का नाम व पता | रजिस्टर्ड बैनामाकर्ता वसीयतनामाकर्ता का नाम व पता | प्रस्तावित व्यक्तिय का नाम, जो उक्त सम्पत्ति को गृहकर हेतु दर्ज किये जाने हैं | हस्तांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | गाटा संख्या–84 2 दुकान | नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा वार्ड नं. 2 तह. अमरिया जिला पीलीभीत | श्री हरजीत सिंह पुत्र श्री बाबू सिंह व श्रीमती गुरचरन कौर पत्नी श्री चमकोर सिंह निवासी ग्राम क्योलारा तह. अमरिया जिला पीलीभीत | श्रीमती गुरप्रीत कौर पत्नी श्री हरपाल सिंह व हरपाल सिंह पुत्र श्री गुरचरन सिंह, नि. वार्ड 06 गुलड़िया भिंडारा मझोला जिला पीलीभीत | रजिस्टर्ड बैनामा |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत गुलडिया भिंडारा, पीलीभीत**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत गुलडिया भिंडारा, पीलीभीत**

## पब्लिक नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड शाहजहांपुर से श्रीमती हाजरा बेगम पत्नी मो उस्मान निवासी ग्राम फील नगर परगना व तहसील तिलहर व जिला शाहजहांपुर ने एक किता प्लाट तादादी 53.6796 वर्गमीटर स्थित ग्राम फील नगर परगना व तहसील तिलहर व जिला शाहजहांपुर जिसकी चौहद्दी पूरब – वसीर अहमद का मकान, पश्चिम– राजू पटवा का मकान, उत्तर– खडन्जा, रास्ता व निकास, दक्षिण– गंगादीन का मकान को विक्रेता भैयालाल उर्फ भईया लाल पुत्र मोहन निवासी ग्राम फील नगर परगना व तहसील तिलहर व जिला शाहजहांपुर हाल निवासी मो. 127/13 सोनिया नगर लोनी देहात गाजियाबाद से क्रय किया था, उक्त लिखित सम्पत्ति पर हाजरा बेगम मेरे मुवक्किल से गृह ऋण ले रही है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है, तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रुप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड शाहजहांपुर पर या मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुए कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, उपरोक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**मुनीश सक्सेना एडवोकेट**
**कार्यालय-चैम्बर नं 27 सिविल कोर्ट बंगलिया सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड**
**मो.नं. 9997389012**

# सोल कारोबारी की गला रेतकर हत्या

**आगरा, अमृत विचार :** सोल फैक्ट्री स्वामी की गला रेतकर हत्या कर दी गई। डीसीपी सिटी ने मौका मुआयना किया। कर्मचारियों से जानकारी जुटाई गई। फिरोजाबाद के रहने वाले संजीव गुप्ता की सिकंदरा के इंड्रस्टीयल एरिया में एसबी पोलीमर्स के नाम से सोल फैक्ट्री है। रविवार की रात वह फैक्ट्री में अपने ऑफिस में ही सो गए थे। सोमवार सुबह जब कर्मचारी पहुंचे तो संजीव का शव चारपाई पर पड़ा मिला। वह खून से लथपथ थे। गले पर चोट के निशान थे। सिकंदरा पुलिस के साथ डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय मौके पर पहुंच गये। कुछ ही देर में एमएलसी विजय शिवहरे भी पहुंच गए। कारोबारी के परिजन भी आ गये। परिजनों ने बताया कि संजीव की किसी से ऐसी दुश्मनी नहीं थी। साझेदारी को लेकर पार्टनर से जरूर विवाद चल रहा था।पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फिंगर प्रिंट यूनिट ने कई निशान लिए हैं। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि हत्याकांड में किसी नजदीकी का हाथ हो सकता है। पुलिस जल्द ही खुलासा कर देगी।

## एलएलबी में अब 31 तक होंगे प्रवेश

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी में प्रवेश के लिए तिथि बढ़ा दी है। बरेली कॉलेज और हिंदू कॉलेज मुरादाबाद प्रवेश परीक्षा के परिणाम के आधार पर मेरिट जारी कर 31 तक प्रवेश ले सकेंगे। महाविद्यालयों को प्रवेशित छात्रों का डाटा ईमेल से 3 सितंबर तक भेजना होगा।

## बीसीए और एमएससी के परिणाम जारी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीसीए द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए हैं। इसके अलावा एमएससी रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान, सांख्यिकी, गणित और सैन्य अध्ययन के चतुर्थ सेमेस्टर के परिणाम भी जारी किए हैं।


## विशेष रेलगाड़ी – 2024

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार चलाई जायेंगी:–

**04211/04212 वाराणसी जं. – चंडीगढ़ – वाराणसी जं. सुपरफास्ट ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04211 आगमन | गाड़ी सं. 04211 प्रस्थान | स्टेशन (↓ 04211 / ↑ 04212) | गाड़ी सं. 04212 आगमन | गाड़ी सं. 04212 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 14:40 | वाराणसी जं. | 01:20 | ---- |
| 07:20 | ---- | चंडीगढ़ | ---- | 09:30 |

**चलने के दिन: 04211 वाराणसी जं.** से शनिवार दिनांक 17.08.2024 को एवं **04212 चंडीगढ़** से रविवार दिनांक 18.08.2024 को।

**ठहराव:** मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी और अंबाला छावनी जं. स्टेशन।

**स्थान:** प्रथम वाता., वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर , वाता. 3 टियर ईकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखे।

हमें फॉलो करें :-

**उत्तर रेलवे**
सदैव आपकी सेवा में
हमे www.nr.indianrailways.gov.in पर मिले

2504/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## कार्यालय नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम बरेली।

पत्रांक स. : 107 स्वा.वि./2024–25 दिनाँक : 12 अगस्त 2024

**पुनः ई–निविदा सूचना**

बरेली नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के स्टोर में विभागीय आवश्यकतानुसार समय – समय पर (01) सफाई उपकरण एवं सफाई सामिग्री (02) चूने का पाउडर, (03) नारियल झाड़ू, पल्ला, लाठी, (04) कीटनाशक दवा (फॉगिंग एंटीलार्वा दवा) हेतु, (05) गोदाम मैटेरियल सामिग्री, (06) विभिन्न नम्बरों के टायर व ट्यूब फ्लैप की आपूर्ति हेतु वर्ष 2024–25 में दरें प्राप्त करने के लिए जीएसटी में पंजीकृत निर्माता कम्पनियों/अधिकृत विक्रेताओं/सबडीलर से सम्बन्धित फर्मो से ई–टैण्डरिंग की वेवसाइट https://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नांकित टैण्डर शैड्यूल के अनुसार दिनांक 13.08.2024 को आमन्त्रित की जाती है। निविदा की शर्ते एवं कार्यो का विवरण ई–टैण्डरिंग की वेवसाइट https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि RTGS/NEFT द्वारा बरेली नगर निगम के पंजाब नैशनल बैंक शाखा बरेली के खाता संख्या 3647000100980707 IFSC Code- PUNB0364700 में जमा करानी होगी तथा धनराशि ट्रान्सफर का यूटीआर/एनएससी दिनांक 28.08.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक स्कैन कर वैवसाइट पर अपलोड करना होगा, निविदा मूल्य दिनांक 28.08.2024 तक पर जमा कराना होगा। धनराशि (EMD) नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होनी आवश्यक है। शर्तयुक्त निविदा मान्य नही होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम बरेली का होगा । समस्त विवरण, शर्ते आदि ई–टैण्डरिंग की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

| Sr. | बरेली नगर निगम BNN Stage | Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवम् समय | अंतिम दिनांक एवम् समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tender Release | | 13.08.2024 02:00 PM | - |
| 02 | | Tender Download | 14.08.2024 02:00 PM | - |
| 03 | | Bid Submission | 14.08.2024 02:00 PM | - |
| 04 | Close for Bid | | - | 28.08.2024 03:00 PM |
| 05 | Bid Opening | | - | 29.08.2024 04:00 PM |

**नोटः**– शासनादेश संख्या 3070/78–2–18/42 आईटी/2017/(22) दिनांक 03.01.2018 के अनुपालन में निविदाता को धरोहर राशि (ट्राजेक्शन नम्बर) की एफडीआर/एनएससी को स्कैन कर वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा । निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो जाने अर्थात् निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल धरोहर राशि सम्बन्धी एफडीआर/एनएससी विभाग को उपलब्ध करानी होगी, यदि उपलब्ध नहीं करायी जाती है, तो निविदादाता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी तथा उस फर्म को निरस्त कर काली सूची में डालने की कार्यवाही की जायेगी

**नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम बरेली ।**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर, पीलीभीत

पत्रांक: 778 (i)/न.पा.परि.बी./2024–25 दिनांक: 31.07.2024

**ई-निविदा सूचना**

शाासनादेश संख्या– 718/2024/004–04SA23–1773921 नगर विकास अनुभाग–1 लखनऊ, दिनांक 07 मार्च 2024 के द्वारा प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद बीसलपुर में सांस्कृतिक, पौराणिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर अवस्थापना तथा अन्य सुविधाओं के विकास हेतु वंदन योजना के अन्तर्गत, बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई–निविदा के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. लाख रू. में | धरोहर धनराशि आंगणन 02 प्रतिशत | निविदा मूल्य मय जी.एस.टी | कार्य करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | वंदन योजना द्वारा बीसलपुर का प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर पर विश्रामालय (हाल) का निर्माण कार्य। | 3232646.00 | 54800.00 | 3850.00 | 03 माह |
| 2- | वंदन योजना द्वारा बीसलपुर को प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर पर छादक (शेड हाल) का निर्माण कार्य। | 3980749.00 | 67500.00 | 4700.00 | 03 माह |
| 3- | वंदन योजना द्वारा बीसलपुर का प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर के हाल का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 3982357.00 | 67500.00 | 4750.00 | 03 माह |
| 4- | वंदन योजना द्वारा बीसलपुर का प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 3991750.00 | 67700.00 | 4750.00 | 03 माह |
| 5- | वंदन योजना द्वारा बीसलपुर का प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर को जाने हेतु सी.सी. रोड का चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य। | 3851928.00 | 65300.00 | 4550.00 | 03 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 12.08.2024 को प्रात: 11 बजे से।
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/ 02.09.2024 समय को अपरान्ह 3:00 बजे तक।
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 03.09.2024 को अपरान्ह 11:00 बजे से।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीवी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि एवं टेण्डर शुल्क कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर की बैंक आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC- ICIC0003210 में ई–बैंकिंग के माध्यम से जमा कर स्कैन कॉपी अपलोड करना अनिवार्य होगा, शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त एफ.डी.आर./डिमाण्ड ड्राफ्ट जो, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बीसलपुर के नाम बंधक होगी हार्ड कॉपी के साथ 3 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करना होगा।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बीसलपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, बीसलपुर**

## कार्यालय सहकारी गन्ना विकास समिति लि., बदायूं

पत्रांक: 239 दिनांक: 13.08.2024

**विज्ञप्ति**

**शुभकामना संदेश**

जनपद के समस्त गन्ना कृषकों को 78 वें स्वाधीनता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें, कृषक भाईयों जैसा कि आप लोग जानते हैं, वर्तमान में विभाग द्वारा ग्रामवार सर्वे सट्टा प्रदर्शन का कार्य किया जा रहा है, जो कि 30 अगस्त 2024 तक निर्बाध गति से चलेगा, आप लोग अपने सट्टे से सम्बन्धित आंकड़ों को अवश्य देख लें जिससे कि पेराई सत्र 2024–25 के दौरान गन्ना आपूर्ति में बाधा उत्पन्न न हों, जिन कृषक भाईयों द्वारा अभी तक समिति की सदस्यता ग्रहण न की हों वे कृषक enquiry.caneup.in पर ऑनलाईन आवेदन कर 30, सितम्बर 2024 तक सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं जिसके लिए आवेदन शुल्क 221.00 रूपये सहकारी गन्ना विकास समिति लि. बदायूं में जमा करना होगा, उपज बढ़ोत्तरी की रसीद भी 30, सितम्बर 2024 तक निर्धारित शुल्क गन्ना समिति में जमा करते हुए कटवा सकते है। जिनकी कुल कृषि योग्य भूमि कम दर्ज है वे कृषक अपनी जमीन के अभिलेख अपने गन्ना पर्यवेक्षक को उपलब्ध करते हुए भूमि का संशोधन कराने का कष्ट करें। साथ ही क्रय केन्द्र आवंटन से सम्बन्धित प्रस्ताव गन्ना समिति बदायूं में किसी भी कार्य दिवस में आकर जमा कर सकते है।

धन्यवाद

**प्रधान प्रबन्धक/अध्यासी**
**समस्त चीनी मिलें**
**जनपद–बदायूं**

**राजीव कुमार सिंह**
**सचिव**
**सहकारी गन्ना विकास समिति लि. बदायूं**

**अशर्फी लाल**
**जिला गन्ना अधिकारी**
**जनपद–बदायूं**

## हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167–169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई–600015,
ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com
शाखाः प्रथम तल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, करम चारी नगर, बरेली–243001

आरएलएम–ब्रजेश अवस्थी–9918301885, आरआरएम–पंकज सिंह चौधरी–7081828333, सीएलएम–दीपक सिंह मो. नं. 9453220448, सीआरएम–दीपक कुमार–9839600666

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से "कर्जदार" कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतदद्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।

उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/गारन्टर के नाम एवं पता | मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तिथि | बकाया राशि | अचल सम्पतियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आवेदन नं. UP/LKN/BRLY/A000000623 **सनी कुमार और श्री शशि देवी, दोनों:** 63, चंद्रा मिनी नगर बुद्ध विहार डेलापीर गुरुजी मार्बल गली बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत – 243122 | **26-03-2023** / **06.08.2024** सांकेतिक | ₹ 10,26,057/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज इत्यादि | **विहारमन नगला बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत – 243122,** चौहद्दीः उत्तर में – आशीष अग्रवाल का मकान, दक्षिण में – 12 फिट चौड़ी रोड, पूरब में – विनीता का प्लॉट, पश्चिम में – राधे लाल का मकान |
| 2 | आवेदन नं. UP/LKN/BRLY/A000001134 & CO/CPC/CPOF/A000001580 **श्री आकाश वर्मा,** नवादा शेखर पुराना शहर, बरेली, बरेली, अर्धशहरी, बरेली उत्तर प्रदेश 243001 **सुश्री गीता वर्मा,** 0 संजय नगर, संजय नगर बरेली, अर्धशहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत – 243001 | **28-03-2024** / **06.08.2024** सांकेतिक | ₹ 12,35,247/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज इत्यादि | **पीरपभोरा बिहार मान नगला, बिहारमान नगला, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत – 243001,** चौहद्दीः उत्तर में– महेंद्र का मकान, दक्षिण में – आराजी अन्य, पूरब में – अन्य का मकान, पश्चिम में – 13 फिट चौड़ी सीसी |
| 3 | आवेदन नं. UP/LKN/BRLY/A000000918 **श्री धर्म पाल और सुश्री फूला वती, दोनों:** मोह मेवात मीरगंज बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत – 243504 | **26-03-2024** / **07.08.2024** सांकेतिक | ₹ 14,51,431/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज इत्यादि | **ग्राम मुगरा सिरोलो तहसील मीरगंज बरेली, बरेली, सेमिअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत – 243504,** चौहद्दीः उत्तर में – अन्य खाली फिर आराजी रेलवे, दक्षिण में – एनएच–24, पूरब में में – वाशु चौधरी का मकान, पश्चिम में – इरशाद का प्लॉट |
| 4 | आवेदन नं. UP/LKN/BRLY/A000000915 **श्री कमल गुप्ता और सुश्री स्वेता गुप्ता, दोनों:** मकान नं. 09 मेवात मीरगंज बरेली, मीरगंज, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत – 243504 | **26-03-2024** / **07.08.2024** सांकेतिक | ₹ 14,07,403/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज इत्यादि | **मोह राजेंद्र नगर बनैया सिरोली मीरगंज, मीरगंज, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत – 243504,** चौहद्दीः उत्तर में – 35 फिट चौड़ी कच्ची सड़क, दक्षिण में – विक्रेता का अन्य प्लॉट, पूरब में – अन्य का प्लॉट, पश्चिम में 22 फीट चौड़ी कच्ची सड़क |
| 5 | आवेदन नं. UP/LKN/BRLY/A000000933 **श्री रामवीर सिंह और श्रीमती प्रेमवती, दोनों:** चाहबाई 251 घोसियान गली बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत – 243003 | **26-03-2024** / **06.08.2024** सांकेतिक | ₹ 11,30,204/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज इत्यादि | **मकान नं. 305/256 रकबा 118 वर्ग मी. का 2/3 भाग अर्थात 66 वर्ग मी. बाके चाहबाई मारूफ गुडरहबाग बरेली, चाहबाई, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत – 243003,** चौहद्दीः उत्तर में – अराजी महरूट दक्षिण में – अबादी पूरब में – अराजी अनोखे लाल और हरस्वरूप, पश्चिम में – गली और आबादी |
| 6 | आवेदन नं. UP/LKN/BRLY/A000000032 & CO/CPC/CPOF/A000001303 **श्री रितेश कुमार एवं श्री राखी कुमार, दोनों:** 385 कुमारपुर सिटी रेलवे स्टेशन बरेली, कुमारपुर, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत – 243001 | **28-03-2024** / **08.08.2024** सांकेतिक | ₹ 8,23,435/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज इत्यादि | **385 कुमारपुर तलैया सिटी रेलवे स्टेशन बरेली कुमारपुर, शहरी बरेली, उत्तर प्रदेश भारत – 243001,** चौहद्दीः उत्तर में – विमलेश का मकान, दक्षिण में – सुनील फौजी का मकान, पूरब मे – सुहिर का मकान, पश्चिम में – 10 फीट चौड़ी रोड |
| 7 | आवेदन नं. UP/LKN/BRLY/A000000722 **श्री सनी यादव और श्री केदार सिंह यादव और श्रीमती सरला यादव, सभी पताः** 219, छोटी बामनपुरी, बरेली, बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत – 243003 | **26-03-2024** / **08.08.2024** सांकेतिक | ₹ 11,51,549/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज इत्यादि | **वाके कांधरपुर, तहसील एवं जिला बरेली, बरेली, अर्धशहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत – 243001,** चौहद्दीः उत्तर में – विमलेश का मकान, दक्षिण में – सुनील फौजी का मकान, पूरब में – सुहिर का मकान, पश्चिम में – 10 फीट चौड़ी रोड |

दिनांक : 12-08-2024, स्थान : बरेली प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर, पीलीभीत

पत्रांक: 777 (i)/न.पा.परि.बी./2024–25 दिनांक: 31.07.2024

**ई-निविदा सूचना**

सादर अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या– 369/2024/नौ–5–2024/001– सीओएम. नं. 1798662 दिनांक 14 मार्च 2024 के अनुपालन में नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा वर्ष जल निकासी के अन्तर्गत तीन नालों के निर्माण किये जाने की प्राप्त स्वीकृति के अनुपालन में ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत् है:–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. लाख रू. में | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य +18 प्रतिशत जी.एस.टी | कार्य करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | वर्ष 2023–24 में नगर पालिका परिषद बीसलपुर, पीलीभीत में थाने की पुलिया के पास सकटे लाल की दुकान से बारह पत्थर चौराहे पर बैंक ऑफ बड़ौदा के ए.टी.एम. तक नाला निर्माण कार्य। | 3961000.00 | 67200.00 | 4000.00 | 03 माह |
| 2- | वर्ष 2023–24 में नगर पालिका परिषद बीसलपुर, पीलीभीत में बारह पत्थर चौराहे से रामलीला मोड़ तक नाला निर्माण कार्य। | 3961000.00 | 67200.00 | 4000.00 | 03 माह |
| 3- | वर्ष 2023–24 में नगर पालिका परिषद बीसलपुर पीलीभीत में रामलीला रोड से बालाजी पुलिया तक नाला निर्माण कार्य। | 3961000.00 | 67200.00 | 4000.00 | 03 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 13.08.2024 को प्रात: 11 बजे से।
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/ 05.09.2024 समय को अपरान्ह 3:00 बजे तक।
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 06.09.2024 को अपरान्ह 11:00 बजे से।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीवी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि एवं टेण्डर शुल्क कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर की बैंक आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC- ICIC0003210 में ई–बैंकिंग के माध्यम से जमा कर स्कैन कॉपी अपलोड करना अनिवार्य होगा, शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त एफ.डी.आर./डिमाण्ड ड्राफ्ट जो, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बीसलपुर के नाम बंधक होगी हार्ड कॉपी के साथ 3 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करना होगा।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बीसलपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, बीसलपुर**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर, पीलीभीत

पत्रांक: 799/न.पा.परि.बी./2020–21 **निविदा सूचना** दिनांक: 12.08.2024

समस्त विद्युत फर्मो / संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि नगर क्षेत्र बीसलपुर में अक्टागोनल ग्लेवनाइज्ड विद्युत पोलों की सिफ्टिंग कराये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदाएं दिनांक 25.08.2024 को समय दोपहर 3:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर में आमंत्रित की जाती है। इच्छुक समस्त विद्युत फर्मो / संस्थाओं को नगद मूल्य जमा करके निविदा प्रपत्र दिनांक 24.08.2024 को समय 3:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर से क्रय कर सकते है निविदा दिनांक को समय सायं 4:00 बजे निविदादाताओं एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थित में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत मय जी.एस.टी. | धरोहर धनराशि आंगणन 02 प्रतिशत | निविदा मूल्य मय जी.एस.टी | कार्य करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | Material and Labour For Shifting of Octagonal poles and laying of PVC insulated cable on poles from Ram lila Road to Asra Awas Coloney Boundry at Nagar Palika Parishad Bisalpur Pilibhit,(14 nos.) | 199868 | 3997.00 | 250 | 15 Day |

**शर्तेः–**

1. उपरोक्त कार्यो के समस्त निविदादाताओं को 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि निविदा के साथ एफ.डी.आर. / डिमाण्ड ड्राफ्ट / एन.एस.सी. / नगद रूप में देनी होगी जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बीसलपुर के नाम बंधक होगी। जिसे कार्य पूर्ण होने की तिथि से एक वर्ष तक कार्य संतोषजनक रहने की दशा में बंधन मुक्त किया जायेगा।
2. उपरोक्त कार्यो के लिए आयकर, श्रम विभाग, भविष्यनिधि विभाग, जी.एस.टी. विभाग के पंजीकरण प्रमाण पत्र 3. के साथ टी–4, टी–5 का प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. बिना धरोहर धनराशि के किसी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. निविदा के साथ 100/– का स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र देना होगा, जिसका प्रोफार्मा कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।
5. सशर्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
6. निविदा में व्यवहारिक होना अनिवार्य है प्रतिस्पर्द्धा की स्थिति में गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए अव्यवहारिक दरें स्वीकार नहीं की जायेगी।
7. कार्य की मात्रा में आवश्यकतानुसार वृद्धि अथवा कमी हो सकती है।
8. निविदादाता की निविदा स्वीकृति उपरान्त 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर अपने व्यय पर एक अनुबंध कराना होगा तथा 10 रूपये के स्टाम्प पेपर पर शपथ–पत्र देना होगा।
9. भुगतान बिल से नियमानुसार आयकर, जी.एस.टी., सेसकर आदि की कटौती की जायेगी जो निविदादाता को मान्य होगी।
10. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदादाताओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।
11. कार्य निर्धारित अवधि में ही पूर्ण करना होगा।
12. यदि विद्युत फर्म / संस्थाओं द्वारा कोई काम समय अवधि में पूर्ण नहीं होता है तथा लंबित रहता है तो उसकी निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने पर अलग से विचार किया जायेगा।
13. गुणवत्ता का सत्यापन उपरांत ही भुगतान किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बीसलपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, बीसलपुर**

पुस्तकस्था तु या विद्या, परहस्तगतं च धनम्।
कार्यकाले समुत्पन्ने न सा विद्या न तद् धनम्॥

किसी पुस्तक में रखी विद्या और दूसरे के हाथ में गया धन। ये दोनों जब जरूरत होती हैं तब हमारे किसी भी काम में नहीं आती।


संपादकीय

# अनुसंधान की चुनौतियां

कोई देश विकास के पथ पर तभी आगे बढ़ सकता है जब वहां सूचना और ज्ञान आधारित वातावरण बने और शोध तथा अनुसंधान के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हों। विज्ञान ही है, जिसके माध्यम से भारत अपने वर्तमान को बदल रहा है और भविष्य को सुरक्षित रखने का कार्य कर रहा है। भारतीय वैज्ञानिकों का जीवन और कार्य प्रौद्योगिकी विकास तथा राष्ट्र निर्माण के साथ गहरी मौलिक अंतःदृष्टि के एकीकरण का शानदार उदाहरण रहा है। लेकिन कुछ तथ्य ऐसे भी हैं जो सोचने को विवश करते हैं आखिर क्यों भारत शोध कार्यों के मामले में चीन, जापान जैसे देशों से पीछे है? ऐसी कौन-सी चुनौतियां हैं जो अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में भारत की प्रगति के पहिये को रोक रही हैं? हालांकि उभरते परिदृश्य और प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था में विज्ञान को विकास के सबसे शक्तिशाली माध्यम के रूप में मान्यता मिल रही है। इसके पीछे सरकार द्वारा किए गए प्रयासों को नकारा नहीं जा सकता। वैज्ञानिक उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए देश के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। हाल ही में सरकार ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा की है, जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में असाधारण योगदान को मान्यता देने वाला एक उच्च सम्मान है।

इस पुरस्कार का उद्देश्य वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों और नवप्रवर्तकों की व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से उल्लेखनीय उपलब्धियों को मान्यता देना है। पुरस्कार 23 अगस्त को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर प्रदान किए जाएंगे, जिस दिन चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर उतरने की उपलब्धि का जश्न मनाया जाएगा। पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों ने प्रभावशाली अनुसंधान, नवाचार या खोज के माध्यम से विशिष्ट योगदान दिया है जिससे समाज को लाभ हुआ है। पुरस्कार विजेताओं की सूची में खगोल भौतिकी से लेकर कृषि तक के क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला से जुड़े वैज्ञानिक शामिल हैं। टीम पुरस्कार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की 'चंद्रयान-3 टीम' को प्रदान किया गया है। इन पुरस्कार विजेताओं में से अधिकांश केंद्रीय वित्त पोषित और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, सीएसआईआर और परमाणु ऊर्जा संस्थानों जैसे भारत के सबसे विशिष्ट वैज्ञानिक एवं अनुसंधान संस्थानों से संबद्ध हैं। भारत में बहुत से वैज्ञानिक न्यूनतम निधि व घटिया उपकरणों के सहारे और हतोत्साहित करने वाले वातावरण के बीच काम करते हैं। विशिष्ट रूप से वैज्ञानिकों के लिए पुरस्कारों के पीछे का मूल मकसद उन्हें अनुसंधान से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित करना है। कई क्षेत्रों में भारत में अनुसंधान और विकास कार्यों की रफ्तार तेज़ी से बढ़ रही है। इसलिए वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए बजटीय आवंटन बढ़ाने से विज्ञान की कहीं ज्यादा सेवा होगी।

# आजादी, विभाजन और तीसरा पक्ष


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

ऐसा नहीं कि मुस्लिम सीटों पर मुस्लिम लीग को सफलता मिली हो, उसकी हालत बहुत खराब रही व कई स्थानीय छोटे दल कांग्रेस व लीग से कहीं ज्यादा सफल रहे। पंजाब में मुस्लिम सीट 84 थीं और उसे महज सात सीट पर उम्मीदवार मिल पाए व जीते दो।

आजादी की लड़ाई में कांग्रेस एक प्रमुख दल था, लेकिन हिंदू महासभा, मुस्लिम लीग, अकाली दल सहित कई दल भी इसमें शामिल थे। यह सच है कि अधिकांश दल आजादी के बाद अपना अलग हिस्सा चाहते थे, लेकिन आजादी कुछ साल आगे ही इस लिए खिसकी कि कांग्रेस पहले विभाजित आजादी के पक्ष में नहीं थी। फिर भी विभाजन देखना पड़ा, तो क्या बाकी दलों की इसमें कोई भूमिका थी?

यदि सवाल किया जाए कि क्या देश की आजादी के लिए उसका विभाजन अनिवार्य था? यदि उस काल की परिस्थितियों, जिन्ना के सांप्रदायिक कार्ड और ब्रितानी सरकार की फूट डालो वाली नीति को एक साथ रखें तो स्पष्ट हो जाता है कि भारत की जनता लंबे संघर्ष के परिणाम न निकलने से हताश हो रही थी और यदि तब आजादी को विभाजन की शर्त पर नहीं स्वीकारा जाता तो देश भयंकर सांप्रदायिक दंगों की चपेट में आ जाता और उसके बाद आजादी की लड़ाई कुंद हो जाती। यदि उन दिनों के हालात पर गौर करें तो धार्मिक, जातीय या सांस्कृतिक टकराव और शासन के कारण पैदा किए गए तनाव आपस में गुथकर इस स्थिति में पहुंच गए थे कि या तो गृह युद्ध स्वीकार करो या विभाजन की शर्त पर आजादी। देश का विभाजन क्यों जरुरी था? इस पर पहले भी बहुत लिखा गया, लेकिन जान लें कि स्वतंत्रता संग्राम में सीधा संघर्ष केवल कांग्रेस कर रही थी। हिन्दू महासभा तीनों गोलमेज कॉन्फ्रेंस में मौजूद थी, लेकिन उनके द्वारा दिए गए सुझाव, परिकल्पना आदि न प्रभावी रहे न उल्लेखनीय।

पहले आम चुनाव में कांग्रेस एक दल था और दूसरा मुस्लिम लीग, कांग्रेस एक समूचे देश की आजादी की बात कर रही था और मुस्लिम लीग अलग से मुस्लिम देश की। मास्टर तारा सिंह की सिख राज की मांग बहुत छोटे से हिस्से में थी, हिंदू महासभा भी थी। वह हिंदुओं के अलग देश, अर्थात मुस्लिम लीग के सिक्के के दूसरे पहलु के रूप में थी। सन 1935 में अंग्रेज सरकार ने एक एक्ट के जरिए भारत में प्रांतीय असेंबलियों में निर्वाचन के साथ सरकार को स्वीकार किया। सन 1937 में चुनाव हुए। इसमें कुल तीन करोड़ 60 लाख मतदाता थे, कुल वयस्क आबादी का 30 फीसदी जिन्हें विधानमंडलों के 1585 प्रतिनिधि चुनने थे।

पहले आम चुनाव में कांग्रेस एक दल था और दूसरा मुस्लिम लीग, कांग्रेस एक समूचे देश की आजादी की बात कर रही था और मुस्लिम लीग अलग से मुस्लिम देश की। मास्टर तारा सिंह की सिख राज की मांग बहुत छोटे से हिस्से में थी, हिंदू महासभा भी थी। वह हिंदुओं के अलग देश, अर्थात मुस्लिम लीग के सिक्के के दूसरे पहलु के रूप में थी।

इस चुनाव में मुसलमानों के लिए सीटें आरक्षित की गई थीं। कांग्रेस ने सामान्य सीटों में कुल 1161 पर चुनाव लड़ा और 716 पर जीत हासिल की। मुस्लिम बाहुल्य 482 सीटों में से 56 पर कांग्रेस ने चुनाव लड़ा व 28 पर जीत हासिल की। 11 में से छह प्रांतों में उसे स्पष्ट बहुमत मिला।

ऐसा नहीं कि मुस्लिम सीटों पर मुस्लिम लीग को सफलता मिली हो, उसकी हालत बहुत खराब रही व कई स्थानीय छोटे दल कांग्रेस व लीग से कहीं ज्यादा सफल रहे। पंजाब में मुस्लिम सीट 84 थीं और उसे महज सात सीट पर उम्मीदवार मिल पाए व जीते दो। सिंध की 33 मुस्लिम सीटों में से तीन और बंगाल की 117 मुस्लिम सीटों में से 38 सीट ही लीग को मिलीं। यह स्पष्ट करती है कि मुस्लिम लीग को मुसलमान भी गंभीरता से नहीं लेते थे। हालांकि इस चुनाव में मुस्लिम लीग कांग्रेस के साथ उत्तर प्रदेश चुनाव लड़ना चाहती थी, लेकिन नेहरू ने साफ मना कर दिया। यही नहीं 1938 में नेहरू ने कांग्रेस के सदस्यों की लीग या हिंदू महासभा दोनों की सदस्यता या उनकी गतिविधियों में शामिल होने पर रोक लगा दी। 1937 के चुनाव में आरक्षित सीटों पर लीग महज 109 सीट ही जीत पाई, लेकिन सन 1946 के चुनाव के आंकड़ें देखे तो पाएंगे कि बीते नौ सालों में मुस्लिम लीग का सांप्रदायिक एजेंडा खासा फल-फूल गया था। केंद्रीय विधानसभा में मुसलमानों के लिए आरक्षित सभी 60 सीटों पर लग जीत गई। राष्ट्रवादी मुसलमान महज 16 सीट जीत पाए, जबकि हिंदू महासभा को केवल दो सीट मिलीं। जाहिर है कि हिंदुओं का बड़ा तबका कांग्रेस को अपना दल मान रहा था, जबकि लीग ने मुसलमानों में पहले से बेहतर स्थिति कर ली थी। यदि 1946 के राज्य के आंकड़े देखें तो मुस्लिम आरक्षित सीटों में असम में 1937 में महज 10 सीट जीतने वाली लीग 31 पर, बंगाल में 40 से 113, पंजाब में एक सीट से 73 उत्तर प्रदेश में 26 से 54 पर लीग पहुंच गई थी। हालांकि इस चुनाव में कांग्रेस को 1937 की तुलना में ज्यादा सीटें मिली थीं, लेकिन लीग ने अपने अलग राज्य के दावे को इस चुनाव परिणाम से पुख्ता कर दिया था।

वे लोग जो कहते हैं कि यदि नेहरू जिद न करते व जिन्ना को प्रधानमंत्री मान लेते तो देश का विभाजन टल सकता था, वे सन 1929 के जिन्ना-नेहरू समझौते की शर्तों के उस प्रस्ताव को गौर करें, (क्या देश का विभाजन अनिवार्य ही था, सर्व सेवा संघ पृ. 145) जिसमें जिन्ना नौ शर्तें थीं, जिनमें मुसलमानें को गाय के वध की स्वतंत्रता, वंदेमातरम गीत न गाने की छूट और तिरंगे झंडे में लीग के झंडे को भी शामिल करने की बात थी और उसे नेहरू ने बगैर किसी तर्क के अस्वीकार कर दिया था। इससे पहले सन 1937 के चुनाव में अपने ही लोगों के बीच हार से बौखला कर जिन्ना ने कांग्रेस मंत्रिमंडलों के विरूद्ध जांच दल भेजने, आरोप लगाने, आंदोलन करने आदि शुरू कर दिए थे। उस दौर में कांग्रेस की नीतियां भी राज्यों में अलग-अलग थी। जैसे कि संयुक्त प्रांत में कांग्रेस भूमि सुधार के बड़े बदलाव की समर्थक थी, लेकिन पंजाब में वह इस मसले पर तटस्थ थी। मामला केवल जमीन का नहीं था, यह बड़े मुस्लिम जमींदारों के हितों का था।

सन 1944 से 1947 तक भारत के वायसराय रहे फील्ड मार्शल एपी बेवेल के पास आजादी और स्वतंत्रता को अंतिम रूप देने का जिम्मा था और वह मुस्लिम लीग से नफरत करता था। उसके पीछे भी कारण था- असल में जब भी वह लीग से पाकिस्तान के रूप में राष्ट्र का नक्शा चाहता, वे सत्ता का संतुलन या मनोवैज्ञानिक प्रभाव जैसे भावनात्मक मुद्दे पर तकरीर करने लगते, न उनके पास कोई भौगोलिक नक्शा था न ही उसकी ठोस नीति। एक तरह से कांग्रेस व अंग्रेज दोनों ही भारत का विभाजन नहीं चाहते थे। उन दिनों ब्रितानी हुकुमत के दिन गर्दिश में थे, ऐसे में अंग्रेज संयुक्त भारत को आजादी दे कर यहां अपनी विशाल सेना का अड्डा बरकरार रख दुनिया में अपनी धाक की आकांक्षा रखते थे। वे लीग और कांग्रेस के मतभेदों का बेजा फायदा उठा कर ऐसा तंत्र चाहते थे, जिसमें सेना के अलावा पूरा शासन दोनों दलों के हाथों में हो।

नौ अप्रैल 1946 को पाकिस्तान के गठन का अंतिम प्रस्ताव पास हुआ था। उसके बाद 16 मई 1946 के प्रस्ताव में हिंदू, मुस्लिम और राजे रजवाड़ों की संयुक्त संसद का प्रस्ताव अंग्रेजों का था। 19 और 29 जुलाई 1946 को नेहरू ने संविधान संप्रभुता पर जोर देते हुए सैनिक भी अपने देश को होने पर बल दिया। फिर 16 अगस्त का वह जालिम दिन आया जब जिन्ना ने सीधी कार्यवाही के नाम पर खून खराबे का खेल खेल दिया। हिंसा गहरी हो गई और बेवेल की योजना असफल रही। हिंसा अक्तूबर तक चलती रही और देश में व्यापक टकराव के हालात बनने लगे। आम लोग अधीर थे, वे रोज-रोज के प्रदर्शन, धरनों, आजादी की संकल्पना और सपनों के करीब आकर छिटकने से हताश थे और इसी के बीच विभाजन को अनमने मन से स्वीकार करने और हर हाल में ब्रितानी हुकुमत को भगा देने पर मन मसोस कर सहमति बनी। हालांकि केवल कांग्रेसी ही नहीं, बहुत से लीगी भी यह मानते थे कि एक बार अंग्रेज चले जाएं फिर दोनों देश एक बार फिर साथ हो जाएंगे।

आजादी की घोषणा के बाद बड़ी संख्या में धार्मिक पलायन और घिनौनी हिंसा, प्रतिहिंसा, लूट, महिलाओं के साथ पाशविक व्यवहार, न भूल पाने वाली नफरत में बदल गया। खोया दोनों तरफ के लोगों ने। पाकिस्तान बनने के हिमायती जमींदार आज भले ही संपन्न हों, लेकिन वे आम आदमी जो उप्र, बिहार से पलायन कर गया था। आज मुहाजिर के नाम उपेक्षा की जिंदगी जीता है, वे सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्तर पर बेहद पिछड़े हैं। आजादी की लड़ाई, उसमें गांधी-नेहरू की भूमिका, विभाजन की त्रासदी को लेकर केवल नेहरू की आलोचन करना एक शगल सा बन गया है, लेकिन उस समय के हालात को गौर करें तो कोई एक फैसला लेना ही था और आजादी की लड़ाई चार दशकों से लड़ रहे लोगों को अपने अनुभवों में जो बेहतर लगा, उन्होंने ले लिया। कौन गारंटी देता है कि आजादी के लिए कुछ और दशक रूकने या ब्रितानी सेना को बनाए रखने के फैसले इससे भी भयावह होते।

व्यंग्य

# व्यंग्यकार तुलसीदास

तुलसीदास ने किसका मजाक नहीं उड़ाया? ब्राह्मणों, राजाओं, पंडितों, संतो, गुणवंतों, आचारियों, वैरागियों, तापसों, योगियों के अलावा मुनियों, देवों, ब्रह्मा, विष्णु, महादेव सभी का यानि सत्ता, संस्कृति, धर्म, समाज आदि के सर पर जो भी सवार हैं, तुलसीदास किसी को भी नहीं बख्शते। अपनी एक चौपाई में, हुए वह सुर नर मुनि सभी की बखिया उधेड़ देते हैं, क्योंकि सभी समान रूप से स्वार्थी हैं, "सुर नर मुनि सब कै यह रीति।/ स्वारथ लागि करहिं सब प्रीति॥"

नारद प्रसंग में नारद की धज्जी तो उड़ती ही है, शिव और विष्णु भी उनके चपेट में आ जाते हैं। शिव माया से खुद भयभीत हैं। नारद जब उनसे कामदेव पर अपनी विजय गाथा सुनाते हैं तो अनुभवी शिव, शायद अपने साथ घटी कोई घटना याद करके ही, उन्हें राय देते हैं-"बार बार बिनवउँ मुनि तोही। जिमि यह कथा सुनायहु मोही॥/ तिमि जनि हरिहि सुनावहु कबहूँ। चलेहुं प्रसंग दुराएहु तबहूं॥"


राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

नारद की जो दुर्गति होती है वह तो अनुपम है। कामदेव के विजेता की यह हालत कि विश्वमोहिनी को देखने और हस्त रेखाओं को पढ़ने के साथ ही, "देखि रूप मुनि बिरति बिसारी। बड़ी बार लगि रहे निहारी॥/लच्छन तासु बिलोकि भुलाने। हृदयँ हरष नहिं प्रगट बखाने॥/जो एहि बरइ अमर सोइ होई। समरभूमि तेहि जीत न कोई॥/ सेवहिं सकल चराचर ताही। बरइ सीलनिधि कन्या जाही॥/ लच्छन सब बिचारि उर राखे। कछुक बनाइ भूप सन भाषे॥/ सुता सुलच्छन कहि नृप पाहीं। नारद चले सोच मन माहीं॥/ करौं जाइ सोइ जतन बिचारी। जेहि प्रकार मोहि बरै कुमारी॥/ जप तप कछु न होइ तेहि काला। हे बिधि मिलइ कवन बिधि बाला॥"

वे नारद के मुख से विष्णु की खिंचाई करते हैं, "पर संपदा सकहु नहिं देखी। तुम्हरें इरिषा कपट बिसेषी॥/ मथत सिंधु रुद्रहि बौरायहु। सुरंह प्रेरी बिष पान करायहु॥/असुर सुरा बिष संकरहि आपु रमा मनि चारु। स्वारथ साधक कुटिल तुम्ह सदा कपट ब्यवहारु॥/ परम स्वतंत्र न सिर पर कोई। भावइ मनहि करहु तुम्ह सोई॥/ भलेहि मंद मंदेहि भल करहू। बिसमय हरष न हियँ कछु धरहू॥/डहकि डहकि परिचेहु सब काहू। अति असंक मन सदा उछाहू॥/करम सुभासुभ तुम्हहि न बाधा।अब लगि तुम्हहि न काहूँ साधा॥/ भले भवन अब बायन दीन्हा। पावहुगे फल आपन कीन्हा॥" वे भगवान के न्याय का मजाक उड़ाते हैं, "औरु करै अपराधु कोउ और पाव फल भोगु।/ अति बिचित्र भगवंत गति को जग जानै जोगु॥" वे पंडितों, संतो, गुणवंतों, आचारियों, वैरागियों, तापसों, योगियों की पोल खोलते हैं, द्विज श्रुति बेचक भूप प्रजासन। कोउ नहिं मान निगम अनुसासन॥/ मारग सोइ जो कहुं जोइ भावा। पंडित सोइ जो गाल बजावा॥/ मिथ्यारंभ दंभ रत जोई। ता कहुं संत कहइ सब कोई॥/ सोइ सयान जो परधन हारी। जो कर दंभ सो बड़ आचारी।।/ जो कह झूठ मसखरी जाना। कलिजुग सोइ गुनवंत बखाना॥/निराचार जो श्रुति पथ त्यागी। कलिजुग सोइ ग्यानी वैरागी॥/ जाकें नख अरु जटा बिसाला। सोइ तापस प्रसिद्ध कलिकाला॥/असुभ बेष भूषन धरें भच्छाभच्छ जे खाहिं।/ तेइ जोगी तेइ सिद्ध नर पूज्य ते कलिजुग माहि।।

समाज में व्याप्त कुरीतियों पर व्यंग्य बाण छोड़ते हैं- "तपसी धनवंत दरिद्र गृही। कलि कौतुक तात न जात कही॥/ कुलवंति निकारहिं नारि सती। गृह आनिहिं चेरी निबेरि गती॥ निम्न वर्ण से निकले नकली साधुओं का मजाक उड़ाते हैं, "जे बरनाधम तेलि कुम्हारा। स्वपच किरात कोल कलवारा।/नारि मुई गृह संपति नासी। मूड़ मुड़ाइ होहिं संन्यासी॥" उनकी नीच की परिभाषा तो विख्यात ही है-"जेहि ते नीच बड़ाई पावा। / सो प्रथमहिं हति ताहि नसावा॥"

यद्यपि रामचरितमानस में तुलसी ने वर्ण व्यवस्था का समर्थन किया, और निश्चित रूप से जिस उम्र में उन्होंने यह पुस्तक लिखी, तब उनकी नजर में कोई दूसरी व्यवस्था नहीं होगी, लेकिन अपनी अंतिम रचना कवितावली में वे अपने इस पाप को धो देते हैं। वे लिखते हैं- धूत कहो, अवधूत कहो, रजपूत कहो, जोलहा कहौ कोऊ।/काहू की बेटी सों बेटा न ब्यांहब, काहू की जाति बिगारौं न सोऊ। 'तुलसी' सरनाम गुलाम है राम को, जाको मचै सो कहौ कछु ओंऊ।/ मांगि कै खैबो मसीत को सोइबो, लैबे को एक न दैबे को दोऊ।।
तो तुलसी को समझने के लिए दिल थोड़ा बड़ा रखने की जरूरत है।

# लोकतंत्र का आंदोलन था स्वतंत्रता आंदोलन


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आज हम संसद के न चलने के लिए झींकते हैं, लेकिन यह भी तो बतलाइए कि ये अपराधी- लोग जिनको जेल में होना चाहिए था, संसद में किस रास्ते से पहुंच गए?

स्वतंत्रता की अमृत जयंती चल रही है, उसे अमृत काल भी कहा जा रहा है। घर-घर तिरंगा फहरे यह बहुत अच्छी बात है, लेकिन एक बात समझ लेना जरूरी है और वह यह कि स्वतंत्रता का आंदोलन, लोकतंत्र का आंदोलन था। स्वतंत्रता का संघर्ष विश्व के इतिहास में अनूठा था तो इसलिए कि यह संघर्ष देश के सामान्यजन का संघर्ष था। सामान्यजन, जिसके पास कोई खजाना नहीं था, कोई अस्त्र-शस्त्रों का भंडार नहीं था, जिसके पास कोई सेना नहीं थी।

यह लड़ाई किसी जाति या मजहब ने नहीं लड़ी थी। यह लड़ाई जाति, मजहब, वर्ण, वर्ग और समस्त भेद-विभेदों को अलग हटाकर लड़ी जा रही थी। यह लड़ाई जिस साम्राज्य से लड़ी जा रही थी, वह कोई मामूली ताकत नहीं थी, उसने कौन सा दांव नहीं चलाया? उसने राजा- महाराजा तथा जाति-मजहब के नाम पर अनेक नेता तैयार कर लिए थे, जो जनता की एकता को भांति-भांति से तोड़ने का काम कर रहे थे, ताकि जनता की इस लड़ाई को कमजोर किया जा सके। चलते-चलते भी गोरे शासकों के चेहरे पर कुटिल मुसकान थी, वे दुराशा कर रहे थे कि हम जा तो रहे हैं, किंतु हमको बीच रास्ते से ही बुलावा आ जाएगा। ऐसी अनेक बातें उस जमाने के अखबारों में छप रही थीं।

यह बात सूरज की रोशनी की तरह साफ है कि स्वतंत्रता का आंदोलन केवल इतना ही नहीं था कि अंग्रेज यहां से चले जाएं। स्वराज का मतलब यह भी नहीं था कि देश के शासन का सूत्र किसी एक जाति के हाथों में चला जाए अथवा देश के शासन का सूत्र किसी एक पार्टी-सुप्रीमो के हाथ में चला जाए। स्वराज का मतलब था, लोकतंत्र अर्थात शासन में सामान्यजन की भागीदारी सुनिश्चित हो। चुनाव या मतदान लोकतंत्र का एक लक्षण है, लेकिन वह एकमात्र लक्षण नहीं है।

आज हम संसद के न चलने के लिए झींकते हैं, लेकिन यह भी तो बतलाइए कि ये अपराधी- लोग जिनको जेल में होना चाहिए था, संसद में किस रास्ते से पहुंच गए? इनको टिकट किसने दी? क्यों दी? मतदान होता है, लेकिन मतदान में बड़े झोल है। वे कौन सी परिस्थितियां हैं, जिनमें सामान्य आदमी चुनाव लड़ने का सपना भी नहीं देख सकता। यह तो स्वतंत्रता के आंदोलन की परिकल्पना के एकदम विरुद्ध है। दुर्भाग्य यह है कि आज जब स्वतंत्रता आंदोलन की कुत्सित तब नई पीढ़ी उस पर सहज विश्वास कर लेती है, क्योंकि उसने उन स्वतंत्रता आंदोलन के सेनानियों को देखा नहीं, जाना नहीं, समझा नहीं कि आंदोलन के सेनानियों की वह पीढ़ी किस धातु की बनी हुई थी? आज लोकतंत्र के मार्ग में हजार-हजार बाधाएं खड़ी हुई हैं, जैसे-निर्वाचन आयोग को निर्बल बनाना। टीएन शेषन के बाद निर्वाचन आयोग को निर्बल बना दिया गया ताकि बेचारा कोई कार्यवाही न कर सके। निर्वाचन आयोग ने सभी राजनैतिक दलों को निर्देश दिया था कि इस तारीख तक सभी दल अपने आंतरिक चुनाव कर लें, किसने किए? नहीं करेंगे तो वह क्या कर लेगा? चुनाव आयोग ने चुनाव चंदे के लिए नए बांड सिस्टम का विरोध किया था कि इससे चुनाव के खर्चे की गिनती नहीं हो सकेगी। किसने माना? निर्वाचन सुधार के लिए जो समितियां बनी, वे धूल खा रही हैं, उनको पढ़ने वाला भी कोई नहीं है। चुनावी थैली पारदर्शी नहीं है, क्या पता किस कंपनी ने किस दल को कितना चंदा दिया और बदले में उसको क्या मिला? अपराध और राजनीति का गठजोड़ है। प्रशासनतंत्र साम्राज्यवाद वाला ही है, उसमें सुधार हुआ नहीं। उसका रवैया जनतांत्रिक है ही नहीं। यही बात पुलिस सुधार की है। जनता पर डंडे बरसाना नित्य प्रति का खेल है।

अंतर्विरोध यह कि नेता लोग जो लोकतंत्र पर भाषण देते नहीं थकते, किन्तु इनकी निष्ठा न लोक में है और न लोकतंत्र में। कोई भी दल ऐसा नहीं है, जिसमें आंतरिक लोकतंत्र है। सब कहीं न कहीं किसी सुप्रीमो के इशारे (रिमोट) से चल रहे हैं। नेता के प्रति वफादारी ही एकमात्र योग्यता है। रास्ते अलग-अलग होते ही हैं, आज भी हैं और कल भी होंगे, लेकिन मंजिल एक होनी चाहिए और वह है लोकतंत्र, शासन में जनता की भागीदारी। पन्द्रह अगस्त पर लोकतंत्र की बाधाओं पर सोचिए। स्वतंत्रता आंदोलन का लक्ष्य लोकतंत्र ही था।

सोशल फोरम

# न्यू इंडिया का विश्वास प्रदर्शन में

प्राचीन भारत दर्शन में विश्वास करता था, न्यू इंडिया प्रदर्शन में करता है। प्रदर्शन विज्ञापनी संस्कृति की विशेषता है, व्यावसायिकता से ओतप्रोत। दर्शन तार्किक चिंतन का जनक है, अंधविश्वासों से अलग। अंधविश्वास और अंधभक्ति हमारी संस्कृति का गुण नहीं है, वह एक आरोपित और आयातित अभ्यास है। इसीलिए प्राचीन भारतवासी चिंतन के वैविध्य की राह पर चलते थे।


अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

हमारे पुरातन दर्शन की परंपराएं अनेक रही हैंः षड्दर्शन, सबके दृष्टिकोण और पद्धति अलग हैं। उनमें नास्तिक दर्शन हैं और आस्तिक दर्शन भी हैं। इन सब विभिन्नताओं को मिटाकर 'एकता' के नाम पर एकरूपता थोपना भारतीयता का विनाश है। एकरूपता व्यापारिक उत्पादन की पहचान है। प्रदर्शन से एकरूपता तक हम भारत की मौलिकता को त्यागकर व्यापारिक बुद्धि से सामाजिक मन की रचना करने में जुटे हैं। हम भारतवासी तो विभिन्नता का इतना आनंद लेते रहे हैं कि एक ही हिंदू-सनातनी परिवार में कोई शिव की उपासना करता है तो कोई विष्णु की, कोई सरस्वती को मानता है तो कोई दुर्गा को। अब तो कपड़ों से पहचानने की बात भी सार्वजनिक तौर पर जिम्मेदार लोग कहते हैं और झिझकते नहीं, लेकिन हमारे पुरखे तो कहीं धोती-कुर्ता (या बंडी) पहनते थे, कहीं उत्तरीय। न खान-पान में एकरूपता रही है, न वेशभूषा में। न सोच-विचार में एकरूपता रही है, न कर्मकांड में। कारण भी है। दर्शन से देखने वाले लोग विभिन्नताओं में निहित एकता को जानते थे। वे कहते थे-एकोहम द्वितीयो नास्ति'!

प्रदर्शन में जीने वाले को उस एकता का दिखावा करना पड़ता है। ऐसा दिखावा हमेशा दमन का रास्ता पकड़ता है। तब हर चीज आडंबर में बदल जाती है, जो लोग जानते थे कि ऊपरी अंतर के रहने पर भी मनुष्य एक हैं, मनुष्य ही क्यों, सभी प्राणी एक हैं, वे जिओ और जीने दो के रास्ते पर चलते थे। जो दिखावटी 'एकता' से समाज को चलाना चाहते हैं वे उनका आचरण है। सिर्फ मैं जिंदा रहूं बाकी सबों को मार दो!' हो भी क्यों न, व्यवसाय प्रतिस्पर्धा से उठता है। भीतर से दुश्मनी, ऊपर से मैत्री-यही प्रदर्शन है।

-फेसबुक वॉल से

# चौतरफा चुनौतियों से घिरा भारत

हाल ही में बांग्लादेश में छात्रों के एक आंदोलन ने उग्रता के उस स्तर को प्राप्त कर लिया कि जिसकी परिणति सरकार के तख्तापलट के रूप में हुई। माहौल इस कदर अनियंत्रित हो गया कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को वहां से पलायन करके भारत में शरण लेनी पड़ी। बहरहाल इस तख्तापलट से भारत के समक्ष अनेक चुनौतियां उत्पन्न हो गई हैं। सबसे बड़ी चुनौती सीमा सुरक्षा को लेकर है। यदि बांग्लादेश की हवा अब भारत विरोधी ताकतों के इशारे पर चलती है तो निश्चित रूप से भारत के समक्ष सीमा सुरक्षा का एक गंभीर प्रश्न खड़ा होगा। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस तरह से बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार की खबरें सामने आ रही हैं, उससे तो यही प्रतीत होता है कि बड़ी संख्या में हिंदू जो कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक की भूमिका में हैं, वहां से भारत के लिए पलायन करने को विवश हो जाएंगे। इतनी बड़ी संख्या में शरणार्थियों को अपने यहां समायोजित करना भी भारत के लिए किसी विकट चुनौती से कम नहीं होगा।


शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

भारत की नीति हमेशा से ही अपने पड़ोसियों की हर संभव मदद करने की रही है। ऐसी विकराल परिस्थितियों में यदि भारत बांग्लादेश की मदद करता है तो निस्संदेह ही उसे विश्व की बड़ी ताकतों के विरोध का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि कहीं न कहीं बांग्लादेश के इन हालातों को जन्म देने में इन बड़ी ताकतों की साजिश की अहम भूमिका है। यदि बांग्लादेश से एक बड़ी संख्या में हिंदू, शरणार्थियों के रूप में भारत आते हैं तो उस दशा में एक संभावना यह भी होगी कि उनके साथ कुछ अराजक एवं भारत विरोधी तत्व भी सीमा पार करके भारत में प्रवेश करने का प्रयास करें। ऐसे तत्वों का भारत में प्रवेश हो जाना अर्थात भारत की आंतरिक शांति एवं सुरक्षा का भंग हो जाना। वर्ष 1971 में भी बांग्लादेश से करीब एक करोड़ लोग शरणार्थी के रूप में आए थे। आज फिर से वैसी ही स्थितियां बन गई हैं। वर्तमान में भारत चौतरफा चुनौतियों से घिरा हुआ है। बांग्लादेश में यदि अंतरिम सरकार कट्टरपंथियों की मुट्ठी में रही, तो निश्चित ही भारत विरोधी गतिविधियों एवं अभियानों का सिलसिला वहां से भी शुरू होने लगेगा। इन सभी कट्टरपंथियों को चीन एवं पाकिस्तान का समर्थन प्राप्त है, लिहाजा उनकी आतंकवादी गतिविधियों को गति पकड़ने में तनिक भी समय नहीं लगेगा। उत्तर में यदि नेपाल की बात की जाए तो वहां पर भी अभी हाल ही में ऐसी सरकार बनी है, जो कहीं न कहीं चीन का समर्थन करती है। भूटान भले ही भारत का हितैषी हो, किंतु चीन ने अपनी विस्तारवादी नीति के तहत भूटान पर भी अपना दबदबा बना रखा है। म्यांमार और मालदीव में भी हालात भारत के पक्ष में नहीं हैं। दोनों देशों में भारत विरोधी हवा बड़ी तेजी से चल रही है। मालदीव में तो हाल ही में 'इंडिया आउट' अभियान चलाया गया था। अतः वर्तमान की स्थिति का सही विश्लेषण किया जाए तो भारत चारों तरफ से ऐसे देशों से घिरा हुआ है, जहां भारत विरोध की तीव्रता लगातार बढ़ती जा रही है।

वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भ में पश्चिमी देशों का रुख भी भारत के पक्ष में नहीं दिखता। विशेष तौर से भारत के द्वारा शेख हसीना को शरण दिए जाने से भारत की चुनौतियां कहीं अधिक बढ़ गई हैं। कुल मिलाकर भारत के समक्ष इस समय अनेक ऐसी जटिल समस्याएं हैं, जिनका हल आसानी से निकलने वाला नहीं है। भारत के पड़ोसियों में से कोई राजनीतिक उथल-पुथल एवं अस्थिरता का सामना कर रहा है तो कोई खुल्लम-खुल्ला भारत का दुश्मन बनकर भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है, रहे बचे जो भारत के हितैषी हैं भी, उन पर भी चीन जैसी ताकतें अपना दबदबा कायम करने का भरसक प्रयास कर रही हैं। यह स्थिति निस्संदेह चिंताजनक है। इस पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए, हमें इस समय सबसे पहले भारत की सुरक्षा एवं पड़ोसियों के साथ सद्भावना को सुनिश्चित करने पर ध्यान देना होगा, अन्यथा चारो ओर से आती हुई भारत विरोध की लहर हमारी एकता एवं अखंडता के लिए एक बड़ा खतरा बन सकती है।

# चाय की चाहत

दुनिया में चाय की चाहत किसे नहीं होती दुनियाभर में हर कोने में चाय के पीने वाले मिल जाएंगे। दुनिया में एक जगह ऐसी भी है, जहां के लोग सबसे ज्यादा चाय पीते हैं, वो एक बार में एक कप चाय नहीं पीते, बल्कि एक बार में तीन कप चाय पीते हैं। यह जगह जर्मनी में है कम आबादी वाले इस क्षेत्र को ईस्ट फ्रिंसिया के नाम से जाना जाता है। वैसे सबसे ज्यादा चाय पीने वाले देशों में तुर्की का नाम पहले स्थान पर है, जहां 90 प्रतिशत लोग चाय पीते हैं। केन्या में 83 प्रतिशत, पाकिस्तान में 83 प्रतिशत, मोरक्को में 80 प्रतिशत और भारत में 72 प्रतिशत लोग चाय पीते हैं।
भारत में चाय के दीवाने हर प्रांत में मिल जाएंगे, लेकिन उत्तर प्रदेश और मुंबई में चाय की खपत सर्वाधिक है, वैसे गुजरात में भी चाय का उपयोग बहुत ज्यादा होता है। अगर चाय उत्पादन की बात की जाए तो भारत में उत्पादित पूरी चाय का लगभग 52 प्रतिशत असम राज्य से आता है।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

लखीमपुर, कामरूप, शिवसागर, कछार, नगांव और गोलपारा जिले चाय के प्रमुख उत्पादक हैं, जबकि पश्चिमी बंगाल चाय उत्पादकों की सूची में दूसरे नंबर पर आता है। कई अध्ययनों से पता चला है कि विभिन्न प्रकार की चाय आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा दे सकती है। सूजन से लड़ सकती है और यहां तक कि दिल की बीमारी और कैंसर से भी बचा सकती है। चाय में टैनिन होता है, जो शरीर में आयरन की कमी का कारण बन सकता है। ऐसे में जो लोग एक दिन में पांच से छह कम चाय पीते हैं, उन्हें अपनी इस आदत को बदलना चाहिए और एक दिन में एक से दो कप चाय ही पीनी चाहिए।

# राष्ट्रीय राजमार्ग के विस्तार में मुफ्त देंगे जमीन: योगी

## नई दिल्ली में राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडप में आयोजित राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष उन्होंने प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार की मांग रखी।

उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार की प्रक्रिया को थमने नहीं दिया जाएगा और इसमें आने वाली हर अड़चन का समयबद्ध ढंग से निपटारा किया जाएगा। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया और मुआवजों का वितरण समयबद्ध किया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार के लिए किसी भी विभाग की जमीन को निःशुल्क दिया जाएगा। साथ ही फॉरेस्ट क्लियरेंस भी समय पर कराया जाएगा। उन्होंने सिंचाई विभाग या अन्य विभाग के पास उपलब्ध भूमि को फॉरेस्ट क्लियरेंस प्रस्तावों के लिए गैर वन भूमि के रूप में उपलब्ध कराने को लेकर आश्वस्त किया। साथ ही कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों की परियोजनाओं पर यूपी पीटीसीएल द्वारा लगाए जाने वाले शटडाउन शुल्क को भी प्रदेश सरकार नहीं लेगी।

मुख्यमंत्री ने वाराणसी, मथुरा और अयोध्या का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि ये प्रदेश के मुख्य दर्शनीय स्थल हैं, जिनमें पर्यटकों एवं तीर्थयात्रियों की संख्या दिनों-दिन बढ़ रही है। उन्होंने वाराणसी रिंग रोड के बचे हुए काम (गंगा ब्रिज) को पूर्ण करने के पश्चात इस रिंग रोड को शीघ्र ही ट्रैफिक के लिए खोला जाना



- प्रदेश में नहीं थमने दी जाएगी राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार की प्रकिया

आवश्यक बताया। मुख्यमंत्री ने ब्रज चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किये जाने को आवश्यक बताया। साथ ही अयोध्या बाईपास के सुदृढ़ीकरण का भी अनुरोध किया। उन्होंने मांग की कि प्रदेश के 10 नये राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाए। इसके अलावा प्रदेश के पांच मंडल अलीगढ़, देवीपाटन, झांसी, मीरजापुर और सहारनपुर में रिंग रोड बनाना भी आवश्यक है। उन्होंने प्रदेश में सभी राष्ट्रीय राजमार्गों के रख रखाव को उच्च स्तर का रखने पर जोर दिया।

### सिल्ट से अयोध्या को न होने पाए कोई नुकसान

**लखनऊ,अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को केन बेतवा लिंक परियोजना की समीक्षा के दौरान अयोध्या में सरयू नदी में जमा हो रही सिल्ट को लेकर भी सतर्क रहने की ताकीद की। निर्देश दिया कि सिल्ट से अयोध्या को कोई नुकसान न होने पाए। मुख्यमंत्री ने आईआईटी की मदद से कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में सरयू नदी में प्रवाह और सिल्ट ज्यादा है। ऐसे में एक बांध के जरिए इसे कम किया जा सकता है।

### लखीमपुर खीरी की डीएम दुर्गाशक्ति ने पेश की मिसाल

**लखनऊ, अमृत विचार :** बाढ़ से नदी तटीय खेतों में जमा सिल्ट किसानों के लिए सालों से परेशानी का सबब बनती रही है। एक ओर बाढ़ से तबाही, दूसरी ओर सिल्ट हटाने में धन और श्रम कमर तोड़ देती थी। लेकिन किसानों के इस दर्द को महसूस किया लखीमपुर खीरी की जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने इस बावत सरकारी धन से मुआवजा देने की पहल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वीकार करते हुए प्रदेश में इसे लागू करने का आदेश दिया है। बाढ़ राहत से जुड़े शीर्ष अधिकारियों के मुताबिक देश में उप्र पहला राज्य होगा जहां बाढ़ प्रभावित इलाकों के किसानों को बाढ़ की वजह से खेतों में जमी सिल्ट को हटाने के लिए सहायता धनराशि देने का कीर्तिमान स्थापित हुआ है। उधर, बाढ़ प्रभावित लखीमपुर खीरी के 311 किसानों में सिल्ट हटाने के लिए 32 लाख 55 हजार रुपये मुजावआ मिलते ही खुशी की लहर है। लाभार्थियों ने योगी का आभार जताते हुए उन्हें अपना मसीहा बताया। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि प्रदेश में पहली बार बाढ़ से खेतों में जमी सिल्ट को हटाने के लिए किसानों को मुआवजा दिया गया।

## यूपी-112 पर कॉल करें, पहचान गुप्त रहेगी : डीजीपी

**लखनऊ,अमृत विचार :** डीजीपी प्रशांत कुमार ने सोमवार को यूपी 112 के विशेष अभियान 'एक पहल' की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि किसी को मुसीबत में देखकर वीडियो न बनाएं, बल्कि यूपी 112 पर कॉल करें। संदिग्ध व्यक्ति और वस्तु की सूचना यूपी 112 को देने में संकोच न करें। पुलिस को सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। प्रशांत कुमार ने कहा कि 'एक पहल' आम लोगों को संवेदनशील और सतर्क बनाने का अभियान है। छेड़छाड़, छींटाकशी और सड़क पर पड़े घायल की कतई अनदेखी न करें। यह अभियान एक जन जागृति है। एक पहल कीजिए... यूपी 112 को कॉल कीजिए।



## पर्सनल लॉ बोर्ड की तलाकशुदा महिलाओं के मामले में पहल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सिर्फ इद्दत तक खर्च नहीं, महिला को भविष्य के लिए एकमुश्त रकम भी दी जाए
- तलाक के बाद बच्चे अगर महिला के पास हैं, तो उनकी बेहतर परवरिश का भी करें इंतजाम

**अमृत विचार:** आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने तलाकशुदा महिलाओं को इंसाफ दिलाने के लिए पहल की है। अभी तलाक देने वाले पुरुष के लिए महिला को इद्दत (तलाक से तीन माह 13 दिन) तक ही खर्च देने का बाध्यता है, लेकिन बोर्ड का मानना है कि तलाक के बाद महिला बहुत मुश्किलों से गुजरती है, अगर उसके बच्चे हैं तो हालात और दुश्वारी भरे होते हैं। लिहाजा तलाक देने वालों को इद्दत तक खर्च देने से आगे भी महिला के जीविकोपार्जन के बारे में सोचना चाहिए।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मीडिया इंचार्ज की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि अगर किसी महिला को तलाक दी जाये तो इद्दत का नान नफका (खर्च) अनिवार्य है, लेकिन बेहतर है कि एकमुश्त रकम भी महिला को दी जाए तो उसके भविष्य को सहारा मिल सके। बोर्ड ने कहा है कि अगर किसी तलाकशुदा महिला के बच्चे हैं तो उनका ऐसा मुनासिब खर्च अदा किया जाना चाहिए, जिससे खाना, कपड़ा, इलाज, शिक्षा और रहन-सहन की जरुरत पूरी हो सके। अगर इंसान ने दूसरा निकाह कर लिया है और दूसरी बीवी और उससे पैदा होने वाले बच्चे उसके साथ हैं, और पहली बीवी के पास उसके बच्चे हैं, तो यह समझ लें कि दूसरी बीवी के बच्चों की जैसी परवरिश कर रहे हैं, पहली बीवी के बच्चों की भी परवरिश उसी तरह करें। दोनों बीवी के बच्चों के बीच बराबर देखरेख नहीं करना गुनाह है।

## किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास में पूर्व सपा नेता गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



- नौकरी मांगने के लिए किशोरी बुआ के साथ आई थी नवाब सिंह यादव के पास

**अमृत विचार:** किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास में सोमवार को पुलिस ने सपा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव को गिरफ्तार कर लिया। घटना के समय पीड़ित पक्ष व आरोपी अपने विद्यालय चंदन सिंह महाविद्यालय में था। पुलिस ने वहीं कमरे से गिरफ्तारी करने का दावा किया है। वहीं, कन्नौज के सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां ने पत्र जारी कर कहा है कि नवाब सिंह बीते पांच वर्ष से पार्टी में नहीं है। वह पार्टी का सक्रिय सदस्य भी नहीं है।

पुलिस के अनुसार तिर्वा तहसील क्षेत्र की एक महिला अपनी नाबालिग भतीजी के साथ रविवार देर रात चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय पहुंची थी। यहां एक कमरे में दोनों ठहरी थीं। नवाब सिंह भी वहां मौजूद था। आरोप है कि महिला बाथरूम चली गई, तभी नवाब सिंह यादव ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इसी बीच किशोरी ने यूपी 112 पर फोन कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने रविवार देर रात ही नवाब सिंह को महाविद्यालय के कमरे से गिरफ्तार कर लिया।

## रिश्वत के आरोप में अवर अभियंता निलंबित

**लखनऊ :** रिश्वत लेने के आरोप में मेरठ में तैनात एक बिजली अवर अभियंता को निलंबित कर दिया गया, जबकि एक संविदा बिजली कर्मी बर्खास्त कर दिया गया है। वीडियो वायरल होने पर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इसका संज्ञान लिया और उनके निर्देश पर कार्रवाई हुई। मेरठ में बिजली विभाग के तीन संविदा कर्मियों का रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल हुआ। रिश्वत लेने वाले की पहचान संविदा कर्मी नूर मोहम्मद तैनाती काजीपुरा बिजली उपकेंद्र के रूप में हुई। इस संविदा कर्मी को तत्काल बर्खास्त करते हुए संबंधित प्रकरण में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस बीच, मेरठ पुलिस ने आरोपी नूर मोहम्मद के साथ उसके दो अन्य साथियों शहजाद व शौकीन को गिरफ्तार कर प्रकरण की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

## कृषि उत्पादन आयुक्त बनीं मोनिका गर्ग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासन ने पांच वरिष्ठ आईएएस अफसरों को दी अहम विभागों की जिम्मेदारी
- एसीएस देवेश चतुर्वेदी केंद्रीय सेवा के लिए कार्यमुक्त होकर मुख्यमंत्री से मिले

**अमृत विचार :** शासन ने सोमवार को अपर मुख्य सचिव मोनिका गर्ग को कृषि उत्पादन आयुक्त और प्रमुख सचिव एम देवराज को नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग की जिम्मेदारी सौंपी। इन दोनों अधिकारियों समेत पांच वरिष्ठ आईएएस को अपने पहले के विभागों में मुखिया रहते हुए अन्य महत्वपूर्ण विभाग की कमान सौंपी गई है।

कृषि उत्पादन आयुक्त समेत नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग का काम संभाल रहे अपर मुख्य सचिव देवेश कुमार चतुर्वेदी को सोमवार राज्य सरकार ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए कार्यमुक्त कर दिया। दिल्ली में उन्हें कृषि मंत्रालय का सचिव बनाया गया है। जाने से पहले उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की।

इसी के साथ शासन ने पांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की तैनाती में फेरबदल किया है। एसीएस मोनिका गर्ग कृषि उत्पादन आयुक्त बनाई गई हैं। उनके पास अल्पसंख्यक कल्याण विभाग भी बना रहेगा।

प्रमुख सचिव एम देवराज को नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग की जिम्मेदारी दी गई है, हालांकि उनके पास जीएसटी विभाग बना रहेगा। प्राविधिक शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी एमएसएमई का काम देख रहे प्रमुख सचिव आलोक कुमार को दी गई है।

आईएएस रविंद्र कुमार को प्रमुख सचिव दुग्ध विकास एवं पशुधन विभाग की जगह कृषि विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। वहीं, प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन रविंद्र नायक को दुग्ध विकास एवं पशुधन विभाग का भी प्रभार सौंपा गया है। प्रमुख सचिव लीना चौहरी को आयुष विभाग के साथ महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार की भी जिम्मेदारी मिली है। वहीं प्रमुख सचिव आलोक कुमार (द्वितीय) को तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### इनके आने पर ही कम होगा भार

केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर गए पांच शीर्ष आईएएस अधिकारी प्रदेश की सेवा में जल्द वापस आएंगे, तभी कई विभागों के अतिरिक्त कार्यभार संभालने वाले अधिकारियों का बोझ कम होगा। सूत्रों के अनुसार केंद्र से 1990 बैच की अर्चना अग्रवाल, 1991 बैच की निवेदिता एस वर्मा, 1995 बैच के भुवनेश कुमार और मृत्यंजय कुमार नारायण समेत 1996 बैच के धीरज साहू व अनीता सी मेश्राम लखनऊ आ सकती हैं।

## कांग्रेस ने नियुक्त किए 10 प्रेक्षक

**लखनऊ,अमृत विचार:** प्रदेश में विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उप चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को प्रेक्षक नियुक्त कर दिए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने इस सिलसिले में पत्र जारी किया। अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा को सीसामऊ, सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद को मीरापुर, सीतापुर के सांसद राकेश राठौर को कुंदरकी, बाराबंकी के सांसद तनुज पुनिया को गाजियाबाद,प्रयागराज के सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह को फूलपुर, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी को कटेहरी, पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह को मिल्कीपुर सुरक्षित, पूर्व विधायक राजकुमार रावत को खैर सुरक्षित व पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार को करहल का प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

# धर्म दर्शन

## लघु रुद्री मंत्र

यजुर्वेदांतर्गत शिव अर्चना के आठ अध्याय 'रुद्र अष्टाध्यायी' या 'रुद्री' कहलाते हैं, जो रुद्राभिषेक के अनिवार्य अंग हैं। इसका छठा अध्याय लघु रुद्री कहलाता है, जिसके एकादश बार पाठ से संपूर्ण फल मिल जाता है। इसका पांचवां मंत्र विश्व प्रसिद्ध "महामृत्युंजय मंत्र है और छठा कुमारी कन्याओं के लिए। इन मंत्रों का हिंदी पद्यानुवाद।

संतति युत हम व्रत स्वरूप
तव,विग्रह में कर मन का योग।
सोम रूप जगदीश्वर पावें, पावन
सकल सुखों का भोग।।1।।
यह तव भाग भोगिये भगिनी अंबा
के संग हे वृषकेतु!
तथा अन्य अर्पण भी है यह, तुम्हें
खननकारी पशु हेतु।।2।।
करता ध्यान आपका त्रिनयन!
सकल दुखों को हरें समूल।
उत्तम वास, सुनिश्चय क्षम कर,
श्रेष्ठ बना दें हे कर-शूल।।3।।
औषधिरूप! कीजिए मम गो,
अश्व, मेष, अनुचर नीरोग।
तथा मुझे वाह्यांतर से प्रभु! इस
विधि करूं सकल सुख भोग।।4।।
हे त्रिनेत्र! यश वर्द्धक भजता तुम्हें
अहो! जग पालनहार।
मृत्यु मुक्त अमृत से करिए, जैसे
ककड़ी छोड़े नार।।5।।
पति की लिए कामना, करती हूं
तव यजन अहो त्रय-नेत्र!
रहे संग जब तक ककड़ी के नार
सदृश छूटे तन-क्षेत्र।।6।।
अर्पित रुद्र! 'अवस' हवि, धनु
ढक, मूजवान पर्वत के पार
करें गमन, हिंसा तज, शुभकर,
अहो चर्मपट, जगताधार।।7।।
ऋषि कश्यप, जमदग्नि, सुरों के
तीन अवस्था के सु-चरित्र।
विद्यमान कर दें हम भक्तों में भी हे
शिव! परम पवित्र।।8।।
हिंसा रहित सदा शिव तुमको
नमन कर रहा हूं नत भाल।
दें सु-दीर्घ वय, धन, बल संतति
भोज्य तथा सामर्थ्य विशाल।।9।।




रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

## औढरदानी भगवान शिव



भगवान शिव और उनका नाम समस्त मंगलों का मूल है। वेद तथा आगमों में भगवान शिव को विशुद्ध ज्ञान स्वरूप बताया गया है। समस्त विद्याओं के स्वतः संभूत मूल स्थान भी भगवान शिव ही हैं। ज्ञान, बल, इच्छा और क्रिया में उनके समान कोई नहीं है। सभी के मूल कारण, रक्षक, पालक तथा नियंता होने के कारण वे महेश्वर कहे जाते हैं। आदि और अंत न होने के कारण अनंत हैं। भगवान शंकर दिगंबर होते हुए भी भक्तों को अतुल ऐश्वर्य प्रदान करने वाले, अनंत राशियों के अधिपति होने पर भी भस्म विभूषण, श्मशान वासी होने पर भी त्रिलोक के अधिपति, योगीराज होने पर भी अर्धनारीश्वर, पार्वती जी के साथ रहने पर भी कामजित तथा सबके कारण होते हुए भी अकारण हैं। आशुतोष और अवढरदानी होने के कारण यह शीघ्र प्रसन्न होकर अपने भक्तों के संपूर्ण दोषों को क्षमा कर देते हैं।

भगवान शिव का परिवार बहुत बड़ा है। वहां सभी द्वंद्वों और द्वैतों का अंत दिखाई पड़ता है। एकादश रुद्र, रुद्राणियां चौसठ योगिनीयां, षोडश मातृकाएं, भैरव आदि उनके सहचर तथा सहचरी हैं। गणपति परिवार में उनकी पत्नी सिद्धि, बुद्धि तथा शुभ लाभ दो पुत्र हैं। उनका वाहन मूषक है। कार्तिकेय का वाहन मयूर है। भगवती पार्वती का वाहन सिंह है तथा स्वयं भगवान शंकर धर्मावतार नंदी पर आरुढ़ होते हैं। भगवान शंकर सर्वत्र व्याप्त हैं, तथापि काशी और कैलाश उनके मुख्य स्थान हैं। भक्तों के हृदय में तो वह सर्वदा निवास करते हैं। भगवान शंकर के चरित्र बड़े ही उदात्त एवं अनुकंपा पूर्ण हैं। वे ज्ञान, वैराग्य व साधुता के परम आदर्श हैं। भयंकर रुद्र रूप हैं तो भोलानाथ भी हैं। दुष्ट दैत्यों के संहार में कालरूप हैं तो दीन-दुखियों की सहायता करने में दयालुता के समुद्र हैं,जिसने आप को प्रसन्न कर लिया उसको मुंह मांगा वरदान मिला। रावण को अटूट बल मिला, भस्मासुर को सबको भस्म करने की शक्ति दी। यदि भगवान विष्णु मोहिनी रूप धारण करके न आते तो स्वयं भी संकटग्रस्त हो जाते।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

भगवान शंकर का त्याग अनुपम है। अन्य सभी देवता समुद्र मंथन से निकले हुए लक्ष्मी, कामधेनु, कल्पवृक्ष और अमृत ले गए और भगवान शंकर अपने भाग का हलाहल पान करके संसार की रक्षा के लिए नीलकंठ बन गए। वह एक पत्नी व्रत के अनुपम आदर्श हैं। माता सती पार्वती रूप में आपकी अनन्या पत्नी हैं।

भगवान शिव योगियों के भी महायोगी हैं। योगियों की आयु बढ़ाने के लिए पारद शास्त्र का आविष्कार उन्हीं के द्वारा किया गया। भगवान शंकर संगीत और नृत्यकला के आदि आचार्य हैं। तांडव नृत्य करते समय उनके डमरू से ही स्वरों का प्रादुर्भाव हुआ तथा इनका तांडव ही नृत्य कला का आरंभ है। व्याकरण के मूल तत्वों का विकास भी शिवजी की डमरू ध्वनि का ही परिणाम है। देवाधिदेव महादेव एकमात्र देवता हैं, जिनकी शिवलिंग रूप में निराकार तथा शंकर रूप में साकार पूजा की जाती है।


## वर्ग पहेली-160

**बाएं से दाएं**

2. 1. प्राचीन लिपि में लिखा गया लेख, किसी शिला पर लिखा लेख या लिपि
3. शब्दों के अंत में जुड़कर 'करने वाला' का अर्थ देता है
5. प्रशंसा, बहुत अच्छा
6. मिथुन राशि।
7. 1. किसी को दिया जाने वाला धन 2. दान 3. पैतृक संपत्ति में हिस्सा, बांट 4. दहेज आदि के रूप में दिया जाने वाला धन।

**ऊपर से नीचे**

1. बेरहम दिल वाला, क्रूर।
2. 1. किसी मशीन या यंत्र का अंग-प्रत्यंग, अवयव 2. पर्ची, कागज़ का टुकड़ा 3. खंड, टुकड़ा, कतरन। (मु.) चलता पुरज़ा होना : चालाक व्यक्ति होना –ढीला होना : बुद्धि की कमी होना, सनकी होना।
4. लकड़ी का वह चौड़ा टुकड़ा जिसपर ठठेरे बरतन रखकर रेती से रेतते हैं।
5. बावला, पागल।



### वर्ग पहेली -159 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 ग | | 2 चु |
| | 3 उ | क | ता | ह | ट |
| 4 वृ | त | | नु | | क |
| | ना | | ग | | ना |
| | | 5 औ | ति | 6 क | |
| | | | 7 क | ल | मा |
| 8 ढ | हा | ना | | ल | |

## सुडोकू -73

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 1 | | | 8 |
| | 6 | | 9 | | | 2 | | |
| 3 | | 2 | | 6 | | | | 5 |
| | | 3 | | 8 | 2 | 4 | | 7 |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| 1 | | 4 | 5 | 9 | | 3 | | |
| 4 | | | | 5 | | 1 | | 2 |
| | | 8 | | | 4 | | 6 | |
| 9 | | | 6 | | 3 | | | |

### सुडोकू -72 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 7 | 2 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 6 | 4 | 5 |
| 5 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 7 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 | 3 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 6 | 8 | 3 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 1 |
| 1 | 5 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 | 6 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 अगस्त मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 09 .31 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 10 .44 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** – आज पुराने मित्रों से मुलाकात होगी लेकिन आपको इससे ज्यादा प्रसन्नता होगी। अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। अनावश्यक क्रोध करने की आदत से आपको बचना चाहिये।

**वृष** – आज अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा। अपने मन की बातें उनसे साझा कर सकते हैं। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** – आज किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। स्वास्थ्य काफी अच्छा और संतुलित रहेगा। आपकी रचनात्मक क्षमता में वृद्धि होगी। यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है।

**कर्क** – आज मित्रों के परामर्श पर गम्भीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हांथ लग सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है।

**सिंह** – आज निजी रिश्तों को लेकर गंभीर रहें। काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा। इस समय नया कार्य शुरू करना उचित नहीं है।

**कन्या** – आज रिलेशनशिप के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। आप कुछ दिनों की छुट्टियों को लेकर योजना बना सकते हैं। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे। विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**तुला** – आज कमीशन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा। व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं इसलिए लापरवाही भारी पड़ सकती है।

**वृश्चिक** – आज परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। कारोबार में सबकुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। मित्रों से लंबी बातचीत हो सकती है। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी।

**धनु** – आज नशीले पदार्थों का सेवन न करें। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें। कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं।

**मकर** – आज दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार की जरूरतों पर धन खर्च करना पड़ेगा। प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें।

**कुंभ** – आज दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें। व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा।

**मीन** – आज आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपके विरुद्ध गलत धारणा बना सकते हैं। काल्पनिक विचारों से दूरी बनाकर रखें। आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
रन – सुबह : 09 .00
विक्की डोनर – रात : 09 .00

**Sony Pix**
टर्मिनेटर सैल्वेशन – दोपहर : 12 .00
द मैकेनिक – रात : 07 .34

**&pictures**
अंतिम – सुबह : 10 .57
वीरे दी वेडिंग – रात : 08 .00

**Zee Cinema**
जय सिंबा – सुबह : 11 .18
घूमर – रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
मेरी ताकत मेरा फैसला – सुबह : 08 .54
दृश्यम 2 – शाम : 04 .55

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संजू अपना लेसन याद करके नहीं आया
टीचर- अपना लेसन याद क्यों नहीं किया?
संजू- जी मैम, कल रात को जैसे ही पढ़ने बैठा, लाइट चली गई।
टीचर- तो फिर लाइट नहीं आई क्या?
संजू- आई, पर फिर से जैसे ही पढ़ने बैठा फिर चली गई।
टीचर- अरे! तो फिर लाइट नहीं आई क्या?
संजू- आई थी, पर मैं फिर इस डर से पढ़ने नहीं बैठा कि फिर लाइट न चली जाए।

प्रेमिका (प्रेमी से)- अरे बाबा, जल्दी खिड़की से कूदो पापा आ रहे हैं।
प्रेमी- लेकिन यह तो 13 वीं मंजिल है।
प्रेमिका- अरे, यह शगुन-अपशगुन सोचने का वक्त नहीं है।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2060, राज श्री 1395, फ़ॉर्चून कि. 1710, रविन्द्रा 1950, फॉर्चुन ली. 1560, जय जवान 1495, सचिन 1525, सूरज 1520, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी ली 1515, क्लासिक किलो) 1670, मोर 1640, चक्र टिन 1875, ब्लू 1635, आशीर्वाद मस्टर्ड 1880, स्वास्तिक 2030 । किराना- ( प्रतिकु.) निजामाबाद 19000, जीरा 31000, लाल मिर्च 19000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल - ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10700, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 8050, दाल चना 8650, लाल हिंदुस्तान 8750, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9500, चना अकोला 8400, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12900, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 15000, अरहर कोरा मोटा 15400, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16600 । चीनी-डालमियां 4060, पीलीभीत 4050, नवाबगंज 4040, बहेड़ी 4050 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड ( पक्के जेवर ) | 72050 |
| गोल्ड ( गिन्नी जेवर ) | 71050 |
| सिल्वर ( पक्की ) | 818 ( अनुमानित ) । |

# गिरावट से उबरा बाजार, सेंसेक्स 57 अंक टूटा

## शुरुआत में सेबी को लेकर हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट का बाजार पर हुआ असर, बैंकों में लाभ से उबरा

**मुंबई, एजेंसी**



- कारोबार के दौरान 24,212.10 अंक तक लगाया गोता, बाद में आया उछाल

अमेरिकी शोध कंपनी हिंडनबर्ग की सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और उनके पति के खिलाफ विदेशी कोष में अघोषित निवेश को लेकर रिपोर्ट से बाजार शुरू में गिरा लेकिन बाद में निजी बैंकों में लाभ से नुकसान से उबरने में सफल रहा। सेंसेक्स में शुरुआत में तेज गिरावट आई हालांकि, बाद में यह 56.99 अंक यानी 0.07% की मामूली गिरावट के साथ 79,648.92 अंक पर बंद हुआ।

सुबह कारोबार के दौरान अडाणी समूह और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से यह 479.78 अंक लुढ़का था। बाद में इसमें तेजी आई और यह दिन के निचले स्तर से 880 अंक चढ़ गया। कारोबार समाप्ति से पहले यह नीचे आ गया। सेंसेक्स की 18 में से 12 कंपनियों लाभ में रहीं। एनएसई का निफ्टी भी 20.50 अंक यानी 0.08% की गिरावट के साथ 24,347 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह नीचे में 24,212.10 अंक तक आया और ऊंचे में 24,472.80 अंक तक गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि भारतीय बाजार स्थिर बंद हुआ। शुरुआत में बाजार पर अडाणी-हिंडनबर्ग-सेबी रिपोर्ट का असर हुआ। हालांकि, बाजार ने इसको नकार दिया और वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख से संकेत लिया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में अडाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज नुकसान में तो एक्सिस बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर लाभ में रहे।

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से शुरुआती कारोबार में बाजार धारणा पर असर पड़ा। हालांकि, बाद में इसमें तेजी आई यह कारोबार के दौरान बढ़त में रहा पर कारोबार समाप्ति से चुनिंदा मुनाफावसूली से पहले मामूली नीचे आ गया।

### मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयरों में आया मामूली उछाल

छोटी कंपनियों के शेयरों वाला स्मॉलकैप 0.51 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप मामूली 0.04 प्रतिशत चढ़ा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। जापान में टोक्यो बाजार अवकाश के कारण बंद था। यूरोपीय बाजारों में कारोबार के दौरान तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को लाभ में रहा था। शेयर बाजार के अनुसार विदेशी निवेशक शुक्रवार को शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने 406.72 करोड़ के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.83 प्रतिशत चढ़कर 80.32 डॉलर प्रति बैरल रहा।

# अटकलों के बजाय परिणामों पर लें निर्णय

हिंडनबर्ग ने हालिया रिपोर्ट में सेबी प्रमुख पर अडाणी मामले में फंड ट्रांसफर में शामिल होने का आरोप लगाया है। आइए समझते हैं कि मामला क्या है और क्या निवेशकों को इन आरोपों पर चिंता करने की जरूरत है।

वित्तीय जगत में हिंडनबर्ग की हालिया रिपोर्ट को लेकर हलचल मची है, जिसमें अडाणी मामले में कथित फंड ट्रांसफर में सेबी प्रमुख की संलिप्तता पर सवाल उठे हैं। इससे निवेशकों, बाजार सहभागियों और जनता के बीच व्यापक चिंताएं पैदा हो गई हैं। इस विवाद का न केवल अडाणी समूह बल्कि वित्तीय बाजार और नियामक वातावरण पर भी प्रभाव है। देश के सबसे बड़े समूहों में से एक अडाणी, 2023 की शुरुआत से गहन जांच के दायरे में है, जब अमेरिकी निवेश अनुसंधान फर्म हिंडनबर्ग ने हानिकारक रिपोर्ट जारी की थी। रिपोर्ट में अडाणी समूह पर स्टॉक मूल्य में हेरफेर, लेखांकन धोखाधड़ी और अपतटीय संस्थाओं के अनुचित उपयोग सहित विभिन्न कदाचार का आरोप लगाया गया, जिससे अडाणी समूह की कंपनियों के शेयर में गिरावट आई, जिससे अरबों डॉलर का बाजार मूल्य समाप्त हो गया।



रजत मेहरोत्रा
आर्थिक विशेषज्ञ

### क्या निवेशकों को चिंतित होना चाहिए ?

**जांच की प्रतीक्षा:** हिंडनबर्ग गंभीर सवाल उठाती है, यह अंततः सेबी और संभावित रूप से अन्य सरकारी एजेंसियों सहित संबंधित अधिकारियों पर निर्भर है कि वे जांच करें। निवेशकों को इनकी प्रगति की निगरानी करनी चाहिए और अटकलों के बजाय परिणामों पर निर्णय लेना चाहिए।

**विविधीकरण महत्वपूर्ण है:** किसी भी निवेश की तरह, जोखिम प्रबंधन के लिए विविधीकरण महत्वपूर्ण है। अडाणी समूह में महत्वपूर्ण निवेश वाले निवेशकों को संभावित घाटे को कम करने के लिए अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने पर विचार करना चाहिए। इसमें अन्य क्षेत्रों या बाजारों में धनराशि पुनः आवंटित करना शामिल हो सकता है जो विवाद से कम प्रभावित हैं।

**बुनियादी बातें:** विवाद के बावजूद, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि कंपनी का दीर्घकालिक मूल्य उसके बुनियादी सिद्धांतों, जैसे राजस्व वृद्धि, लाभप्रदता और प्रतिस्पर्धी से तय होता है। निवेशकों को इन मैट्रिक्स पर अडाणी समूह का आकलन कर यह तय करना चाहिए कि क्या मौजूदा स्टॉक कीमतें आंतरिक मूल्य को दर्शाती हैं।

### रिपोर्ट में कई प्रमुख मुद्दे शामिल

**हितों का टकराव :** हिंडनबर्ग का आरोप है कि समूह से जुड़ी संस्थाओं के साथ पिछले संबंधों या लेनदेन को देखते हुए, सेबी प्रमुख को अडाणी समूह की जांच की निगरानी में हितों का टकराव हो सकता है। इससे जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठता है और क्या नियामक संस्था अडाणी के खिलाफ आरोपों का निष्पक्ष मूल्यांकन कर सकती है।

**अघोषित फंड ट्रांसफर :** रिपोर्ट से पता चलता है कि सेबी प्रमुख और अडाणी समूह से जुड़ी संस्थाओं के बीच अघोषित फंड ट्रांसफर हुआ हो सकता है। यदि सच है, तो यह संभावित बदले की व्यवस्था का संकेत दे सकता है, जहां वित्तीय लाभ के बदले अदानी समूह को अनुकूल व्यवहार दिया गया था।

**नियामक चूक :** हिंडनबर्ग वर्तमान सेबी नेतृत्व के तहत संभावित नियामक चूक की ओर भी इशारा करते हैं, जो सुझाव देते हैं कि अदानी समूह की जांच उतनी गहन या पारदर्शी नहीं है जितनी होनी चाहिए। इससे बाजार को प्रभावी ढंग से विनियमित करने की सेबी की क्षमता में जनता का विश्वास कमजोर हो सकता है।

### आरोपों से वित्तीय समुदाय सदमे में

**बाजार की धारणा और स्टॉक की कीमतें :** रिपोर्ट के बाद निवेशक अडाणी समूह के शेयरों को रखने के बारे में सतर्क हैं। किसी भी आगे के विकास या आरोपों की पुष्टि से नए सिरे से बिकवाली हो सकती है, जिससे अडाणी के शेयर की कीमतों पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा।

**नियामक अनिश्चितता :** यदि सेबी प्रमुख के खिलाफ आरोप सही होते हैं, तो इससे भारत के नियामक संस्थानों में विश्वास का संकट पैदा हो सकता है। यह अनिश्चितता अपर्याप्त नियामक निरीक्षण और गड़बड़ी के जोखिमों के डर से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों निवेशकों को रोक सकती है।

**संभावित कानूनी और वित्तीय परिणाम :** यदि नियामक चूक की पुष्टि हो जाती है, तो इसके परिणामस्वरूप सेबी प्रमुख और इसमें शामिल अन्य अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती है। इससे जुर्माना, सेबी में नेतृत्व में **बदलाव और संभवत :** नियामक ढांचे में सुधार भी हो सकता है। इस तरह के घटनाक्रम से बाजार पर असर पड़ सकता है, निवेशकों का विश्वास प्रभावित हो सकता है और संभावित रूप से पूंजी का बहिर्प्रवाह हो सकता है।

**सुधार बाजार को मजबूत कर सकते हैं :** लंबे समय में यदि आरोपों से सार्थक नियामक सुधार होते हैं, तो यह वास्तव में भारतीय बाजार को मजबूत कर सकता है। पारदर्शिता, कड़ी निगरानी और बेहतर कॉर्पोरेट प्रशासन बाजार को निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बना सकता है, जिससे अधिक स्थिरता और विकास हो सकता है।

# टेक प्रतिभाओं की मांग से सॉफ्टवेयर की नौकरियों में उछाल : इनडीड

**बेंगलुरु, एजेंसी**



- आईटी की भर्तियों में 8.5% वृद्धि होने का अनुमान

अगले साल आईटी की भर्तियों में 8.5% वृद्धि होने का अनुमान है जिससे प्रतीत होता है कि मंदी के बावजूद कुशल आईटी प्रतिभाओं की मांग बढ़ रही है, जिससे व्यवसायों को आगे आने वाले साल में भर्ती की रणनीतियां तैयार करना जरूरी हो गया है। ग्लोबल हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड के मुताबिक टेक्नोलॉजी की 70% नौकरियां वर्तमान में सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में हैं।

जहां ऑपरेशनल एफिशियंसी और इनोवेशन के लिए व्यवसायों की सॉफ्टवेयर पर निर्भरता बढ़ रही है, वहीं डेवलपरों के लिए सिस्टम का निर्माण करने और उसे बनाए रखने की मांग बढ़ी है। एआई, मशीन लर्निंग, और ब्लॉकचेन जैसी टेक्नोलॉजी में हुई तेज प्रगति से प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए विशेषज्ञ सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की जरूरत में भी काफी वृद्धि हुई है। इसमें विकसित होता हुआ स्टार्टअप परिवेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है क्योंकि नए व्यवसाय अपने उत्पादों का निर्माण और विकास करने के लिए डेवलपर्स की नियुक्ति को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# आंकड़ों के मानकीकरण पर रिजर्व बैंक ने की विशेषज्ञ समिति गठित

**मुंबई।** आरबीआई ने सोमवार को अपने नियमित रूप से जारी होने वाले आंकड़ों को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के लिए समिति गठित करने की घोषणा की। समिति का गठन डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अध्यक्षता में हुआ है और इसमें 10 सदस्य होंगे। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के मानकीकरण पर विशेषज्ञ समिति को नवंबर, 2024 के अंत तक रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। पात्रा की अध्यक्षता वाली समिति अन्य नियमित आंकड़ों की गुणवत्ता का भी अध्ययन करेगी। समिति के अन्य सदस्य आर बी बर्मन (पूर्व चेयरमैन, राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग), सोनाली देसाई ( राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली और मैरीलैंड विश्वविद्यालय, यूएसए), पार्थ रे ( निदेशक, राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान, पुणे) और विमल रॉय ( पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग शामिल हैं।



## एक नजर

### विहिप नेता विकास बग्गा की हत्या के मामले में वांछित संदिग्ध गिरफ्तार

**लुधियाना।** पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस ( सीआई ) लुधियाना और लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस ने नंगल स्थित विश्व हिंदू परिषद ( वीएचपी ) के नेता मुकुल मिश्रा की हत्या में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ( एनआईए को वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक ( डीजीपी ) गौरव यादव ने सोमवार को यहां बताया कि की हत्या के मामले की जांच एनआईए द्वारा जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, इस साल 13 अप्रैल की शाम को रेलवे रोड नंगल में स्थित उनकी दुकान पर दो अज्ञात हमलावरों ने वीएचपी नंगल मंडल के प्रधान विकास प्रभाकर उर्फ विकास बग्गा की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### मप्रः मदरसे में 10 वर्षीय लड़के से कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के मदरसे में 10 वर्षीय लड़के से कुकर्म के आरोप में इस संस्थान के कर्मचारी को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बड़गोंदा थाना क्षेत्र के मदरसे में रहकर पढ़ने वाले 10 वर्षीय लड़के से संस्थान के 20 वर्षीय पुरुष कर्मचारी ने दो अगस्त को दोपहर में कथित तौर पर कुकर्म किया। आरोपी ने कुकर्म के दौरान लड़के के साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हुए उसे धमकाया कि अगर उसने किसी को आपबीती सुनाई, तो वह उसे जान से मार डालेगा। अधिकारी ने कहा कि पीड़ित बालक का मदरसे के दूसरे लड़कों से झगड़ा हुआ था। मदरसे के शिक्षक ने बालक से कहा था कि विवाद शांत होने तक वह आरोपी कर्मचारी के कमरे में सो जाया करे।

# पुलिस मामला सुलझाए, नहीं तो जांच सीबीआई को देंगे

## पीड़िता के परिजनों से मिलीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पुलिस को दिया 18 तक का अल्टीमेटम

**कोलकाता, एजेंसी**

**कोलकात्ता में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से दरिंदगी**



प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि अगर पुलिस आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक की हत्या का मामला रविवार 18 अगस्त तक सुलझाने में विफल रही तो जांच सीबीआई को दी जाएगी। बनर्जी ने कहा कि मामले की सुनवाई त्वरित अदालत में की जाए। बनर्जी महिला चिकित्सक के घर गईं और पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

बनर्जी ने कहा कि अगर पुलिस मामले को सुलझा नहीं पाती है, तो जांच सीबीआई को सौंप देंगे। बनर्जी ने कहा कि मृतक डॉक्टर के परिजनों को संदेह है कि इसमें कोई भीतर का व्यक्ति शामिल है। मैंने पुलिस से कहा है कि पीड़िता के दोस्तों और अन्य से पूछताछ होनी चाहिए। बनर्जी ने कहा कि छाती रोग विभाग के प्रमुख और सुरक्षा प्रभारी कोलकाता पुलिस के एसीपी को भी हटा दिया गया है। कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल भी बनर्जी के साथ पीड़िता के घर गए। गोयल ने कहा कि घटनास्थल के पास मौजूद लोगों को बुलाया जा रहा है। हमें यकीन है कि अगर और भी अपराधी होंगे तो हम उन्हें चार से पांच दिनों में गिरफ्तार कर लेंगे।

### सख्त कार्रवाई करे प. बंगाल सरकारः प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि महिला चिकित्सक के मामले में पश्चिम बंगाल सरकार को त्वरित और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा बहुत बड़ा मुद्दा है और इसके लिए ठोस प्रयास की जरूरत है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर कहा कि ट्रेनी डॉक्टर से हुई दरिंदगी दिल दहलाने वाली है। कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए ठोस प्रयास की जरूरत है।

### संस्थान के प्रधानाचार्य ने दिया इस्तीफा, हड़ताल जारी

कोलकाता में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले पर आलोचनाओं का सामना कर रहे संस्थान के प्रधानाचार्य संदीप घोष ने पद से सोमवार को इस्तीफा दे दिया। जूनियर चिकित्सकों ने अस्पताल कर्मियों को सुरक्षा मुहैया कराने में नाकामी के लिए उनके इस्तीफे की मांग की थी। मामले की मजिस्ट्रेट जांच की मांग को लेकर जूनियर चिकित्सक, प्रशिक्षु और परास्नातक प्रशिक्षु चिकित्सकों की हड़ताल सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहने से अस्पतालों में सेवाएं बाधित हैं। एक दिन पहले बंगाल सरकार ने चिकित्सा अधीक्षक सह उप-प्रधानाचार्य संजय वशिष्ठ को हटा दिया और उनकी जगह छात्र मामलों की डीन प्रोफेसर बुलबुल मुखोपाध्याय को अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया।

### दिल्ली के अस्पतालों में अनिश्चितकालीन हड़ताल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में केंद्र द्वारा संचालित एम्स, आरएमएल और सफदरजंग समेत कई अस्पतालों के रेजीडेंट चिकित्सकों ने कोलकाता में महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी पर सोमवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। फेडरेशन ऑफ रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अनुसार, हड़ताल के दौरान सभी बाह्यरोगी विभाग, ऑपरेशन थिएटर और वार्ड ड्यूटी बंद रहेंगी लेकिन आपातकालीन सेवाएं चालू रहेंगी ताकि यह सुनिश्चित हो कि आपात चिकित्सा वाले रोगियों को परेशानी न हो।

# हिंडनबर्ग आरोपों पर जेपीसी की मांग कांग्रेस का ढकोसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने सोमवार को सेबी अध्यक्ष के खिलाफ हिंडनबर्ग के आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति ( जेपीसी ) से जांच कराने की कांग्रेस की मांग को खारिज करते हुए कहा कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और देश में निवेश को नष्ट करने के लिए एक ढकोसला है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने दोहराया कि शॉर्ट सेलिंग कंपनी का आरोप और विपक्ष द्वारा सेबी की आलोचना एक व्यापक साजिश का हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक स्तर पर सुरक्षित, स्थिर और बेहतर बाजार के तौर पर देखा जा रहा है लेकिन कांग्रेस ऐसा माहौल बनाना चाहती है कि देश का निवेश परिदृश्य सुरक्षित नहीं है। अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस हिंडनबर्ग में निवेशक हैं और उन्हें सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाने के लिए जाना जाता है।

### हिंडनबर्ग पर होगी सख्त कार्रवाईः केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि हिंडनबर्ग ने कांग्रेस के साथ मिलकर देश को बदनाम किया है और अमेरिकी कंपनी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। केंद्रीय कपड़ा मंत्री सिंह ने राहुल गांधी और जयराम रमेश पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और जयराम रमेश... यह देश को बदनाम करने वाला गिरोह है। गांधी को बड़े बाप का बेटा करार देते हुए सिंह ने कहा कि राहुल को देश और देश की दिशा के बारे में कुछ भी पता नहीं है।

### सरकार के पास सेबी से अलग बोलने को कुछ नहीं

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उसके पास हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर सेबी के बयान के बाद कुछ अतिरिक्त बोलने को नहीं है। वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा कि सेबी ने बयान दे दिया है। चेयरपर्सन ने भी बयान दिया है। सरकार को इसपर और कुछ नहीं कहना है। आरोपों के जवाब में बुच दंपति ने रविवार को संयुक्त बयान में कहा था कि ये निवेश 2015 में किए गए थे, जो 2017 में सेबी के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में उनकी नियुक्ति तथा मार्च ,2022 में चेयरपर्सन के रूप में उनकी पदोन्नति से काफी पहले था।

### माधवी बुच इस्तीफा दें, उच्चतम न्यायालय जांच सीबीआई या एसआईटी को सौंपेः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सेबी प्रमुख माधवी बुच के खिलाफ हिंडनबर्ग के आरोपों को लेकर सोमवार को उनके इस्तीफे की मांग की और उच्चतम न्यायालय से आग्रह किया कि वह इस मामले की जांच सीबीआई या एसआईटी को सौंपे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने अदाणी मामले में सेबी के समझौता करने की आशंका जताई और फिर से यह मांग दोहराई कि एक संयुक्त संसदीय समिति ( जेपीसी ) का गठन होना चाहिए ताकि वह मोदानी महा घोटाले की पूरी जांच कर सके क्योंकि यह मामला एक नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री और एक नॉन-बायोलॉजिकल कारोबारी से जुड़ा हुआ है।

# कोर्ट ने कविता की जमानत पर सीबीआई, ईडी से जवाब मांगा

**आबकारी नीति मामला**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत अर्जियों पर सोमवार को सीबीआई और ईडी से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने उक्त मामलों में कविता को जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली हाईकोर्ट के एक जुलाई के फैसले के खिलाफ बीआरएस नेता की याचिकाओं को सुनने पर सहमति जता दी। कविता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ से कहा कि वह पांच महीने से हिरासत में हैं और सीबीआई तथा ईडी आरोप पत्र तथा अभियोजन शिकायत दाखिल कर चुके हैं। अभियोजन शिकायत ईडी के लिए उसी तरह है जिस तरह आरोप पत्र होता है। रोहतगी ने कहा कि इन दोनों मामलों में करीब 500 गवाह थे।

# स्वास्थ्य व्यवसायों पर लागू करें केंद्रीय कानून वरना रहे कार्रवाई के लिए तैयार : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- चार सह-मालिक आज सीबीआई अदालत के समक्ष दायर करेंगे नई जमानत याचिका

सुप्रीम कोर्ट ने स्वास्थ्य देखभाल से संबद्ध व्यवसायों पर 2021 के केंद्रीय कानून लागू न होने पर चिंता व्यक्त करते हुए सोमवार को केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि वे 12 अक्टूबर तक अधिनियम का अनुपालन करें, अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

कोर्ट ने पिछले साल सितंबर में दाखिल जनहित याचिका पर केंद्र, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्ति आयोग (एनसीएएचपी) अधिनियम, 2021 के लागू न होने से नाखुशी थी। एनसीएएचपी अधिनियम देश में संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों द्वारा शिक्षा और सेवाओं के मानकों के विनियमन एवं रखरखाव, संस्थाओं के मूल्यांकन, सहयोगी स्वास्थ्य देखभाल व्यवसायों के केंद्रीय रजिस्टर और राज्य रजिस्टर के रखरखाव का प्रावधान करता है। यह कानून 2021 तक उन सभी संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल व्यवसायों के लिए नियामक निकायों और राज्य-स्तरीय परिषदों की स्थापना का आदेश देता है, जो राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, भारतीय दंत चिकित्सा परिषद और अन्य नियामक निकायों द्वारा शासित और कवर नहीं किए जाते हैं। इस अधिनियम में स्वास्थ्य देखभाल व्यवसाय और चिकित्सा प्रयोगशाला एवं जीवन विज्ञान, अभिघात, बर्न केयर, तथा शल्य चिकित्सा/एनेस्थीसिया संबंधी प्रौद्योगिकी, फिजियोथेरेपी आदि के पेशेवर हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाईचंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने आदेश दिया कि हम केंद्र और राज्यों को दो महीने में कानून लागू करने का निर्देश देते हैं। साथ ही, स्वास्थ्य मंत्रालय दो सप्ताह में बैठक कर इसका खाता तैयार करे।

# न्यायालय ने सेंथिल बालाजी की जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल धनशोधन के एक मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सोमवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और बालाजी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी एवं सिद्धार्थ लूथरा की दलीलें सुनीं। मेहता ने द्रमुक नेता को जमानत देने का विरोध करते हुए कहा कि मुकदमे में देरी पूर्व मंत्री के कारण हो रही है। रोहतगी ने दलील दी कि बालाजी एक साल से जेल में हैं। उन्होंने बालाजी की ओर से कहा कि उस समय आरोप लगाया गया था कि मैं प्रभावशाली व्यक्ति हूं, लेकिन अब मेरे पास विभाग नहीं है। अभी मेरी सर्जरी हुई है। और क्या चाहिए?

# युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में दो लोगों पर मुकदमा

**ठाणे।** नवी मुंबई पुलिस ने युवती से कई बार दुष्कर्म करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। खांडेश्वर थाने के अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने 2021 में हुए दुष्कर्म के लिए रविवार को मुकदमा दर्ज किया। शिकायत के अनुसार, एक आरोपी ने 15 जनवरी, 2021 को नागपुर में युवती से दुष्कर्म किया और 27 जनवरी को दोस्त के साथ मिलकर फिर से दुष्कर्म किया।

# अदालत ने पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा दी

**धोखाधड़ी मामला**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी करने और अन्य पिछड़ा वर्ग व दिव्यांगता के आरक्षण का गलत तरीके से लाभ उठाने के आरोप में आईएएस की पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को सोमवार को गिरफ्तारी से 21 अगस्त तक अंतरिम सुरक्षा प्रदान की।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के साथ ही दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और उनसे जवाब देने को कहा। न्यायमूर्ति प्रसाद ने कहा कि मौजूदा मामलों में तथ्यों पर गौर करते हुए अदालत का यह मानना है कि याचिकाकर्ता को सुनवाई की अगली तारीख तक गिरफ्तार न किया जाए।

# राजमार्ग पार्किंग नहीं, किसानों को मनाए सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**शंभू बॉर्डर**



- 13 फरवरी से प्रदर्शन कर रहे किसानों को सड़क से ट्रैक्टर और ट्रॉलियां हटाने के लिए करें राजी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पंजाब सरकार से कहा कि वह शंभू बॉर्डर पर 13 फरवरी से प्रदर्शन कर रहे किसानों को सड़क से ट्रैक्टर और ट्रॉलियां हटाने के लिए राजी करे। न्यायालय ने कहा कि राजमार्ग पार्किंग स्थल नहीं है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा के पुलिस प्रमुखों को अंतर्राज्यीय शंभू बॉर्डर पर राजमार्ग को आंशिक रूप से फिर से खोलने के लिए एक सप्ताह के भीतर पड़ोसी पटियाला और अंबाला जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। पीठ ने पंजाब सरकार से कहा कि हम निर्देश तो नहीं दे रहे हैं, लेकिन पंजाब सरकार पर दबाव जरूर डाल रहे हैं कि वह किसानों को तुरंत अपने ट्रैक्टर और ट्रॉलियां हटाने के लिए राजी करे। यहां तक कि पार्किंग से भी समस्या होगी। अब, हम इस मुद्दे पर विचार कर रहे हैं और हम इसे तब तक लंबित रखेंगे जब तक कि सभी समस्याओं का कोई सम्मानजनक, सौहार्दपूर्ण और निष्पक्ष और न्यायसंगत समाधान नहीं मिल जाता। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी नहीं चाहता कि किसानों या कृषि समुदाय को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़े। पीठ ने कहा कि आखिरकार, हम भी चिंतित हैं। दोनों राज्य चिंतित हैं और हर कोई इसके बारे में चिंतित है। कोर्ट ने कहा कि पंजाब और हरियाणा के पुलिस महानिदेशकों और पटियाला तथा अंबाला के पुलिस अधीक्षकों के साथ दोनों जिलों के उपायुक्तों को एक सप्ताह में बैठक कर राजमार्ग को शुरुआत में एम्बुलेंस, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, छात्राओं, आवश्यक सेवाओं और आसपास के क्षेत्रों के दैनिक यात्रियों के लिए आंशिक रूप से खोलने की रूपरेखा तय करनी है।

खेल डायरी

### मुशफिकुर और तस्किन बांग्लादेश की टेस्ट टीम में

**ढाका।** पाकिस्तान दौरे के लिए अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम और तेज गेंदबाज तस्किन अहमद को बांग्लादेश की 16 सदस्यीय टेस्ट टीम में जगह दी है। तस्किन इस सीरीज में भी केवल 30 अगस्त को कराची में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए उपबलब्ध होंगे, हालांकि इससे पहले वह 20 अगस्त से शुरू हो रहे दूसरे अनाधिकृत टेस्ट में बांग्लादेश ए टीम का हिस्सा होंगे। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश ए की टीम भी पाकिस्तान दौरे पर है। इस टेस्ट टीम के छह सदस्य बांग्लादेश ए दल का भी हिस्सा हैं और शनिवार को पाकिस्तान पहुंच चुके हैं। 13 अगस्त से शुरू होने वाले पहले चार-दिवसीय मैच में मुशफिकुर और मोमिनुल हक भी खेलेंगे। अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। शाकिब ने पिछले महीने ही ख़ुद को चयन के लिए उपलब्ध बताया था। इस टी में मुशफिकुर, मोमिनुल और शाकिब जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं, जिनके पास कुल 216 टेस्ट मैचों का अनुभव है। तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज स्पिन विभाग की अगुवाई करेंगे।

### स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण यूटीटी से बाहर श्रीजा



**चेन्नई।** भारतीय टेबल टेनिस स्टार श्रीजा अकुला स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग के आगामी सत्र से बाहर हो गई हैं। श्रीजा और दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा ने पेरिस ओलंपिक में व्यक्तिगत स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा था। श्रीजा विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान के साथ भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं। दो बार की राष्ट्रीय चैंपियन अकुला को यूटीटी में जयपुर पैट्रियट्स की ओर से खेलना था लेकिन सोमवार को जारी बयान में इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने सूचित किया कि उन्हें छह हफ्ते आराम करने की जरूरत है। श्रीजा ने कहा मुझे यह साझा करते हुए दुख हो रहा है कि मुझे स्ट्रेस फ्रेक्चर हुआ है और अपने डॉक्टर की सलाह पर मुझे छह हफ्ते आराम करने की जरूरत है, दुर्भाग्य से इसका मतलब है कि मैं यूटीटी में हिस्सा नहीं ले पाऊंगी। यूटीटी का आगामी सत्र 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नई में खेला जाएगा।

### टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड टीम में पांच स्पिनर शामिल

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड ने अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ अगले महीने एक टेस्ट और श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट शृंखला के लिए टीम में पांच स्पिनरों को जगह दी है। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट भारत में ग्रेटर नोएडा में 9 से 13 सितंबर तक खेला जाएगा। वहीं श्रीलंका में दो टेस्ट 18 और 26 सितंबर से शुरू होंगे। अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी कप्तान होंगे जबकि टीम में केन विलियमसन, डेवोन कोंवे, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र जैसे खिलाड़ी भी हैं। कोच गैरी स्टीड ने कहा उपमहाद्वीप के टेस्ट दौरे के लिए कठिन फैसले लेने पड़ सकते हैं। उमस और गर्मी के अलावा पिचों को देखते हुए तेज गेंदबाजों को बाहर रहना पड़ सकता है। टिम और मैने इस पर बात की है और तेज गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के लिए भी यह जरूरी है जिसमें टिम भी शामिल है। स्पिन हरफनमौला मिचेल ब्रासवेल चोट के बाद 18 महीने बाद वापसी कर रहे हैं। उनके साथ मिचेल सेंटनेर, ऐजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स और रविंद्र स्पिन का जिम्मा संभालेंगे।

### जसप्रीत का जू. एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में चयन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित बॉक्सिंग बोर्डिंग अकादमी के खिलाड़ी जसप्रीत का जूनियर एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। अकादमी के मुख्य कोच रोशनलाल ने सोमवार को बताया कि जसप्रीत का चयन 63 किलोग्राम वर्ग में हुआ है। जसप्रीत दुबई में 27 अगस्त से प्रारंभ होने वाली जूनियर एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता 10 सितंबर तक चलेगी। रोशनलाल के अनुसार चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के चयन के लिए रोहतक (हरियाणा) में सात से 11 अगस्त तक ट्रायल आयोजित किया गया था। इसी में प्रदर्शन के आधार पर जसप्रीत का चयन किया गया है। राज्य के खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से यहां टीटीनगर स्टेडियम में बॉक्सिंग बोर्डिंग अकादमी संचालित की जाती है।

## नीरज की स्वदेश वापसी में देरी परामर्श के लिए जर्मनी गए

नई दिल्ली, एजेंसी



● पारिवारिक सूत्र ने दी जानकारी, अगले डेढ़ महीने तक भारत नहीं लौटेंगे भाला फेंक खिलाड़ी चोपड़ा

स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद संभावित सर्जरी के बारे में चिकित्सा सलाह और आगामी डाइमंड लीग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के बारे में निर्णय लेने के लिए जर्मनी रवाना हो गए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

एक पारिवारिक सूत्र ने बताया कि वह जर्मनी के लिए रवाना हो गए हैं और कम से कम एक महीने तक उनके भारत लौटने की संभावना नहीं है। पेरिस में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के सूत्रों ने भी पुष्टि की कि नीरज जर्मनी के लिए रवाना हो गए हैं। एक पारिवारिक ने बताया चोपड़ा जर्मनी के लिए रवाना हो गए हैं और वह अगले डेढ़ महीने तक भारत नहीं लौटेंगे। मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है लेकिन निश्चित रूप से वह वहां (जर्मनी) एक डॉक्टर से परामर्श लेंगे। नीरज ने कहा था कि वह अपनी चोट के संबंध में पेरिस ओलंपिक के बाद चिकित्सकों से परामर्श लेंगे।

## मुक्केबाजों से निराशा, फिर आजमाएंगे जोर

नई दिल्ली, एजेंसी



● जरीन, लवलीना और निशांत देव में कोई भी पोडियम तक नहीं जा सका

निकहत ज़रीन और लवलीना बोरगोहेन जैसे मौजूदा विश्व चैंपियन खिलाड़ियों के बावजूद भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें बिना पदक के वापस लौटना पड़ा।

विजेंदर सिंह के बीजिंग ओलंपिक 2008 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय मुक्केबाजों से ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जाने लगी थी। इसके चार साल बाद एमसी मैरी कॉम ने लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। रियो ओलंपिक 2016 में भारतीय मुक्केबाज पदक नहीं जीत पाए लेकिन तोक्यो ओलंपिक में लवलीना कांस्य पदक हासिल करने में सफल रही थीं। इस परिदृश्य में उम्मीद की जा रही थी कि भारतीय मुक्केबाज पदक जीतने का सिलसिला जारी रखेंगे लेकिन उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। खेल के जानकारों का मानना था कि क्वालीफाई करने वाले छह मुक्केबाजों से दो नहीं तो कम से कम एक पदक की उम्मीद की जा सकती है।

दो बार की विश्व चैंपियन जरीन (50 किग्रा), लवलीना (75 किग्रा) और विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता निशांत देव (71 किग्रा) सभी को पोडियम पर पहुंचने का मजबूत दावेदार माना जा रहा था, लेकिन जब वास्तविक प्रतिस्पर्धा की बात आई तो भारतीय खिलाड़ियों में आवश्यक गति की कमी नजर आई। निशांत को अपवाद माना जा सकता है क्योंकि क्वार्टर फाइनल में विवादास्पद परिणाम के कारण वह पदक से वंचित हो गए। जहां तक जरीन और लवलीना का सवाल है तो वह अपनी मजबूत प्रतिद्वंदियों के सामने संघर्ष करती हुई नजर आई।

# पेरिस का सफर खत्म, लॉस एंजिल्स की तैयारी

### ओलंपिक में उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे बैडमिंटन खिलाड़ी बिना पदक लौटे



लक्ष्य सेन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों का लंदन ओलंपिक (2012) से शुरू हुआ पदक जीतने का सिलसिला 12 साल के बाद पेरिस ओलंपिक में थम गया, जो प्रशंसकों के लिए किसी निराशा की तरह था। लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल के सेमीफाइनल में पहुंच कर पदक की उम्मीद जगाई थी लेकिन सेमीफाइनल और कांस्य के मुकाबले में अच्छी स्थिति में होने के बावजूद उनकी हार चिंताजनक रही।

रियो (2016) और तोक्यो (2021) में पदक जीतने वाली पीवी सिंधू से पेरिस में हैट्रिक की उम्मीद थी तो वहीं सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को पदक का सबसे बड़ा दावेदार माना गया था। इन खिलाड़ियों के साथ पुरुष एकल में एच एस प्रणय और महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी भी दबाव में बिखर गईं। ओलंपिक के पेरिस चक्र के दौरान सरकार की तरफ से बैडमिंटन को भी काफी समर्थन मिला, जिसमें 13 राष्ट्रीय शिविर और 81 विदेशी अनुकूलन दौरे शामिल थे। इनका खर्च टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत किया गया।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के मिशन ओलंपिक सेल ने बैडमिंटन के लिए 72.03 करोड़ रुपये आवंटित किए, जो भारत की ओलंपिक तैयारियों के लिए 16 खेल में खर्च किए गए लगभग 470 करोड़ रुपये में से दूसरी सबसे बड़ी राशि है। इस बड़े निवेश के बावजूद, पेरिस में नतीजे उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहे, जिससे ओलंपिक प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले और मजबूत मानसिकता की अहमियत और बढ़ जाती है। इस दौरान सिंधू को 3.13 करोड़ रुपये की मदद मिली लेकिन वह प्री-क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में नाकाम रही।

विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सात्विक और चिराग की जोड़ी की अप्रत्याशित हार सबसे चौंकाने वाली थी क्योंकि उन्हें स्वर्ण पदक का दावेदार माना जा रहा था। सरकार ने खिलाड़ियों को बड़े पैमाने पर समर्थन दिया था, जिसमें जर्मनी और फ्रांस में सिंधू और लक्ष्य के प्रशिक्षण के लिए क्रमशः 26.60 लाख रुपये और 9.33 लाख रुपये मंजूर किए गए थे। सरकार ने पेरिस चक्र के लिए सात्विक और चिराग की जोड़ी पर कुल 5.62 करोड़ रुपये खर्च किए, लेकिन क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। इस हार के बाद डेनमार्क के उनके कोच माथियास बो ने कोचिंग छोड़ने की घोषणा कर दी। लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले अगले ओलंपिक में यह देखना होगा कि 29 साल की सिंधू फिटनेस बरकरार रखती है या नहीं। सात्विक और चिराग की जोड़ी के साथ ही लक्ष्य पेरिस से मिली सीख का इस्तेमाल कर वापसी करना चाहेंगे। प्रियांशु राजावत और तृषा जॉली एवं गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जैसी उभरती प्रतिभाओं को देखते हुए भारत की बैडमिंटन संभावनाएं अगले चार वर्षों के लिए आशाजनक बनी हुई हैं।



कोच के साथ सात्विक और चिराग।



पीवी सिंधू

**72.03** करोड़ रुपये भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के मिशन ओलंपिक सेल ने बैडमिंटन को दिए

**470** करोड़ रुपये लगभग ओलंपिक तैयारियों के लिए 16 खेल में खर्च किए गए जिसमे से बैडमिंटन को मिली राशि दूसरी सबसे बड़ी राशि है

**26.60** लाख सिंधू और लक्ष्य को 9 .33 लाख रुपये जर्मनी और फ्रांस में प्रशिक्षण के लिए मिले थे

### प्रधानमंत्री ने की भारतीय दल की सराहना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के पेरिस में आयोजित ओलंपिक के समापन पर भारतीय दल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने भारतीय एथलीटों को नायक बताते हुए उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया पेरिस ओलंपिक के समापन पर, मैं खेलों के माध्यम से पूरे भारतीय दल के प्रयासों की सराहना करता हूं। सभी एथलीटों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और हर भारतीय को उन पर गर्व है।

### निशानेबाजों को अभियान पर गर्व होना चाहिए : बिंद्रा

**मुंबई।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा का मानना है कि पेरिस खेलों में भारत के और अधिक निशानेबाजों के पास अपने प्रदर्शन को पदक में बदलने का मौका था लेकिन कुल मिलाकर यह एक ऐसा अभियान था जिस पर उन्हें गर्व होना चाहिए। भारत ने निशानेबाजी में तीन सहित कुल मिलाकर छह पदक जीते। इस दौरान मनु भाकर आजादी के बाद ओलंपिक के एक ही सत्र में दो पदक जीतने वाली देश की पहली खिलाड़ी बनी। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतने के बाद मनु ने सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर

## रोहित, कोहली और बुमराह नहीं खेलेंगे दलीप ट्रॉफी



बेंगलुरु, एजेंसी

रोहित शर्मा, विराट कोहली, आर अश्विन और जसप्रीत बुमराह पांच सितंबर से शुरु होने वाली दलीप ट्रॉफी में नहीं खेलेंगे। इस टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन इस महीने के आखिर में होगा। इस टूर्नामेंट में केएल राहुल और ऋषभ पंत भी हिस्सा ले सकते हैं। शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, सूर्यकुमार यादव और रजत पाटीदार भी चार टीमों के इस टूर्नामेंट का हिस्सा होंगे। दलीप ट्रॉफी में भारत ए, भारत बी, भारत सी और भारत डी नाम की चार टीमें हिस्सा लेंगी।

चोट से उबर रहे मोहम्मद शमी के भी इस टूर्नामेंट में खलने की संभावना है, लेकिन इससे पहले उन्हें फिटनेस साबित करने को कहा जा सकता है। वह फिलहाल एनसीए बेंगलुरु में हैं और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। पांच सितंबर को इस टूर्नामेंट के दो मैच खेले जाएंगे, जिसमें एक मैच अनंतपुर से बेंगलुरु जा सकता है। कर्नाटका क्रिकेट एसोसिएशन ने अनौपचारिक रूप से इन मैचों को कराने के लिए स्वीकृति दे दी है।

इस बार पूर्व कोच राहुल द्रविड़, एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण, मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर और बीसीसीआई के महाप्रबंधक एबे कुरूविला की कमेटी की सलाह पर दलीप ट्रॉफी की संरचना को बदला गया है। चार टीमों के इस टूर्नामेंट में अब प्रत्येक टीम को राउंड रॉबिन के आधार पर तीन मैच खेलने हैं।



### रोहित दो विराट पांच साल खेल सकते है: हरभजन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर खिलाड़ी हरभजन सिंह का मानना है कि विराट कोहली अपनी बेहतरीन फिटनेस के साथ अगले पांच साल तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के व्यस्त कैलेंडर से आसानी से तालमेल बैठा सकते हैं जबकि टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा भी आराम से अगले दो साल तक खेल सकते हैं। हरभजन ने कहा रोहित आसानी से दो साल और खेल सकते हैं। आप विराट कोहली की फिटनेस की तुलना किसी और से नहीं कर सकते हैं। आप उन्हें आसानी से पांच साल तक खेलते हुए देख सकते हैं। वह शायद टीम में सबसे फिट खिलाड़ी हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 700 से अधिक विकेट लेने वाले इस पूर्व ऑफ स्पिनर ने कहा आप किसी भी 19 साल के युवा को फिटनेस के मामले में विराट को टक्कर देने के लिए कह सकते हैं और विराट उसे हरा देंगे। वह इतने फिट है।

## आज होगा विनेश के रजत का फैसला

पेरिस, एजेंसी



● विनेश की अपील पर फैसले का देश कर रहा है इंतजार

भारतीय खेल जगत पेरिस ओलंपिक में अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ पहलवान विनेश फोगाट की अपील पर नतीजे का बेसब्री से इंतजार कर रहा है क्योंकि खेल पंचाट (कैस) सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को अपना फैसला सुनाने के लिए तैयार है।

पिछले मंगलवार को जापान की युई सुसाकी के खिलाफ जीत सहित तीन जीत के साथ महिलाओं की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली विनेश को अंततः स्वर्ण पदक जीतने वाली अमेरिका की सारा हिल्डेब्रांट के खिलाफ खिताबी मुकाबले से बाहर कर दिया गया क्योंकि सुबह वजन करते समय उनका वजन निर्धारित सीमा से 100 ग्राम अधिक पाया गया। इससे स्तब्ध इस पहलवान ने पिछले बुधवार को खेल पंचाट में इस फैसले के खिलाफ अपील की और मांग की कि उसे क्यूबा की पहलवान युस्नेलिस गुजमेन लोपेज के साथ संयुक्त रजत पदक दिया जाए। लोपेज सेमीफाइनल में विनेश से हार गई थी लेकिन बाद में भारतीय पहलवान को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद उन्हें फाइनल में जगह मिली। अयोग्य ठहराए जाने के एक दिन बाद विनेश ने खेल से संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि उसके पास खेल जारी रखने की ताकत नहीं है। खेलों के दौरान विवाद के समाधान के लिए विशेष रूप से स्थापित खेल पंचाट की तदर्थ डिवीजन ने शुक्रवार को विनेश की अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ अपील स्वीकार कर ली थी। विनेश की कानूनी टीम में फ्रांसीसी वकील जोएल मोनलुइस, एस्टेले इवानोवा, हैबिन एस्टेले किम और चार्ल्स एमसन हैं जिन्होंने आवेदन दाखिल करने के दौरान उनकी और भारतीय ओलंपिक संघ की मदद की। उनकी सेवाएं पेरिस बार द्वारा मुहैया कराई गई हैं और वे मामले को निःशुल्क संभाल रहे हैं।

## फाइनल में पहुंचीं अमांडा-जेसिका

टोरंटो, एजेंसी

अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में हवतन आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को पराजित करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना एक और अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला से होगा।

विश्व रैंकिंग में 132वें नंबर की खिलाड़ी अनिसिमोवा ने नवारो को 6-3, 2-6, 6-2 से हराया। मौजूदा चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त पेगुला ने एक अन्य सेमीफाइनल में रूस की 14वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 6-4, 6-3 से हराया। अनिसिमोवा ने पिछले साल टेनिस से मानसिक स्वास्थ्य ब्रेक लिया था। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अभी तक दो डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीते हैं।




<< मैच के दौरान शॉट लगातीं अमांडा अनिसिमोवा।

### नेशनल बैंक ओपन के फाइनल में रुबलेव

**मॉन्ट्रियल।** रूस के पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आंद्रे रुबलेव ने बारिश से प्रभावित मैच में माटेओ अर्नाल्डी को सीधे सेटों में हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। इस साल मैड्रिड और हांगकांग में खिताब जीतने वाले 26 वर्षीय रुबलेव ने अर्नाल्डी को 6-4, 6-2 से हराया। फाइनल में उनका मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन से होगा। पोपिरिन ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को 7-6(0), 6-3 से हराया। इससे पहले रविवार को क्वार्टर फाइनल में पोपिरिन ने चौथी वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्काज़ को 3-6, 7-6(5), 7-5 से और कोर्डा ने दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6(5), 1-6, 6-4 से हराया था।

## श्रीलंका शृंखला से पहले इंग्लैंड के स्टोक्स चोटिल



**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता हंड्रेड में खेलते समय चोटिल हो गए जिससे उनके श्रीलंका के खिलाफ आगामी टेस्ट शृंखला में भाग लेने पर सवालिया निशान लग गया है।

नॉर्दर्न सुपर चार्जस की तरफ से मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ खेलते हुए तेजी से रन चुराने के प्रयास में 33 वर्षीय स्टोक्स के बाएं पांव की मांसपेशियां खिंच गई और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। वह दो रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। अभी तक उनकी चोट की गंभीरता का पता नहीं लगा है और उनके सामने जल्द ही पूरी तरह से फिट होने की चुनौती होगी। स्टोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड ने पिछले महीने वेस्टइंडीज को तीन टेस्ट मैच की शृंखला में 3-0 से हराया था। श्रीलंका के खिलाफ उसका पहला मैच 21 अगस्त से ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा। इस शृंखला का तीसरा और अंतिम मैच छह सितंबर से ओवल में खेला जाएगा।

## द . अफ्रीका-वेस्टइंडीज का टेस्ट मैच ड्रा

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी



विकेट लेने के बाद साथियों संग जश्न मनाते दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज। ● एजेंसी

ऐलेक ऐथनेज की (92) रनों की जुझारु पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 201 रन बनाकर दक्षिण के साथ खेले गए पहले टेस्ट मैच को ड्रा करा दिया। दक्षिण अफ्रीका ने पांचवें दिन दूसरी पारी को तीन विकेट पर 173 रन पर पारी घोषित कर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 298 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और एक समय उसने 64 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। ऐसा लग रहा था दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज केशव महाराज वेस्टइंडीज की दूसरी पारी को जल्द ही समेट देंगे।

कप्तान क्रेग ब्रैथवेट(शून्य), मिकाइल लुईस (9) रन बनाकर आउट हुए। ऐसे संकट के समय ऐलेक ऐथनेज ने पहले केसी कार्टी के साथ मिलकर चौथे विकेट लिए 63 रनों की साझेदारी की। केसी कार्टी (31) और उसके बाद केवम हॉज (29) रन बनाकर आउट हुए। ऐलेक ऐथनेज ने 92 रनों की जुझारू पारी खेली। जेसन होल्डर (31) रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज ने 56.2 ओवर में पांच विकेट पर 201 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से केशव महाराज ने चार विकेट लिए। कगिसो रबाडा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 30 रन से आगे खेलना शुरु किया। टोनी 45 रन एवं एडन मारक्रम 38 रन बनाकर आउट हुये। दोनों ही बल्लेबाजों को जोमेल वारिकन ने आउट किया। ट्रिस्टन स्टब्स ने 68 रनों की शानदार पारी खेली। उन्हें केमार रोच ने बोल्ड आउट किया। स्टब्स के आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने तीन विकेट पर 173 रन पर पारी घोषित कर दी। और वेस्टइंडीज को पहली पारी की 124 रनों की बढ़त और दूसरी के 173 रनों के आधार पर जीत के लिए 298 रनों का लक्ष्य दिया। वेस्टइंडीज की ओर से जोमेल वारिकन ने दो विकेट लिए।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### लंदन : चाकू से हमले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**लंदन।** मध्य लंदन में 11 वर्षीय एक बच्चे और 34 वर्षीय एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस के मुताबिक, घटना लेस्टर स्क्वायर पर हुआ, जहां साल के इस समय पर्यटकों की भारी भीड़ होती है।

### परमाणु वार्ता फिर से शुरू करने पर की चर्चा

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने रविवार को 2015 के परमाणु समझौते के पुनरुद्धार पर वार्ता बहाल करने को लेकर चर्चा की। ईरानी राष्ट्रपति के कार्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान के अनुसार, एक फोन कॉल में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ साझा हित के क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

### ऑस्ट्रेलिया की संसद को संबोधित करेंगे करण-रानी

**मुंबई।** अभिनेत्री रानी मुखर्जी और फिल्म निर्देशक करण जौहर मेलबर्न में 15वें इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न से पहले ऑस्ट्रेलिया की संसद को संबोधित करेंगे। आयोजकों ने सोमवार को यह जानकारी दी। करण जौहर और रानी मुखर्जी 13 अगस्त को संसद को संबोधित करेंगी।

### ईरान के उपराष्ट्रपति जरीफ पद से देंगे इस्तीफा

**तेहरान।** सरकार के गठन पर मतभेद से ईरान के उपराष्ट्रपति जरीफ इस्तीफा देंगे। जरीफ को गत 02 अगस्त को ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने रणनीतिक मामलों के लिए उपराष्ट्रपति नियुक्त किया था। कयास लगाए जा रहे हैं कि जरीफ़ के इस्तीफ़े का कारण देश के नए मंत्रिमंडल की संरचना पर असहमति हो सकती है।

### चीनी नृत्यांगना ने अपनी प्रस्तुति से रचा इतिहास

**बीजिंग।** स्कूली छात्रा लेई मुजी (13) ने रविवार को प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना लीला सैमसन, भारतीय राजनयिकों और बड़ी संख्या में चीनी प्रशंसकों के समक्ष अपनी नृत्य प्रस्तुति दी। भारतीय शास्त्रीय कला और नृत्य शैलियों को सीखने और प्रदर्शन के लिए दशकों तक जीवन समर्पित करने वाले उत्साही चीनी प्रशंसकों के लिए मंच पर उनका पदार्पण एक ऐतिहासिक क्षण और मील का पत्थर था, क्योंकि यह चीन में पहली बार अरंगेत्रम- भरतनाट्यम का दीक्षांत समारोह था।

### काबुल में बम धमाके में एक की मौत और 11 घायल

**इस्लामाबाद।** काबुल में एक मिनीवैन में बम धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने सोमवार को एक बयान में कहा कि रविवार को शिया अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को निशाना बनाते हुए विस्फोटक उपकरण से धमाका किया। इसमें घायल और मारे गए लोगों की संख्या 13 बताई।

# भारत के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होगी नेपाल की जमीन

**काठमांडू, एजेंसी**

- नेपाल के गृहमंत्री ने भारतीय विदेश सचिव को दिया आश्वासन

नेपाल के गृहमंत्री रमेश लेखक ने सोमवार को कहा कि नेपाली जमीन का इस्तेमाल उसके पड़ोसियों के खिलाफ गतिविधि के लिए नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने भारत को आश्वासन दिया कि नेपाल पड़ोसी देश के खिलाफ ऐसी किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगा।

गृह मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि मंत्री लेखक ने यह आश्वासन भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ अपनी बैठक के दौरान दिया, जिन्होंने दोनों देशों के द्विपक्षीय हितों और अन्य विषयों पर चर्चा करने के लिए शिष्टाचार भेंट की। इससे पूर्व भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपने नेपाली समकक्ष सेवा लमसल, उप प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह और कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की तथा उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की।

### ओली ने मोदी को दिया नेपाल आने का निमंत्रण

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अपने भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी को नेपाल की आधिकारिक यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। ओली ने भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री के माध्यम से यह निमंत्रण दिया।

# अमेरिका में भारत के नए राजदूत क्वात्रा पहुंचे वाशिंगटन

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत नियुक्त किए गए विनय मोहन क्वात्रा सोमवार को अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन पहुंचे। क्वात्रा (61) हाल तक भारत के विदेश सचिव थे। वह तरनजीत सिंह संधू का स्थान लेंगे, जो इस साल की शुरुआत में विदेश सेवा से सेवानिवृत्त हुए और 2020 से 2024 तक अमेरिका में भारत के शीर्ष राजनयिक के रूप में कार्य किया। उप राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने 'एक्स' पर कहा कि अमेरिका में भारत के नए राजदूत के रूप में राजदूत विनय मोहन क्वात्रा का स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है। हम सभी (भारतीय दूतावास में) उनके नेतृत्व में काम करने के लिए उत्साहित हैं।

# तिरंगे ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया

राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की एक लंबी और समृद्ध यात्रा रही है। देश की आजादी में तिरंगे का अत्यधिक महत्व रहा है। स्वाधीनता संग्राम का प्रतीक होने के साथ ही राष्ट्रीय ध्वज ने आजादी की लड़ाई और राष्ट्रीय एकता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देश की आज़ादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया है। जिसके तहत 13 से 15 अगस्त के बीच लोग घरों-मुहल्ले में तिरंगा फहराएंगे। आइए जानते हैं इस यात्रा के कुछ पहलू...।

### विरासत का प्रतिनिधित्व

- **स्वतंत्रता का प्रतीक :** तिरंगा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक बन गया और देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **एकता का प्रतीक :** तिरंगा भारतीय एकता का प्रतीक है, जो देश के विभिन्न समुदायों और क्षेत्रों को एक साथ जोड़ता है।
- **सांस्कृतिक विरासत :** तिरंगा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो देश के इतिहास और परंपराओं को दर्शाता है।
- **राष्ट्रीय गौरव :** तिरंगा भारतीयों के लिए राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है, जो देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता को दर्शाता है।
- **स्वतंत्रता सेनानियों की याद :** तिरंगा उन स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाता है जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

### विस्तृत और समृद्ध यात्रा

- **1906 :** सबसे पहले तिरंगे का अविष्कार बंगाल के एक क्रांतिकारी ने किया था, जिसमें लाल, पीले और हरे रंग की पट्टियां थीं।
- **1916 :** पिंगली वेंकैया ने एक नए डिजाइन का प्रस्ताव दिया, जिसमें केसरिया, सफेद और हरे रंग की पट्टियां थीं।
- **1921 :** महात्मा गांधी ने चरखा (स्पिनिंग व्हील) को शामिल करने का सुझाव दिया।
- **1931 :** कांग्रेस ने तिरंगे को अपनाया, जिसमें केसरिया, सफेद और हरे रंग की पट्टियां थीं।
- **1947 :** स्वतंत्रता के बाद, तिरंगे को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया।
- **1950 :** अशोक चक्र को शामिल करने के लिए डिजाइन में संशोधन किया गया।
- **1951 :** तिरंगे के उपयोग के लिए दिशा निर्देश तय किए गए।
- **1971 :** तिरंगे को युद्ध और सैन्य बेड़े में शामिल किया गया।
- **2002 :** तिरंगे के उपयोग के लिए दिशा निर्देशों में संशोधन किया गया।

# हिंदुओं पर हमले, सड़क पर उतरे लोग

## बांग्लादेश को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन से तत्काल निर्णायक कदम उठाने की अपील

**ह्यूस्टन, एजेंसी**

बांग्लादेश में इस्लामी चरमपंथियों द्वारा हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाकर किए गए जघन्य कृत्यों के खिलाफ प्रदर्शन के लिए 300 से अधिक भारतीय-अमेरिकी और बांग्लादेशी मूल के हिंदू रविवार सुबह ह्यूस्टन के शुगर लैंड सिटी हॉल में एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से अपील की कि वह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार को रोकने और कमजोर समुदायों की रक्षा करने के लिए निर्णायक कदम उठाएं।

हिंदू समुदायों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं में हालिया वृद्धि क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए एक गंभीर खतरा बन गई है। प्रदर्शन के आयोजकों ने बांग्लादेश में सभी धार्मिक अल्पसंख्यकों की तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की और बाइडन प्रशासन से आग्रह किया कि वह मानवता के खिलाफ हो रहे इन जघन्य अपराधों के दौरान मूकदर्शक न बना रहे। आयोजकों ने बांग्लादेशी हिंदुओं को सतर्क रहने, ताजा स्थिति पर नजर रखने और किसी भी आपात स्थिति में मिलकर आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। 'बांग्लादेश में हिंदुओं को बचाओ' प्रदर्शन का आयोजन 'ग्लोबल वॉयस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटीज' ने किया। यह ह्यूस्टन के प्रमुख हिंदू समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाला प्रमुख संगठन है, जिसमें मैत्री, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ऑफ अमेरिका, हिंदूएक्शन, हिंदूपैक्ट, ह्यूस्टन दुर्गाबाड़ी सोसाइटी, इस्कॉन, ग्लोबल कश्मीरी पंडित डायस्पोरा और कई अन्य समूह शामिल हैं। विहिप ऑफ अमेरिका और हिंदू एक्शन का प्रतिनिधित्व करने वाले अचलेश अमर ने कहा कि हम हिंदू समुदाय पर उनकी बहुलवादी आस्था के लिए किए गए हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हम बांग्लादेश में अपने भाइयों-बहनों के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

### प्रदर्शनकारी एक सप्ताह में अवैध हथियार जमा करें

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) एम सखावत हुसैन ने सोमवार को प्रदर्शनकारियों से 19 अगस्त तक सभी अवैध और अनधिकृत हथियार जमा करने को कहा, जिनमें हालिया हिंसा के दौरान एजेंसियों से लूटी गई राइफल भी शामिल हैं। तय तिथि के बाद अधिकारी तलाशी अभियान चलाएंगे, किसी के पास अनधिकृत शस्त्र पाए जाते हैं तो कार्रवाई होगी।



बांग्लादेश के ढाका में आयोजित एक विरोध रैली में मौजूद हिंदू समुदाय के लोग।। • एजेंसी

### त्रिपुरा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**अगरतला।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के प्रवक्ता ने बताया कि 12 से 15 बांग्लादेशियों का एक समूह दिन के समय खराब मौसम और क्षेत्र में कम दृश्यता का फायदा उठाकर जिले की पहरमुरा सीमा चौकी क्षेत्र से सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था। घुसपैठ को रोकने के लिए जवानों ने एक गोली भी चलाई।

### सीमाओं का भेद न हो : आईएमएसडी

**नई दिल्ली।** इंडियन मुस्लिम्स फॉर सेक्युलर डेमोक्रेसी (आईएमएसडी) ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदायों पर हमलों की कड़ी निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि सांप्रदायिकता उपमहाद्वीप की समस्या है और इससे मुकाबला करने के लिए सीमाओं का भेद नहीं रखना चाहिए।

### बांग्लादेश में जन्माष्टमी पर हिंदू समुदाय को दी जाएगी सुरक्षा

**ढाका।** बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरों के बीच देश की अंतरिम सरकार ने सोमवार को कहा कि वह हिंदू समुदाय के आगामी जन्माष्टमी समारोह के दौरान सभी आवश्यक सुरक्षा प्रदान करेगी। गृह मामलों के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) सखावत हुसैन ने कहा कि 26 अगस्त को जन्माष्टमी समारोह के दौरान सभी आवश्यक सुरक्षा प्रदान की जाएगी। हुसैन ने कहा कि वह दुर्गा पूजा के लिए अंतरिम सरकार से तीन दिवसीय सार्वजनिक अवकाश की सिफारिश करेंगे। अक्टूबर में दुर्गा पूजा मनाई जाएगी।

# प. एशिया: परमाणु पनडुब्बी की तैनाती करेगा अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका ने यूएसएस जॉर्जिया परमाणु पनडुब्बी को पश्चिम एशिया में तैनात करने और अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत की तैनाती में तेजी लाने का आदेश दिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय 'पेंटागन' ने रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की इजराइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट के साथ बातचीत के बाद रविवार को यह जानकारी दी।

कहा कि रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने एफ-35सी लड़ाकू विमानों से लैस यूएसएस अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को केंद्रीय कमान क्षेत्र में पारगमन में तेजी लाने का आदेश दिया है, जो यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की ओर से पहले से प्रदान की जा रही क्षमताओं में इजाफा करेगा। पेंटागन ने बताया कि रक्षा मंत्री ने यूएसएस जॉर्जिया (एसएसजीएन 729) निर्देशित मिसाइल पनडुब्बी को मध्य कमान क्षेत्र में भेजने का भी आदेश दिया है।

### हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल में दागे रॉकेट

**लेबनान।** दक्षिणी लेबनान के गांवों पर इजराइली हमलों के जवाब में हिजबुल्ला ने सोमवार सुबह उत्तरी इजराइल में एक सैन्य अड्डे पर लगभग 30 कत्युशा रॉकेट दागे। गनीमत रही कि रॉकेट हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ है।

### युद्ध विराम की वार्ता में शामिल नहीं होगा हमास

**गाजा।** फिलीस्तीनी आंदोलन हमास ने गाजा पट्टी में युद्ध विराम पर इजराइल के साथ 15 अगस्त को होने वाली अंतिम वार्ता में भाग लेने के लिए अमेरिका, कतर और मिस्र के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है। यह जानकारी एक्सियोस पोर्टल ने रिपोर्ट में हमास के बयान का हवाला देते हुए दी है।

### सैन्य अभ्यास शुरू करेंगे दक्षिण कोरिया-अमेरिका

**सियोल।** दक्षिण कोरिया और अमेरिका, उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु खतरों से निपटने की संयुक्त क्षमताओं में सुधार पर ध्यान केंद्रित करते हुए अगले सप्ताह अपना वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू करेंगे। दोनों देशों ने सोमवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने कहा कि 19 से 29 अगस्त तक होने वाले उल्ची फ्रीडम शील्ड अभ्यास में मिसाइलों, जीपीएस जैमिंग और साइबर हमलों के खिलाफ तैयारी मजबूत करने वाले अभ्यास शामिल होंगे।

# भारत-श्रीलंका नौका सेवा 16 को फिर से शुरू

**कोलंबो।** भारत और श्रीलंका के बीच यात्री नौका सेवा का परिचालन 16 अगस्त को श्रीलंका के कांकेसंथुराई और तमिलनाडु के नागापट्टिनम के बीच फिर से शुरू किया जाएगा। नौका परिवहन कंपनी इंडश्री फेरी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड ने सोमवार को यह जानकारी दी। ऑनलाइन टिकटों की बिक्री 13 अगस्त की मध्यरात्रि से नागापट्टिनम बंदरगाह पर शुरू होगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक एस. निरंजन नंदगोपन ने कहा कि हमारा यात्री जहाज शिवगंगा दोनों देशों के बीच नौका सेवाओं को फिर से शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# अनंतनाग में आतंकियों की तलाश का दायरा बढ़ाया

**श्रीनगर, एजेंसी**

- सुरक्षाबलों का खोज अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के वन क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रहा और सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खात्मे के लिए तलाशी क्षेत्र का दायरा बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शनिवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो सैनिक शहीद हो गए थे और एक अन्य व्यक्ति की जान चली गई थी, जिसके बाद अनंतनाग जिले के अहलान गगरमांडू वन क्षेत्र में आतंकवादियों के खात्मे के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया।

भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण हालात के बावजूद आतंकवादियों को पकड़ने के लिए अभियान तीसरे दिन भी जारी है। सुरक्षा बलों ने अहलान गगरमांडू जंगल में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद शनिवार को घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया था।

# यूक्रेन के कमांडर का कुर्स्क के बड़े हिस्से पर नियंत्रण का दावा

**कीव।** यूक्रेन के सैन्य कमांडर ने कहा है कि उनकी सेना ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में लगभग 1,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर नियंत्रण बना लिया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी सोमवार को पहली बार पुष्टि की कि यूक्रेनी सैन्य बल रूस के कुर्स्क क्षेत्र में अभियान पर हैं। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में देश के सैनिकों और कमांडरों की उनकी दृढ़ता और निर्णायक कार्रवाई के लिए‍ प्रशंसा करते हुए यह बात कही।

# पूर्व आईएसआई प्रमुख सैन्य हिरासत में

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

- आवास योजना घोटाले के सिलसिले में हुई कार्रवाई

पूर्व आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) फैज हमीद को आवास योजना घोटाले के सिलसिले में कोर्ट मार्शल से पहले सेना ने गिरफ्तार कर लिया है। पाकिस्तान की सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए, लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद (सेवानिवृत्त) के खिलाफ टॉप सिटी मामले में शिकायतों की सत्यता का पता लगाने के लिए एक विस्तृत जांच की गई थी। इसके परिणामस्वरूप, पाकिस्तान सेना अधिनियम के प्रावधानों के तहत लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद (सेवानिवृत्त) के खिलाफ उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। सेना ने कथित तौर पर इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के प्रमुख के खिलाफ पद के दुरुपयोग के आरोपों की जांच के लिए अप्रैल में एक जांच समिति गठित की थी। लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) हमीद को 2019 से 2021 तक जासूसी एजेंसी का नेतृत्व करते समय बेहद शक्तिशाली माना जाता था।

### बुशरा बीबी की जमानत याचिका खारिज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आतंकवाद रोधी एक अदालत ने पिछले वर्ष नौ मई को हुई हिंसा से जुड़े 12 मामलों में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। अदालत के न्यायाधीश मलिक एजाज आसिफ ने बुशरा बीबी की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि बुशरा बीबी के मामले में गहन जांच की जरूरत है।

## बॉलीवुड हलचल

# कैंसर का दौर बहुत कठिन था: मनीषा कोइराला

**मुंबई।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से उबर चुकीं अभिनेत्री मनीषा कोइराला का कहना है कि आज युवाओं के लिए स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। वह नहीं चाहतीं कि किसी को भी कैंसर जैसी बीमारी का सामना करना पड़े। मनीषा कोइराला (53) को 2012 में ओवेरियन कैंसर का पता चला था और लंबे उपचार के बाद 2014 में उन्हें कैंसर मुक्त घोषित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी या स्वास्थ्य समस्या को मात देने के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। कोइराला ने कहा, आज के समय में युवा पीढ़ी को बहुत सारी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें उचित स्वास्थ्य योजना बनानी चाहिए। मैं भी एक कैंसर रोगी थी, जो जागरूकता की वजह से बच गई। कोइराला ने एजेंसी से कहा, अगर मैं कैंसर को हरा सकती हूं, तो कोई और क्यों नहीं? जब मुझे कैंसर होने का पता चला तो मेरे लिए बहुत मुश्किल समय था। मैं नहीं चाहती कि किसी को भी इस तरह की बीमारी का सामना करना पड़े।

### फिल्म किंग के लिए वजन कम करेंगे शाहरुख



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान अपनी आने वाली फिल्म किंग के लिये वजन कम करेंगे। सिद्धार्थ आनंद की कंपनी मारफ्लिक्स पिक्चर्स और शाहरुख खान की होम प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की आने वाली फिल्म किंग में शाहरुख खान और उनकी बेटी सुहाना की मुख्य भूमिका है। फिल्म किंग में अभिषेक बच्चन की भी एंट्री हो गई है। फिल्म किंग का निर्देशन सुजॉय घोष करेंगे।फिल्म किंग में जोरदार एक्शन देखने को मिलेगा। शाहरुख खान ने कहा कि मेरी अगली फिल्म किंग है, जिसमें मैं नजर आऊंगा। इस फिल्म पर मुझे काम शुरू करना है। अपना वजन भी कम करना पड़ेगा। इस बार मुझे अपने कंफर्म जोन से बाहर जाने की जरूरत है, जिससे एक्शन सीन्स करने के बाद मेरा दर्द किसी को दिखाई न दें। यह सब बहुत ही दर्दनाक होता है। एक्शन मुश्किल है, आपको इसे सीखना पड़ता है और कुछ खतरनाक स्टंट डबल्स करते हैं।

### पाकिस्तानी मशहूर गायिका हानिया असलम का निधन

**मुंबई।** पाकिस्तान की मशहूर गायिका हानिया असलम का इंतकाल (निधन) हो गया है। उनकी रिश्ते की बहन और संगीतकार जेब़ बंगश ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। असलम को कोक स्टूडियो के लैली जान, बीबी सनम, पैमोना और चुप जैसे गानों के लिए जाना जाता है। बंगश ने इंस्टाग्राम पर हानिया की तस्वीरें साझा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पुष्टि की कि रविवार को उनका इंतकाल हुआ। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, असलम की मौत दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुई है।

## खगोल विज्ञान

### दूसरे ग्रहों पर जीवन की तलाश में नासा ने लोगों को दिया आमंत्रण


# नासा के साथ ग्रहों की खोज कर सकेंगे आम नागरिक

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** खगोल विज्ञान के प्रति दिलचस्पी रखने वाले नागरिक अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के साथ मिलकर परग्रहियों (बाहरी ग्रह) की खोज में शामिल हो सकते हैं। नासा के वैज्ञानिक परग्रहियों की खोज को लेकर ट्रांजिट विधि (पारगमन) का परीक्षण देंगे। खुली विज्ञान नीति के जरिए नासा ने एक्सोप्लैनेट विज्ञान से जुड़ने का मार्ग आम लोगों के लिए खोला है।

हमारे अपने सौर परिवार का एकमात्र ग्रह पृथ्वी है, जहां जीवन है। अन्य ग्रह जीवन योग्य नही हैं। हालांकि सूक्ष्म जीवन के संकेत कुछ ग्रहों के चांद पर मिलते रहे हैं। मगर वास्तविकता यह है कि लाख प्रयास के बाद भी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। अभी तक 5000 से अधिक एक्सोप्लैनेट की खोज की जा चुकी है। जिसके चलते वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आकाश में प्रत्येक तारे के लिए कम से कम एक एक्सोप्लैनेट मौजूद है। जिनकी तलाश आम लोगों के जरिए खत्म की जा सकती है। नासा के खगोल भौतिकी मिशन के तहत नैन्सी ग्रेस रोमन स्पेस टेलीस्कोप और हैबिटेबल वर्ल्ड्स ऑब्जर्वेटरी बाहरी ग्रहों की खोज में लगाई जाएगी, जो हमारे सौर मंडल के बाहर के ग्रहों की खोज में मदद करेगी। नासा के एक्सोप्लैनेट अनुसंधान का नागरिक विज्ञान के साथ लंबा जुड़ाव रहा है। नासा के ट्रांजिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट मिशन और केपलर मिशन ने अधिकांश एक्सोप्लैनेट की खोज की है।

एक्सोप्लेनेट वॉच के प्रोजेक्ट लीड व प्रोजेक्ट साइंटिस्ट, एस्ट्रोफिजिसिस्ट रॉब ज़ेलेम के अनुसार दुनिया भर में कोई भी व्यक्ति जिसके पास स्मार्टफोन या लैपटॉप है, वह ब्रह्मांड के बारे में और अधिक जानने में हमारी मदद करने के लिए इन नागरिक विज्ञान प्रयासों में पूरी तरह से भाग ले सकता है। बाहरी ग्रहों की खोज में बड़ी संख्या में लोगों का वैज्ञानिकों के साथ शामिल होना जरूरी है। तभी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश आसान हो सकेगी।


अपने तारे के साथ ग्रह की काल्पनिक तस्वीर।

### 2027 तक लॉन्च होने की उम्मीद

रोमन एंड हैबिटेबल वर्ल्ड्स ऑब्ज़र्वेटरी नागरिक विज्ञान के लिए अधिक संभावनाए प्रदान करते हैं। इसके मई 2027 तक लॉन्च होने की उम्मीद है। रोमन प्रत्यक्ष इमेजिंग, पारगमन और गुरुत्वाकर्षण माइक्रोलेंसिंग के माध्यम से एक्सोप्लैनेट की खोज करेगा। इसके बाद हैबिटेबल वल्ड्र्स ऑब्ज़र्वेटरी संभावित रूप से रहने योग्य ग्रहों को खोजने और उनके वायुमंडल का अध्ययन करेगा।